CMYK

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 14°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, रविवार 9 नवम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 345 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 17 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में 50 लाख से ज्यादा मतदाताओं का नाम एक से अधिक मतदान केंद्रों पर होने की आशंका पेज 2



भारत ने 2-1 से जीती सीरीज, अभिषेक बने प्लेयर ऑफ द सीरीज खेल टाइम्स



तुर्की की अदालत ने जारी किया नेतन्याहू का गिरफ्तारी वारंट पेज 11



अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक बॉलीवुड

## अविवाहित बेटी पिता से गुजारा-भत्ता नहीं ले सकती: केरल हाईकोर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने कहा ईसाई धर्म मानने वाली अविवाहित बेटी अपने पिता से गुजारा-भत्ता लेने का दावा नहीं कर सकती। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्रिश्चियन पर्सनल लॉ में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। जबकि मुस्लिम पर्सनल लॉ और हिंदू दत्तक एवं भरण-पोषण अधिनियम (एचएएमए) में ऐसा हक मौजूद है। केरल हाईकोर्ट के जस्टिस डा. कौसर एडप्पागथ की बेंच ने 29 अक्टूबर की एक याचिका पर सुनवाई की, जिसमें 65 वर्षीय ईसाई व्यक्ति ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें उसे अलग रह रही पत्नी को हर महीने 20,000 रुपये और 27 साल की अविवाहित बेटी को 10,000 रुपये भरण-पोषण देने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसकी बेटी याचिका दायर होने के समय बालिग थी, इसलिए वह भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं है। साथ ही उसने कहा कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर अलग रहती है और आर्थिक रूप से सक्षम है।

# प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम 300 साल पुराना

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: इससे प्रॉपर्टी खरीदना सदमे जैसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जमीन की रजिस्ट्री और जमीन के मालिकाना के ढांचे में बुनियादी सुधार की जरूरत बताई है। कोर्ट ने कहा कि ब्रिटिश राज के समय के कानूनों पर टिके मौजूदा ढांचे ने भ्रम, अकुशलता और बड़े स्तर पर मुकदमे पैदा किए हैं।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जायमाल्या बागची की बेंच ने सुझाव दिया कि ये समस्याएं खत्म करने के लिए सरकार ब्लॉकचेन जैसी टेक्नोलॉजी इस्तेमाल करने पर विचार करे। साथ ही, विधि आयोग को इस पर विस्तृत अध्ययन करने को कहा। आयोग से केंद्र, राज्य सरकारों, विशेषज्ञों और अन्य संबंधित पक्षों से रायशुमारी करके रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम तीन सौ साल पुराने कानूनों से संचालित है। ये अलग दौर में बने थे। लेकिन, आज भी रीढ़ बने हुए हैं। इन कानूनों ने स्वामित्व और रजिस्ट्रेशन के बीच असमानता बना रखी है। कोर्ट ने बिहार रजिस्ट्रेशन रूल्स, 2008 का नियम 19 रद्द करते हुए ये टिप्पणियां कीं। कोर्ट ने कहा जमीन रजिस्ट्रेशन का पुराना तरीका संपत्ति खरीदने-बेचने को मुश्किल और उलझा हुआ बनाता है। संपत्ति खरीदना कभी आसान नहीं, बल्कि सदमे जैसा है। दीवानी मामलों में करीब 66 फीसदी विवाद संपत्ति से जुड़े हैं।

**हमें नए ढंग से सोचना होगा, विकल्प तलाशने होंगे**



### अकोला दंगा: सीजेआई के पास जाएगा मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अकोला दंगा मामले में महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर स्प्लिट वर्डिक्ट (मतभेद वाला फैसला) सुनाया। सरकार ने याचिका में विशेष जांच दल (एसआईटी) में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के पुलिस अधिकारियों को शामिल करने के निर्देश की समीक्षा मांगी थी। सरकार ने याचिका में कहा था कि पुलिस को धार्मिक आधार पर बांटना राज्य की धर्मनिरपेक्ष नीतियों के खिलाफ है। पुलिसवाले का कोई धर्म नहीं होता।

# रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव हैं वंदे भारत ट्रेनें: मोदी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं।

श्री मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश भर में चार नई वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि दुनिया भर के विकसित देशों में, आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर रहा है। जिन भी देशों में बड़ी प्रगति, बड़ा विकास हुआ है, उनके आगे बढ़ने के पीछे बहुत बड़ी शक्ति वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की है। उन्होंने कहा कि आज भारत भी बहुत तेज गति से विकास के रास्ते पर चल रहा है। इसी कड़ी में, आज देश के अलग-अलग हिस्सों में नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हो रही है। काशी से खजुराहो वंदेभारत के अलावा, फिरोजपुर-दिल्ली वंदेभारत, लखनऊ- सहारनपुर वंदेभारत और एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदेभारत, इसको भी हरी झंडी दिखाई गई है। इन चार नई ट्रेनों के साथ ही, अब देश में एक सौ साठ से ज्यादा नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन होने लगा है।



■ पीएम ने वाराणसी से देशभर में चार नई वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## कुपवाड़ा में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि सतर्क सैनिकों ने शुक्रवार देर रात नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

# संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सत्र में केवल 15 बैठकें होंगी

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू होकर 19 दिसम्बर तक चलेगा और इस अपेक्षाकृत संक्षिप्त सत्र के दौरान केवल 15 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में शीतकालीन सत्र की घोषणा करते हुए इसके रचनात्मक और सार्थक रहने की उम्मीद जताई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हम एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा करते हैं, जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत करेगा और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। बिहार विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद हो रहे इस सत्र पर चुनाव परिणामों का स्पष्ट असर दिखाई देगा और जहां सरकार निर्धारित विधायी एजेन्डे को पूरा करने की भरपूर कोशिश करेगी वहीं विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरेगा। इस संक्षिप्त सत्र में सरकार विभिन्न समितियों के पास लंबित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक 2025, संघ राज्य क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 को पारित कराना चाहेगी। इसके अलावा अन्य विधेयकों को पारित कराने के लिए भी सरकार विपक्ष को विश्वास में लेने की कोशिश करेगी।






## संक्षिप्त समाचार

### विकास-विश्वास की नई गाथा लिखने को तैयार है बिहार: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बिहार में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करने से पहले कहा है कि बिहार की तपोभूमि विकास और विश्वास की नई गाथा लिखने को तैयार है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शनिवार को लिखा है कि बिहार भारत की आत्मा का स्वर है। यहां आकर भारत की आत्मा से साक्षात्कार की अनुभूति होती है। योगी ने कहा कि आज सत्याग्रही भूमि पूर्वी चंपारण और तपोभूमि गया जी की विकासप्रिय जनता-जनार्दन से संवाद करूंगा। उन्होंने कहा है कि बिहार की जनता एक बार फिर भाजपा-एनडीए सरकार के साथ विकास और विश्वास की नई कहानी लिखने को तैयार है। गौरतलब है कि बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर घमासान तेज हो गया है।

### एक मंच पर दो नेता जंगलराज रिटर्न्स 2.0: केशव मौर्य

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान वार-पलटवार के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब ये दोनों नेता एक साथ एक मंच पर दिखते हैं, तो जंगलराज रिटर्न्स 2.0 दिखाई देता है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया और महागठबंधन पर तीखा हमला किया। डिप्टी सीएम ने लिखा कि जब श्री तेजस्वी यादव और श्री राहुल गांधी एक साथ मंच साझा करते हैं, तो यह दृश्य किसी चुनावी गठबंधन से अधिक जंगलराज रिटर्न्स 2.0 की पटकथा जैसा लगता है।

# मैं निहत्था और बिहार में जंगलराज

## चुनाव में न जाने पर आजम खांन ने व्यक्त की दिल की पीड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी की ओर से स्टार प्रचारक घोषित होने के बाद भी सपा के दिग्गज नेता आजम खान बिहार चुनाव में नहीं गए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपने चिर परिचित अंदाज में इसकी वजह भी बताई और कहा कि वहां जंगल राज है और मैं निहत्था। ऐसे में वह जंगल में कैसे जा सकते हैं।

उन्होंने जस्टिस लोया का उदाहरण दिया और कहा कि इस जंगल में तो जज भी सुरक्षित नहीं है। आजम खान ने पीएम मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर भी हमला बोला और कहा कि जो लोग 20 साल सत्ता में हैं, फिर भी जंगलराज की बात कर रहे हैं, उन्हें डूब मरना चाहिए। एक मीडिया एजेंसी से बात करते हुए आजम खान ने रामपुर से एक विधायक पर करारा प्रहार किय और कहा कि उनके पूर्वज हथियार बेचते थे। 50 साल पहले उनके पूर्वजों को रामपुर मेड पिस्टल से भरे बक्से के साथ ट्रेन में पकड़ा गया था। बावजूद इसके वह कई बार विधायक बने और केंद्र से जेड श्रेणी सिक्योरिटी भी पा लिए। उन्होंने कहा कि वह तो इन लोगों से भी गए गुजरे हैं। इसी के साथ उन्होंने व्यंग्य कसते हुए कहा कि हम तो मुर्गी चोर, बकरी चोर, शराब की दुकान लूटने वाले और किताब चोर हैं। आजम खान ने वाई श्रेणी सिक्योरिटी वापस करने पर बयान दिया और कहा कि उन्हें आज तक सुरक्षा देने संबंधी कोई भी लिखित आदेश नहीं मिला है। चूंकि सिक्योरिटी उन्हें हवा में मिली थी, इसलिए उन्होंने हवा में ही उसे वापस भी कर दी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज तक न तो कोई कान्स्टेबल मिला, न ही किसी दरोगा का नाम बताया गया, लेकिन अखबारों में इस संबंध में खबर जरूर पढ़ने को मिली। उन्होंने कहा कि लोग एक बार गांव का प्रधान भी बन जाते हैं तो उनकी कोठियां खड़ी हो जा रही हैं, लेकिन वह नेता प्रतिपक्ष रहने के बाद भी अपने लिए एक कोठरी नहीं बना सके।

# यूपी में 50 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम एक से अधिक मतदान केंद्र पर होने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो



उप्र चुनाव आयोग से जुड़े एक अफसर ने दी जानकारी

**लखनऊ।** उप्र में 2026 के पंचायत चुनावों के लिए 12 करोड़ मतदाताओं वाली मतदाता सूची का पुनरीक्षण राज्य चुनाव आयोग के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

आयोग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों को संदेह है कि राज्य में 50 लाख से ज्यादा मतदाता ऐसे हैं जिनके नाम एक से ज्यादा मतदान केंद्रों पर हैं। आयोग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अब तक राज्य निर्वाचन आयोग ने 12 लाख से ज्यादा नकली मतदाताओं की पहचान कर ली है और 1.63 लाख नाम पंचायत मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। पंचायत चुनावों के लिए, बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) वर्तमान में अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूचियों की जांच कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग का लक्ष्य 15 जनवरी 2026 तक मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी करके अंतिम सूची प्रकाशित करना है।

राज्य में पंचायत चुनाव अप्रैल और जुलाई 2026 के बीच होने की संभावना है। कई मामलों में एक ही नाम दो से ज्यादा मतदान केंद्रों पर दर्ज पाए गए, जिसके कारण आयोग ने मतदाता सूची को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की सीमा पर रहने वाले और शहरी क्षेत्रों में नए घर बनवाने वाले मतदाताओं पर ध्यान दिया जा रहा है। उप्र राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की और उन्हें मतदाता सूची पुनरीक्षण की सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। एसईसी ने विभिन्न पदों के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम व्यय सीमा भी तय कर दी है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिकतम 7 लाख खर्च कर सकते हैं। ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए अधिकतम सीमा 10,000 है। ग्राम पंचायत प्रधान पद का प्रत्याशी चुनाव के दौरान 1,25,000 तक खर्च कर सकता है, जबकि क्षेत्र पंचायत सदस्य पद का प्रत्याशी1 लाख तक खर्च कर सकता है। जिला पंचायत सदस्य पद का उम्मीदवार 2.5 लाख तक और क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष पद का उम्मीदवार 3.5 लाख तक खर्च कर सकता है।

## प्रियंका गांधी ने मोदी और चुनाव आयोग पर किया तीखा हमला

# पीएम बोल रहे झूठ, करवा रहे वोटों की चोरी

कटिहार, वार्ता



पीएम मोदी को कट्टा, गोली, फिरौती और रंगदारी, देना होगा जवाब

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक जुबानी जंग जारी है। पीएम मोदी अपनी जनसभाओं में लगातार विपक्ष पर जंगलराज का आरोप लगाते हुए निशाना साध रहे हैं।

अब कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर पलटवार किया है। इस दौरान प्रियंका ने चुनाव आयोग को भी लपेटा है। उन्होंने पीएम मोदी और चुनाव आयोग पर बेहद तीखा हमला किया है। प्रियंका गांधी ने कटिहार जिले में एक जनसभा में कहा कि अब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के पद की गरिमा को भी बरकरार नहीं रख पा रहे हैं। पीएम मोदी अपनी जनसभाओं में कट्टा, गोली, फिरौती और रंगदारी जैसी बातें करते हैं। असल में इनके पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए अपनी भाषा का स्तर इतना नीचे गिरा चुके हैं। प्रियंका गांधी ने लोगों से पूछते हुए कहा कि अब आप ही बताइए कोई इतना नीचे कैसे गिर सकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को देश की जनता पहचान गई है। अब जनता मोदी के झूठ से गुमराह नहीं हो रही है, इसीलिए पीएम मोदी चुनाव जीतने के लिए अब वोट चोरी पर उतर आए हैं। प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए चुनाव आयोग को भी घेरा है। उन्होंने पीएम मोदी चुनाव आयोग के तीन लोगों के साथ मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। इनके नाम ज्ञानेश कुमार, विवेक जोशी और एस. एस. संधू हैं। यही तीन लोग पीएम मोदी के साथ वोट चोरी कर रहे हैं। ये सभी चुनाव आयोग के सबसे ऊंचे अधिकारी हैं।

ये लोग देश के संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और वोट चोरी में सरकार का साथ दे रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग के तीनों अधिकारी जनता का अधिकार छीन रहे हैं। उन्होंने जनसभा मौजूद लोगों से कहा कि इनके नाम याद कर लीजिए, इन्हें पद के पीछे छिपने मत दीजिए। यहीं तीनों अधिकारी हैं जो लोग लोकतंत्र और संविधान के साथ विश्वासघात कर रहे हैं, उन्हें देश भूलेगा नहीं। इन सभी को आने वाले समय में जवाब देना पड़ेगा। प्रियंका गांधी ने संविधान ने जनता को वोट डालने की शक्ति दी है, जिससे सरकार बनाने का निर्णय आप लेते हैं, लेकिन जब बीजेपी को पता चला कि जनता खिलाफ हो रही है, तो उसने आपके अधिकारों को कमजोर करने के लिए 'वोट चोरी' करनी शुरू कर दी।

### सरकार के पास संसद में करने को काम नहीं, बुला रही है छोटे सत्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक से 20 दिसम्बर तक बुलाया गया है, लेकिन सत्र देर से बुलाने और इसमें महज 15 बैठकों के आयोजन से स्पष्ट हो जाता है कि सरकार के पास संसद में कराने के लिए कोई काम नहीं बचा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि ससंसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक होगा। इसमें असामान्य रूप से देरी के साथ ही काम के दिनों में कटौती की गई है। यह सिर्फ 15 कार्य दिवस का होगा। क्या संदेश दिया जा रहा है? उन्होंने कहा कि सरकार की इस घोषणा में स्पष्ट संदेश है कि उसके पास काम नहीं है। शीतकालीन सत्र को लेकर सरकार की घोषणा पर उन्होंने आगे लिखा कि स्पष्ट रूप से सरकार के पास संसद कार्यवाही के दौरान करने के लिए कोई काम नहीं बचा है।

# उत्तराखंड का बना दिया है भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो



राज्य के गठन की नींव नेता जी ने रखी थी

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जूझते उत्तराखंड को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया गया है।

नौ नवम्बर को उत्तराखंड राज्य की स्थापना दिवस पर अपने संदेश में उन्होंने पर्वतीय राज्य के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी उत्तराखंडवासियों के हितों तथा विकास के लिए प्रतिबद्ध है और वह उनके सुख दुख में हमेशा साथ है। उन्होंने कहा कि इसके गठन की नींव नेताजी मुलायम सिंह यादव ने डाली थी। जनमत संग्रह कराकर अलग राज्य के रूप में उप्र के दोनों सदनों में उत्तराखंड राज्य के निर्माण का प्रस्ताव पास कराकर केन्द्र सरकार को भेजा था मगर 25 सालों में उत्तराखंड की जनता को आकांक्षाओं के अनुरूप अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण का ख्याल किए बगैर विकास के नाम पर अंधाधुंध जंगल कटान और अवैध खनन से उत्तराखंड भारी वर्षा, बादलों के फटने के अलावा भूस्खलन की समस्याओं से लगातार जूझ रहा है। जनधन की भारी क्षति हो रही है। बेरोजगारी चरम पर है। सीमावर्ती 1796 गांव मानव विहीन हो गए। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। शिक्षा की दशा बदहाल है। उद्योग धंधों का अभाव है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 155000
प्रति किलो



# डिजिटल सेवाओं को बेहतर बना रहा डिजीलॉकर

नागरिकों और मंत्रालयों व विभागों को जोड़ने में बन रहा है ट्रस्ट लेयर: एस कृष्णन

**नई दिल्ली।** पहचान पत्र, प्रमाण-पत्र और जरूरी सूचनाओं को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की डिजलॉकर सुविधा पर राजधानी में हुए एक सम्मेलन में कागजरहित कामकाज, समावेशी शिक्षा और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं को सुविधाजनक बनाने में इस की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया गया।

सम्मेलन में कहा गया है कि डिजीलॉकर ने डिजिटल व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाने में बड़ा योगदान किया है और यह देश में डिजिटल ट्रस्ट क्रांति में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 'डिजीलॉकर-सभी के लिए पेपरलेस एक्सेस को सक्षम बनाना' विषय पर भारत मंडपम में आयोजित सम्मेलन में डिजीलॉकर को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान करने वाले राज्यों को सम्मानित भी किया गया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रालय के नेशनल ई-गवर्नेंस डिविजन (नेजीडी) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्येश्य इस बात पर चर्चा करना और यह दर्शाना था कि डिजीलॉकर कैसे एक साधारण सुरक्षित दस्तावेज भंडारण सुविधा और दक्षता की आधारशिला के रूप में विकसित हो रहा है।

मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने राष्ट्रीय डिजीलॉकर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डिजीलॉकर नागरिकों, मंत्रालयों और विभागों को जोड़ने वाली ट्रस्ट लेयर (विश्वास की परत) के रूप में काम करता है , जो सुरक्षित, इंटरऑपरेबल और जवाबदेह डिजिटल गवर्नेंस को सक्षम बनाता है। डिजिटल कनेक्टिविटी (सम्पर्क सुविधा) से क्षमता बढ़ी है, सर्विस डिलीवरी से आत्मनिर्भरता आ रही और अब डिजिटलीकरण से भरोसा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा विजन ऐसा भविष्य है जहां हर डिजिटल संपर्क भरोसेमंद हो, हर नागरिक सशक्त हो, और हर संस्थान जवाबदेह हो। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव अभिषेक सिंह ने टेक्नोलॉजी-आधारित गवर्नेंस में भारत की यात्रा को 'डिजिटल ट्रस्ट क्रांति' बताया। उन्होंने लाखों लोगों के लिए गवर्नेंस सिस्टम में विश्वास बनाने में डिजीलॉकर की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। नेजीडी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद कुमारम ने डिजीलॉकर के सुरक्षित डॉक्यूमेंट स्टोरेज प्लेटफॉर्म से डिजिटल इंडिया के मुख्य स्तंभ के रूप में विकसित होने की जानकारी दी। वित्त विभाग में प्रधान सचिव (एएंडटी) डा. ऋचा बागला ने महाराष्ट्र में पेंशन और ट्रेजरी सिस्टम के साथ डिजिलॉकर के इंटीग्रेशन पर प्रस्तुति दी। असम के प्रधान सचिव (आईटी) केएस गोपीनाथ ने राज्य में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से 500 से ज्यादा सेवाओं में डिजिलॉकर के समन्वय पर प्रस्तुति दी।

### जी-20 शिखर बैठक: कांग्रेस ने पीएम पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जी-20 शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शामिल नहीं होने की खबर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब इस बैठक में प्रधानमंत्री के जाने की संभावना है। जी-20 देशों की शिखर बैठक 22 तथा 23 नवम्बर को दक्षिण अफ्रीका में हो रही है। माना जा रहा है कि अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रही अनबन के मद्देनजर ट्रम्प इस बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मोदी के बैठक में शामिल होने को लेकर लिखा कि अब जब ट्रम्प ने घोषणा की है कि वह दक्षिण अफ्रीका में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे, तो हम निश्चित हो सकते हैं कि स्वयंभू विश्वगुरु स्वयं व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे।

# लखनऊ से चली सहारनपुर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लखनऊ जंक्शन पर आयोजित शुभारम्भ समारोह में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ की महापौर श्रीमती रत्ना खारवाल, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में यात्रीगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह के दौरान यात्रियों में विशेष उत्साह देखा गया और सबने नई सेवा के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। यह लखनऊ से चलने वाली दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है, जबकि राजधानी होकर गुजरने वाली कुल पांच वंदे भारत ट्रेनें लखनऊ से जुड़ गई हैं। इस नई ट्रेन के शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक, व्यापारिक और शैक्षणिक क्षेत्रों से राजधानी लखनऊ तक आवागमन और भी तेज और सुविधाजनक हो गया है। ट्रेन संख्या 26504 लखनऊ से सहारनपुर की ओर सुबह पांच बजे रवानगी होगी और दोपहर बारह पैंतालीस पर सहारनपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या



पीएम मोदी ने किया वर्चुअल शुभारम्भ,यात्रियों में उत्साह, लखनऊ से चलने वाली पांचवीं वंदे भारत बनी

26503 सहारनपुर से दोपहर तीन बजे चलकर रात ग्यारह बजे लखनऊ पहुंचेगी। इस बीच यह ट्रेन सीता. पुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद और रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी। सप्ताह में यह सेवा सोमवार का दिन छोड़कर छह दिन संचालित होगी। वंदे भारत की यह यात्रा सामान्य ट्रेनों की तुलना में लगभग एक घंटे कम समय में पूरी होगी। अत्याधुनिक इंजन, बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम और वायुगतिकीय ढांचा इस ट्रेन को अधिक गति और स्थिरता प्रदान करता है।

# केवल आधार से नहीं चलेगा काम, देने होंगे ये दस्तावेज

**लखनऊ।** आगामी विधानसभा चुनावों से ठीक पहले उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम तेज कर दिया है। इसी के साथ नए वोटर बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में आयोग ने सभी जिलों के डीएम को दिशा निर्देश देते हुए साफ तौर पर कहा है कि नए वोटर बनाने के लिए सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट के रूप में केवल आधार पर्याप्त नहीं है। आधार के साथ चुनाव आयोग द्वारा पहचान और नागरिकता के साथ ही जन्म प्रमाण तय करने के लिए निर्धारित कुछ जरूरी दस्तावेज भी दाखिल करने होंगे।

यह निर्देश 9 सितंबर 2025 के आयोग के पत्र और संलग्नक पर आधारित है। ऐसे में नया वोट बनवाने के लिए आधार के अलावा केंद्र/राज्य सरकार या पीएसयू के कर्मचारी/पेंशनभोगी का आईडी या पेंशन ऑर्डर के प्रति लगाई जा सकती है। इसी प्रकार 1 जुलाई 1987 से पहले जारी सरकारी/बैंक/डाकघर/एलआईसी का आईडी को भी वैध माना गया है। आयोग के मुताबिक जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक सर्टिफिकेट, स्थाई निवास प्रमाणपत्र, वन अधिकार प्रमाणपत्र तथा ओबीसी, एससी व एसटी जाति प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिकता प्रमाण पत्र भी लगाया जा सकता है। चुनाव आयोग ने यह निर्देश मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए किया है। आयोग ने साफ कहा है कि देश में ऐसा कोई नहीं चाहता कि अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को मतदाता सूची में जगह मिले। मतदाता सूची के पुनरीक्षण का उद्देश्य भी यही है। ऐसे में नया वोट बनाते समय ही जरूरी एहतियात बरतने की जरूरत है। इस संबंध में चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीएम)को मोबाइल पर स्पेशल मैसेज भेजा है। इसमें साफ कर दिया है कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत आधार अकेला मतदाता बनने की योग्यता नहीं देता। यह मैसेज दो हिस्सों में है। पहला हिस्सा मुख्य चुनाव आयुक्त की वीडियो रिकॉर्डिंग के रूप में है, वहीं दूसरे हिस्से में उनकी ओर से लिखित संदेश है। वीडियो में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा है कि आधार एक्ट की धारा-9 स्पष्ट करती है कि आधार न तो नागरिकता (सिटीजनशिप) का प्रमाण है और न ही निवास (डोमिसाइल) का। इसी प्रकार जन्मतिथि को लेकर भी कोर्ट ने कई बार स्थिति स्पष्ट की है।

# ईडी ने कांग्रेस विधायक की 21 करोड़ की संपत्ति अटैच की

गोवा, वार्ता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सैल और उनके साथियों की 21 करोड़ रुपए संपत्ति अटैच की है। यह कार्रवाई अवैध रूप से लौह अयस्क के निर्यात से जुड़ी है। ईडी की जांच में कई बड़े खुलासे हुए हैं।

ईडी की जांच में पता चला कि सतीश सैल, जो श्री मल्लिकार्जुन शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड (एसएमएसपीएल)के एमडी हैं, उन्होंने 2010 में बेले. केरी पोर्ट से बिना अनुमति के बड़ी मात्रा में लौह अयस्क की खरीद की थी और बाद में उसे चीन भेज दिया। इसके लिए उन्होंने हॉन्गकान्ग में फर्जी कंपनी बनाकर पैसे की हेराफेरी (मनी लॉन्ड्रिंग) की। जांच एजेंसियों ने पहले भी सतीश सैल के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें 8 करोड़ रुपए की नकदी और सोना बरामद हुआ था।

**सात नवम्बर को कोर्ट ने बेल रद्द कर दी थी**

बाद में उन्हें मिली मेडिकल बेल को अदालत ने 7 नवंबर 2025 को रद्द कर दिया था। अटैच की गई संपत्तियों में गोवा के मुरगांव इलाके में खुली जमीन, कृषि भूमि और वास्को द गामा में स्थित वाणिज्यिक इमारत शामिल है, जिनकी कुल बाजार कीमत करीब 64 करोड़ रुपए बताई जा रही है। एक अन्य कार्रवाई में प्रवर्तन निद. शालय ने पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़ी 8 अचल संपत्तियों को अटैच किया है, जिनकी कीमत लगभग 67.03 करोड़ रुपए है। बताया जा रहा है कि ये संपत्तियां अलग-अलग ट्रस्टों और पीएफआई के राजनीतिक संगठन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टीआफ इंडिया के नाम पर दर्ज थीं। ईडी की जांच के अनुसार पीएफआई और एसडीपीआई ने देश और विदेश खासकर गल्फ देशों से चंदा, हवाला और दान के जरिए पैसे जुटाए। यह पैसा देश में हिंसक और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किया गया। जांच में अब तक 131 करोड़ रुपये की अवैध कमाई का पता चला है। ईडी ने अब तक पीएफआई और एसडीपीआई के 28 नेताओं और सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# किसान सहकारी चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू

## रामचरित्र मानस के पाठ से हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दि किसान सहकारी चीनी मिल काला खेड़ा के पेराई सत्र 2025-26 का हवन यज्ञ कर विधि विधान के साथ शुभारंभ कर दिया गया। श्री रामचरितमानस का पाठ भी किया गया।

शनिवार को दि किसान सहकारी चीनी मिल काला खेड़ा के पेराई सत्र का विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी एवं मिल की सभापति जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने विधिवध तरीके से शुभारंभ कर दिया। विधायक जिलाधिकारी एवं अन्य अतिथियों ने हवन में आहुतियां दी। चीनी मिल के गेट पर पहले बेल गाड़ी से गन्ना भरकर लेकर आने वाले किसान खेम सिंह गांव भीकनपुर व फकीरचंद को विधायक एवं जिला अधिकारी फूलमाला पहना कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। किसानों को बर्तन भी दिये गये। गन्ना तोल कांटों की पूजा कर नारियल भी तोड़े गये। विधायक एवं जिलाधिकारी ने चेन में गन्ना डालते हुए बटन दबाकर मिल को चालू कर दिया। विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है। प्रदेश सरकार ने पहले गन्ने पर पैसे बढ़ाये और अब समय से चीनी मिलों के पेराई सत्र को चालू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को किसी भी दशा में परेशान नहीं होने दिया जायेगा। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, मिल के उप सभापति राम किशोर सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, गंगेश्वरी के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड्गवंशी, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक नागर, अभिनव कौशिक, विधायक पुत्र देवेंद्र खड्गवंशी, काले सिंह, संजीव बालियान, चौधरी दिवाकर सिंह, रामचंद्र सिंह गुर्जर, चमन सिंह चौहान, टेकचंद सिंह चौहान, कृष्ण कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।



# आम के हरे पेड़ काटने में ठेकेदार समेत दस फंसे

## कांशीराम कालोनी के पास की घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आम के हरे-भरे पेड़ों का कटान करने के मामले में वन विभाग ने ठेकेदार समेत दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मौके से बरामद लकड़ी को परिचित की सुपुर्दगी में दे दिया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

मामले में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजीव वर्मा ने अमरोहा देहात थाने में तहरीर दी थी। एफआईआर के मुताबिक छह नवंबर की दोपहर थाना क्षेत्र की सीमा में काशीराम कॉलोनी के पास आम के हरे-भरे पेड़ों को काटने की सूचना मिली। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि आम के दो पेड़ों को काटा गया था। इस दौरान टीम ने जांच करने के बाद आम के कटे हुए पेड़ों की लकड़ी को मोहल्ला अफगानान के रहने वाले रियाल के सुपुर्द कर दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया के बताया कि अजिमुलशान, इमराना बेगम, शादमानी बेगम, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद अख्तर, मोहम्मद अथहर, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद फाजिल और ठेकेदार अयाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# अंडर-14 एवं 17 में में एसआरएस स्कूल की टीमें रहीं विजेता

## अंर्तविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता में 22 टीमों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बालक वर्ग की अंर्तविद्यालयी कबडडी प्रतियोगिता में एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 व अंडर-17 के फाइनल मुकाबले जीतकर ट्राफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते हैं।



शनिवार को एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में जनपद स्तरीय कबडडी प्रतियोगिता में एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, खैतान वर्ल्ड स्कूल गजरौला, ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल धनौरा, सेंट मैरीज स्कूल गंदूपाल, जीडी टंडन सरस्वती विद्या मंदिर कैलसा, नागपाल इंटरनेशनल स्कूल गजरौला, शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल अमरोहा, एचएसएस पब्लिक स्कूल हसनपुर, वाईएमएस सीनियर सेकेंड्री स्कूल धनौरा, कारमेल पब्लिक स्कूल गजरौला, गुरु रामराय पब्लिक स्कूल गजरौला, शांति देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल धनौरा, मेस्को पब्लिक स्कूल अमरोहा एवं जेवी इंटरनेशनल स्कूल गजरौला आदि 14 सीबीएसई विद्यालयों की 22 टीमों ने प्रतिभाग किया। अंडर-17 का फाइनल मैच वाईएमएस सीनियर सेकेंड्री स्कूल धनौरा और एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के बीच हुआ, जिसमें एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल गजरौला ने 19-16 से शानदार जीत दर्ज करते हुए ट्राफी अपने नाम की, इसी तरह अंडर-14 वर्ग में फाइनल मैच में एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल गजरौला ने गुरु राम राय पब्लिक स्कूल गजरौला को 33-12 के अंतर से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि आरएसएस के जिला प्रचारक योगेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला सहकार्यवाह नरेन्द्र एवं ब्लॉक प्रमुख गजरौला मीनाक्षी चौधरी ने विद्यालय चेयरमैन गुरबचन सिंह एवं प्रबंधक निदेशक चौ.विरेन्द्र सिंह, निदेशक पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, समन्वयक साक्षी सिंह के साथ मिलकर विजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती अमरोहा के जिलाध्यक्ष पुरुजीत सिंह, सुनील भाटी, राजकुमार, साक्षी तोमर, आदेश, मनीष, साक्षी सिरोही, गौरणगी, महिमा, विद्यालय ट्रस्टी आशा चौधरी, खेल प्रशिक्षक संदीप यादव, सुधीर सिंह, जतिन सिंह, श्रीकांत वर्मा, ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे। खेल समारोह का समापन राष्ट्रगीत के गायन के साथ हुआ।

### रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर युवक का शव रखकर लगाया था जाम

# जाम लगाने में 24 नामजदों व 60 अज्ञात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** युवक का शव रखकर स्टेट हाइवे पर जाम लगाने के आरोप में पुलिस ने कस्बा इंचार्ज जोगेन्द्र सिंह की तहरीर पर 24 नामजदों व 60 अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

बता दें कि थाना क्षेत्र के चौबारा गांव निवासी जसवंत सिंह के 25 वर्षीय पुत्र आकाश की गुरूवार की शाम को हत्या कर दी गई थी। शुक्रवार को परिजनों ने पोस्टमार्टम से आने के बाद आकाश के शव को सड़क पर रखकर घटना में शामिल आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर करीब दो घंटे तक जाम लगाया था। जिसके बाद पुलिस द्वारा जसवंत सिंह की तहरीर पर थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर निवासी अमन व लक्की, बुद्धबाजार गजरौला निवासी जतिन शर्मा व अटारी मुरीदपुर निवासी पंचम के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही परिजनों ने आकाश के शव को सड़क से उठाकर

**■ गुरूवार को हुई थी युवक आकाश की हत्या**

जाम खोला था। इस मामले में कस्बा चौकी इंचार्ज जोगेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रचित उर्फ पाशा, शेट्टी उर्फ प्रदीप, रिंकू, ओमपाल, निपेन्द्र, अखिलेश, गिरीश, सतीश, अंकित, बिट्टू, साजिद, दीपक, संदीप, कुंवरपाल, ओमपाल, सुनील, रोहित, पंकज, गुड्डू, प्रदीप, संजीव, कमल, अंकित, पंकज व 50-60 अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध पुलिस पर नाजायज दबाब बनाने के उद्देश्य से मृतक आकाश का शव सड़क पर रखकर जाम लगाने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, हंगामा करने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दर्ज कराई रिपोर्ट में पुलिस का यह कहना है पुलिस ने आकाश के परिजनों को बताया था कि उनकी रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है और विधिक कार्यवाही प्रचलित है, मगर उसके बाद भी उन्होंने पुलिस पर नाजायज दबाब बनाने के लिए जाम लगाया।

## गिट्टी लदे डम्पर को किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र में शनिवार को खनन अधिकारी केवी सिंह ने कार्रवाई करते हुए हाईवे पर गिट्टी लदे एक डम्पर को पकड़ा। बताया जा रहा है कि डम्पर निर्धारित मार्ग के बजाय गलत रास्ते से गुजर रहा था। खनन अधिकारी ने वाहन को रोककर दस्तावेजों की जांच की, लेकिन चालक आवश्यक खनन संबंधित अनुमति व रॉयल्टी पत्र नहीं दिखा सका।इस पर खनन अधिकारी ने डम्पर को थाने लाकर सीज करने की कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि बिना वैध अनुमति खनन सामग्री का परिवहन नियम विरुद्ध है। खनन विभाग द्वारा इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# छेड़छाड़ के दोषी को चार साल की कारावास

## गाली गलौच में मां को एक साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** न्यायालय ने छेड़छाड़ के आरोपी को चार साल की सजा सुनाई जबकि गाली गलौच व धमकी देने के मामले में उसकी मां को एक साल का कारावास हुआ है। दोनों पर 17 हजार 500 रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

घटना हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की थी। 14 मार्च 2020 को यहां रहने वाले एक किसान की नाबालिग बेटी गांव में ही सरकारी नल पर कपड़े धो रही थी। उसी दौरान गांव के रहने वाले शिवा ने उसके फोटो खींच लिए और उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से भाग गया। इतना ही नहीं आरोपी की मां ऊषा ने पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मामले में हसनपुर कोतवाली पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ, मारपीट, धमकी, गाली गलौज और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। फिलहाल, दोनों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम की अदालत में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी कर रहे थे। शुक्रवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। छेड़छाड़ के मामले में शिवा को चार साल कारावास की सजा सुनाई। वहीं, उसकी मां ऊषा को मारपीट, धमकी और गाली गलौज में दोषी ठहराते हुए एक साल कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने मां-बेटे पर 17500 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# नकली प्रोडक्ट बेचते दुकानदार दबोचा

## 850 पीस वीट क्रीम के बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर में रेकिट बैकिजर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नकली उत्पाद बेचने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वसीम पुत्र नासिर अली, निवासी मोहल्ला मनिहारान हसनपुर के रूप में हुई है। दरअसल, कंपनी द्वारा अधिकृत फर्म सेमिता लीगल एडवोकेट्स एंड सॉलिसिटर्स के सीनियर इन्वेस्टिगेटर मोहित कुमार ने कस्बे का सर्वे किया था। उन्होंने पाया कि वसीम जनरल स्टोर पर नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं। इसकी सूचना पर सेमिता लीगल की टीम अधिवक्ता निश्चय जैन और पुलिस बल के साथ दुकान पर पहुंची। तलाशी लेने पर दुकान से 851 पीस वीट क्रीम और 4 पीस लाइजॉल के नकली उत्पाद बरामद हो गये। टीम ने नियमानुसार बरामद माल की सील-बंद सैंपलिंग की। शेष 850 पीस वीट क्रीम और 3 पीस लाइजॉल को पुलिस ने जब्त कर लिया। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि सेमिता लीगल के अधिवक्ता



निश्चय जैन की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपी वसीम पुत्र नासिर अली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। यह कार्रवाई नकली सामान बेचने वालों के विरुद्ध एक बड़ी पहल है।

# ग्रुप से निकालने पर दी जान से मारने की धमकी

## पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव कटाई में मोबाइल ग्रुप से निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

गांव कटाई निवासी शहाबुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपने मोबाइल फोन में ग्रुप कटाई 786 नाम से एक ग्रुप बनाया था। जिसमें गंगदासपुर गांव के अर्श भी सदस्य थे। ग्रुप में गाली-गलौज करने पर अर्श को बाहर कर दिया गया। इस बात से नाराज होकर अर्श ने उनके मोबाइल नंबर पर गाली-गलौज शुरू कर दी।शिकायत करने पर शनिवार की सुबह अर्श और उसके पिता राबुल ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। शहाबुद्दीन का आरोप है कि हमले में उसके सिर में चोट आई है और वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा। पीड़ित शाहबद्दीन की तहरीर पर पुलिस अर्श और पिता राबुल के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### देश की शान है वंदे मातरम गीत



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** झम्मनलाल पीजी कॉलेज में वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी, एनसीसी के कैडेट्स व अन्य छात्र-छात्राओं और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर शमा परवीन व समस्त स्टाफ ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया। शनिवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर नीति शर्मा ने राष्ट्रीय गीत पर चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय गीत राष्ट्र का गौरव है। यह मातृभूमि के प्रति प्रेम को दर्शाता है। संविधान सभा द्वारा 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रीय गीत घोषित किया गया। यह बंग दर्शन नामक पत्रिका में पहली बार प्रकाशित हुआ और आनंद मठ उपन्यास में भी इसको शामिल किया गया। इस अवसर पर डॉ. हृदेश कुमार ,डॉ. गीतांजलि,श्रीमती कुमुद त्यागी ,मिस निगहत परवीन, कुमारी अंशु चौहान ,श्री सादिक खान, एनसीसी अधिकारी श्री अशरफ आदि उपस्थित रहे।

### दबंगों ने पति-पत्नी को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** थाना क्षेत्र ग्राम फतेहपुर खादर में खेत की मेड के विवाद में दबंगों ने बच्चों समेत पति-पत्नी को बेरहमी से पीटा पीड़ित सतपाल फतेहपुर खादर निवासी ने थाने में तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है पीड़ित ने बताया गांव के ही दबंग प्रवृत्ति के अंकित अजीत अरुण एवं यूनेश खेत की मेड के विवाद में बेवजह गालियां देनी शुरू कर दी गाली देने को मना किया तो उक्त लोगों ने परिवार के साथ मारपीट की जिसमें पत्नी गंभीर रूप से घायल हुई है घायल को हसनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है जहां इलाज जारी है।

# पेड़ की डाली तोड़ने से रोका तो आश्रम के बाबा को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आम के पेड़ से हरी डालियां तोड़ने से मना किया तो एक व्यक्ति ने बूढ़े बाबा के आश्रम के बाबा के साथ मारपीट की, इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी। बाबा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, वहीं घटना से जुड़ा वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला मायापुरी में स्थित बूढ़े बाबा के आश्रम में प्रेम गिरि नामक बाबा सेवा करते हैं। आरोप

**■ बाबा ने पुलिस को दी आरोपी के विरुद्ध तहरीर**

है कि शनिवार को मुहल्ले का ही एक व्यक्ति उनके आश्रम में आया और यहां खड़े आम के पेड़ से हरी डाली तोड़ने लगा। बाबा ने उससे डाली तोड़ने से मना किया तो व्यक्ति ने बाबा के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। बाबा प्रेम गिरि ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# बस-बुलेरो भिड़ंत से घंटों लगा जाम

## राहगीरों को उठानी पड़ी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शनिवार दोपहर शहर का होली पार्क चौराहा अचानक जाम के जाल में फंस गया। दोपहर के समय चांदपुर दिशा से आ रही बोलेरो और सामने से आ रही बस की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों के चालक आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग मौके पर पहुंच गए और बातचीत कहासुनी में बदल गई। मामूली दुर्घटना ने कुछ ही देर में बाईपास रोड से लेकर महादेव चौराहे तक वाहनों की लंबी कतारें खड़ी कर दीं। शहर की तंग गलियों में भी जाम फैल गया। गन्ना मिल जा रहे किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भी फंस गईं, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने हंगामा शांत कराया और सड़क से वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद जाम




खुल सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि छुट्टी के दिन अचानक जाम लगने से बाजार और गलियों में अफरातफरी मच गई। कई लोग अपने वाहनों को छोड़ पैदल ही निकलते नजर आए।

# निकाह से इंकार पर युवक को गोली मारी

## बहन का पीछा न छोड़ने पर दिया घटना को अंजाम, गंभीर हालत में रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** जयपुर में रहकर नीट की तैयारी कर रही युवती का वहीं पर रहकर तैयारी कर रहे युवक से दोस्ती हो गयी। घर लौटने पर भी दोनों की दोस्ती बरकरार रही। जब भनक भाई को लगी तो उसने युवक पर बहन से शादी का दबाव बनाया। बात बिगड़ने पर गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर किया गया है। जबकि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

शनिवार दोपहर की घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया की है। क्षेत्र के गांव सैतली में मुनव्वर का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी चंद्रप्रभा के अलावा बेटा अरमान सोनू और एक बेटी रेखा रानी है। बताया जा रहा है कि करीब दो साल पहले रेखा रानी नीट की तैयारी करने के लिए जयपुर गई थी, कोचिंग के दौरान वहां उसकी मुलाकात जोया के मोहल्ला टंकी वाला के रहने वाले ताबिश रजा से हुई थी। इसके बाद से दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला चल रहा था। रेखा फिलहाल अपने घर पर रहती है वहीं ताबिश रजा अभी भी नीट की तैयारी कर रहा है। शनिवार दोपहर करीब तीन बजे मुनव्वर का बेटा अरमान सोनू अपनी बहन रेखा रानी को लेकर उसके दोस्त ताबिश रजा के घर पहुंचा था। उसने बातचीत पर एतराज जताते हुए बहन का पीछा छोड़ने या फिर उसके साथ निकाह करने की बात कही। इतनी बात पर ताबिश रजा को तैश आ गया और वह घर के अंदर जाकर तमंचा उठा लाया। इसके बाद अंजाम की परवाह किए बगैर ताबिश ने अरमान सोनू पर सामने से फायर झोंक दिया। गोली उसके हाथ में लगकर गर्दन को रगड़ती हुई सामने दीवार में जाकर धंसी। वहीं, गोली मारने के बाद ताबिश रजा मौके से फरार हो गया। फायर की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची। लहूलुहान हालत में जमीन पर बेसुध पड़े अरमान सोनू को तुरंत जोया सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल, परिजनों ने घायल अरमान सोनू को पाकबड़ा के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी ताबिश रजा के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है, उसे जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# थाना दिवस से मायूस होकर लौटे फरियादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस फरियादियों के लिए उम्मीद से अधिक निराशा लेकर आया। थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार और राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार गौतम की मौजूदगी के बावजूद एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। कार्यक्रम के दौरान कुल छह शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से ज्यादातर राजस्व से संबंधित मामले थे। बादशाहपुर के विवेक कुमार ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की, वहीं डींगरा के नरदेव ने पट्टे की भूमि पर कब्जे की बात कही। वासीपुर निवासी चरण सिंह ने दबंग प्रवृत्ति के लोगों पर कार्रवाई न होने का आरोप लगाया। पालनपुर के जसवीर सिंह ने तालाब की भूमि पर कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। राजस्व कर्मी मौके पर मौजूद थे, लेकिन तहसील के उच्चाधिकारियों की गैरमौजूदगी से फरियादियों में नाराजगी साफ झलकी। शिकायतकर्ता अधिकारियों से समाधान की उम्मीद लेकर आए थे, मगर निराश होकर लौटना पड़ा।

# जनता की शिकायतों को गंभीरता से लें

## एसपी ने थाना दिवस में सुनी शिकायतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शनिवार को जिलेभर के थानों में आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों संग थाना प्रभारियों ने भी शिकायतों को सुना। अमरोहा नगर कोतवाली में एसपी अमित कुमार आनंद पहुंचे और फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधीनस्थों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए। किसी भी फरियादी को बार-बार दौड़ाया न जाए। जमीनी विवादों की शिकायतों का पंजीकरण कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित करें। एसपी ने कहा कि थानों में महिलाओं से संबंधित जो भी शिकायतें आती हैं, उनको प्राथमिकता पूर्वक सुना जाए और उन्हें उचित न्याय दिलाया जाए। महिलाओं के अपराध संबंधी की गई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस मौके पर सीओ शक्ति सिंह, प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। वहीं, नौगावां सादात थाने में एएसपी अखिलेश भदौरिया व एसडीएम सुनीता सिंह ने शिकायतें सुनीं।

# पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि: कटारिया

## दोनों नेताओं का विवाद जल्द निपटाए हाईकमान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ओमकार कटारिया ने कहा कि पार्टी में अनुशासन सबसे ऊपर है। दो वरिष्ठ नेताओं के बीच चल रही खींचतान को लेकर उन्होंने हाईकमान से मामले के निस्तारण की मांग की।

जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष मेहराजुल जाफर ने किया। बैठक में संगठन सृजन अभियान की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय हुई। इस दौरान अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के दो पूर्व प्रत्याशियों के बीच चल रहे विवाद पर चर्चा की गई। जिला कांग्रेस कमेटी ने हाईकमान को प्रस्ताव भेजकर दोनों नेताओं को दिल्ली या लखनऊ बुलाकर पार्टी हित में समाधान कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि संगठन अब बूथ स्तर तक मजबूत हो चुका है और पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि रहेगा। उन्होंने बताया कि जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस जल्द आंदोलन करेगी क्योंकि राज्य सरकार और प्रशासन जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं हैं। बैठक में चौधरी सुखराज सिंह, सचिन चौहान, मास्टर इंद्रपाल सिंह, अनवर हुसैन, शाहिद सिद्दीकी, फैज आलम राईनी, इमरान प्रधान, अफसर अली सैफी, मयंक गुर्जर, मानव त्यागी, शमीम अब्बासी, रवि सैनी, फहीम सिद्दीकी, रिजवान अली सहित कई नेता मौजूद रहे

# बीएलओ घर-घर पहुंचा रहे गणना प्रपत्र

## मतदाता सूची सुधार अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुरू हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत शनिवार से क्षेत्र के सभी बूथों पर गणना प्रपत्रों का वितरण शुरू हो गया है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को फॉर्म सौंप रहे हैं और उनसे जरूरी जानका. रियां जुटा रहे हैं।

अभियान के तहत बीएलओ एक महीने तक हर घर पहुंचेंगे। मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर समय पर बीएलओ को जमा करना अनिवार्य है। फॉर्म न भरने वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जा सकते हैं। उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे पूरे मनोयोग और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अभियान में सहयोग करें और समय रहते अपना फॉर्म भर दें। एसडीएम ने बताया कि जो मतदाता पुन: पंजीकरण कराना चाहते हैं, वे फॉर्म भरने से पहले अपनी दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो (सफेद बैकग्राउंड) अवश्य खिंचवा लें। फॉर्म के साथ 11 दस्तावेजों की सूची में से किसी एक प्रमाण पत्र को संलग्न करना अनिवार्य होगा।

# भाजपा नेता के भतीजे ने जीता कांस्य पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** राजधानी लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित 41वीं सब-जूनियर, 9वीं कैडेट, 42वीं सीनियर क्यॉर्गी और 9वीं पूमसे राज्य ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2025 में आदित्य शिखर गर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वरिष्ठ पुरुष अंडर-74 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

आदित्य शिखर गर्ग भाजपा जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग के भतीजे हैं, आदित्य शिखर गर्ग ने कड़े मुकाबले में शानदार तकनीक और हौसले के दम पर जीत हासिल की। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से आदित्य ने अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। पदक जीतने के बाद आदित्य ने कहा कि यह सफलता उनके कोच की मेहनत और परिवार के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने आगे राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने का संकल्प भी जताया। जिले में इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग ने भतीजे की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा, आदित्य ने अमरोहा का गौरव बढ़ाया है, यह युवाओं के लिए प्रेरणा है।

# उमाकांत बने दयानन्द के अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** दयानंद इंटर कॉलेज में प्रबंधन समिति का चुनाव कराया गया। प्रबंध समिति के प्रबंधक अंकित कुमार गुप्ता ने पदाधिकारी घोषित किए गए। उमाकांत गुप्ता अध्यक्ष, बबीता गुप्ता उपाध्यक्ष , मोहम्मद जुनेद एजाज उपप्रबंधक ,सुरेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष, राजीव कुमार गुप्ता सदस्य ,राहुल सिंह सदस्य, नवनीतअग्रवाल, कमल भाटिया, विपिन कुमार, सौरभ कुमार, नवनीत कुमार, आदि सदस्य घोषित किए गए।

# पत्नी को चुनाव लड़ाने का ताना बाना बुन रहे पूर्व सांसद

## नौगांवा में सपा विधायक होने के बावजूद ठोक रहे ताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** वैसे तो अभी विधानसभा चुनाव में एक साल से अधिक का समय है। परन्तु पूर्व सांसद ने अपनी पत्नी को नौगांवा सादात सीट से विधानसभा चुनाव लड़ाने का ताना बाना बुनना शुरू कर दिया है।

बताते चलें कि मार्च 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। उधर एक पूर्व सांसद ने नौगांवा सादात विधानसभा सीट से अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाने का ताना बाना बुनना शुरू कर दिया है। जबकि यह सीट सपा के पास है तथा 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के समरपाल सिंह ने भाजपा के पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल को हराकर विधायक निर्वाचित हुए। इस सबके बावजूद पूर्व सांसद अपनी जोड़ तोड़ में लगे हैं। उनका दावा है कि जिस तरह उन्होंने गठबंधन के तहत अमरोहा सीट अपनी पार्टी के लिए छुड़वाली थी ठीक उसी तरह वह नौगांवा विधानसभा सीट को अपने लिए छुड़वा लेंगे। वैसे सांसद रहते उन्होंने अमरोहा लोकसभा के लोगों की कितनी अनदेखी की, यह सबको मालूम है। अगर वह क्षेत्र के लोगों को दुख-सुख में शामिल होते तो यकीनन चुनाव परिणाम कुछ और होता। भला हो गठबंधन का, कि क्षेत्र के लोगों ने पार्टी के बड़े नेताओं के नाम पर उन्हें झोली भरकर वोट दिये। इस सबके बावजूद वह चुनाव नहीं जीत पाये। चुनाव हारने के बाद पूर्व सांसद क्षेत्र में सक्रिय है तथा यहीं पर मकान बनाकर रह रहे हैं।

# भाजपा, सपा व कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर

## सत्तारूढ पार्टी के कई निकाय चेयरमैन जनप्रतिनिधियों से खफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** सभी राजनीतिक दल गुटबाजी से जूझ रहे हैं। हाईकमान द्वारा गुटबाजी को दूर करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा। अगर समय रहते इस पर लगाम न कसी गयी तो विधानसभा चुनाव में अधिकांश दलों को इसका खामियाजा भुगताना पड़ सकता है।

वैसे तो अभी विधानसभा चुनाव में एक साल से अधिक का समय शेष है। परन्तु फिर भी कई प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। बात की शुरूआत करते हैं भाजपा से। 2014 के लोकसभा चुनाव से ही भाजपा का जो जीत का सिल. सिला शुरू हुआ वह जारी है। 2017 के विधानसभा चुनाव में 443 में से 325 सीटे जीतकर प्रदेश में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनी। 2019 के लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन कर केन्द्र में लगातार दूसरी बार सरकार बनायी तो वहीं 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 275 सीटे जीतकर लगातार दूसरी बार प्रदेश में सरकार बनायी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को जोर का झटका लगा। क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 64 सीटे जीती थीं जबकि सपा-बसपा गठबंधन के हिस्से में मात्र 15 सीटे आयी थीं। जबकि रायबरेली से पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी को स्मृति ईरानी के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस-सपा गठबंधन ने भाजपा को करारी शिकस्त दी तथा सपा ने 37 तथा कांग्रेस ने छह लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की। जबकि एनडीए गठबंधन को मात्र 37 सीटों पर सफलता मिली। बिहार के

> ■ नौगांवा से सपा विधायक का टिकिट कटवाने में लगे राष्ट्रीय सचिव मौलाना आब्दी
>
> ■ पूर्व सांसद दानिश अली व सचिन चौधरी में नहीं थम रही जुबानी जंग

विधानसभा चुनाव पर देशभर के राजनीतिक दलों की नजर गड़ी हैं। 14 नवम्बर को यहां के चुनाव परिणाम आने हैं। अगर यहां एनडीए की सरकार बनती है तो इससे भाजपा के हौंसले बुलंद होंगे तथा वह 2027 के चुनाव में प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। अगर इंडिया गठबंधन की जीत हुई तो फिर यूपी में वह पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी तथा भाजपा से सत्ता छीनने की पूरी कोशिश करेगी। जिले में 2017 के चुनाव में भाजपा को तीन सीटे मिली थीं। नौगांवा से स्व. चेतन चौहान तथा धनौरा से राजीव तरारा व हसनपुर से महेन्द्र सिंह खड़गवंशी पहली बार चुनाव जीते थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में नौगांवा सीट सपा ने भाजपा से छीन ली तथा पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल को हार का सामना करना पड़ा। जबकि महेन्द्र व राजीव तरारा लगातार दूसरी बार विधायक बने। इस समय भाजपा में गुटबाजी चरम सीमा पर है। स्थानीय निकाय के कई चेयरमैन अपनी ही पार्टी के जनप्रतिनिधियों से नाराज हैं तो वहीं पार्टी के कई नेताओं व कार्यकर्ताओं के काम न होने से वह भी पार्टी से खफा बताए जा रहे हैं। हाईकमान भाजपा नेताओं की गुटबाजी को दूर करने के लिए कोई भी प्रयास नहीं कर रहा। सपा में गुटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही। सपा के राष्ट्रीय सचिव नौगांवा से सपा विधायक समरपाल सिंह का टिकिट कटवाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। वहीं कांठ विधायक कमाल अख्तर व अमरोहा से छठी बार विधायक महबूब अली के बीच भी 36 का आंकड़ा जगजाहिर है। दोनों एक दूसरे को नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। वहीं सपा के बड़े नेता अपने परिजनों के लिए टिकिट मांग रहे हैं। जिस कारण पार्टी में कलह बढ़ती जा रही है। कांग्रेस में गुटबाजी जगजाहिर है। पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली व पार्टी नेता सचिन चौधरी के बीच जुबानी जंग थमने का नाम नहीं ले रही। दोनों एक दूसरे को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। कांग्रेस में भी पार्टी में गुटबाजी खत्म करने के लिए प्रयास नहीं हो रहे। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सभी दलों ने अगर गुटबाजी नहीं रोकी तो फिर चुनाव में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** केन्द्रीय सहकारिता एवं पूर्वात्तर विकास राज्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद बीएल वर्मा का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हाइवे स्थित पैराडाइज होटल पर स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं और केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का पात्रों को लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में अंतोदय तक विकास हो रहा है। शुक्रवार को शाम को हाइवे से गुजरते समय केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा होटल पर रूके। यहां पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाएं पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पति एवं भाजपा किसन मोर्चा के जिला महामंत्री कुंवरपाल सिंह खड़गवंशी, हसनपुर नगर पालि. काध्यक्ष राजपाल सैनी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश प्रधान, युवा भाजपा नेता रोहित शर्मा, पुष्पेन्द्र खड़गवंशी, डॉ. दीपक राणा, गौरव कक्कड़, वंश खड़गवंशी, नीरज, मोनू, रो. हित समेत अनेकों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

> ■ अंतोदय तक विकास पहुंचा रही डबल इंजन सरकार



**गजरौला।** केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

# जिला मुख्यालय पर ग्राम पंचायत अधिकारी-ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**मथुरा।** जिला मुख्यालय मथुरा पर ग्राम पंचायत अधिकारी – ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति की बैठक सियाराम गौतम एवं राम कुमार चौधरी की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुई स बैठक में ग्राम विकास अधिकारियों तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों(सचिवो) पर निरीक्षण के नाम पर अनावश्यक शोषण किए जाने, वेतन रोके जाने एवं बिना पक्ष जाने एक तरफा निलंबन रूपी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में ग्राम सचिव हुए लामबंद तथा समस्याओं के समाधान न होने पर 3 दिन बाद आंदोलन का किया ऐलानस बैठक का संचालन महामंत्री हरेंद्र सिंह द्वारा किया गया स बैठक में मुख्य वक्ता सौरभ मिश्रा, बिशन सिंह, पवन वर्मा, पूजा आदि रहे बैठक का समापन वीरेश शर्मा द्वारा किया गया स बैठक के मुख्य बिंदु– कृषि विभाग, राजस्व विभाग, लघु सिंचाई विभाग, पशुपालन विभाग के कार्यों से ग्राम सचिवों को मुक्त रखे जाने पर चर्चा हुई जिसका समस्त सचिवों द्वारा समर्थन किया गया स आपदा के समय को छोड़कर अवकाश के दिनों में कार्य न लिया जाए।

कार्यालय अवधि के बाद कोई ऑनलाइन या ऑफलाइन मीटिंग न रखी जाए स पेंशन, शादी अनुदान के प्रकरणों का सत्यापन ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) / सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) से कराया जाना आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।



# जगन्नाथ धाम में हुआ वैष्णो सेवा कार्यक्रम का आयोजन



**कोसीकलां।** समीपबर्ती गांव धर्मनगर स्थित जगन्नाथ धाम में भव्य संत, महंत, साधु वैष्णव सेवा कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। साध्वी शिखा दीदी तथा महंत भक्त वत्सलदास महाराज के नेतृत्व मैं आयोजित कार्यक्रम में दूर–दूर से आए हजारों साधु–संतों और भक्तजनों ने हिस्सा लिया । साध्वी शिखा दीदी की बड़ी बहन मीरा दीदी की स्मृति मैं आयोजित महोत्सव में भक्तों ने मीरा दीदी के आदर्शों और उनके समाजसेवा के कार्यों को याद करते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर साध्वी शिखा दीदी ने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि वही है जब हम सेवा, भक्ति और मानवता के पथ पर निरंतर अग्रसर रहें। जगन्नाथ धाम में आयोजित उक्त कार्यक्रम मैं दूर दराज से आए विद्वान संतों ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को प्रवचनों का रसपान कराया। तत्पश्चात महिलाओं ने भजन– कीर्तन, का आयोजन किया। इस दौरान समूचा जगन्नाथ धाम ठाकुर जी के उद्घोषों से गुजायमान हो उठा।समागम मैं दूर दराज से आए साधु संतों एवं विद्वानों ने क्षेत्र में आध्यात्मिक एकता और सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों साधु संतों एवं नगर के गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में रामहरि यदुवंशी, मुकेश वैष्णव एड, सुरजीत सिंह ठाकुर, के अलावा कोसी के आसपास के क्षेत्र के अनेकों समाजसेवी व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

# मुठभेड़ के दौरान इनामिया बदमाश दबोचा

**कोसीकलां।** थाना पुलिस ने पिछले करीब 10 वर्षों से संगीन वारदात के एक मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामिया बदमाश को मुठभेड़ के बाद विरासत में ले लिया गया। मुठभेड़ के दौरान दोनों पैरों में घुटने के नीचे गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, खोखा कारतूस व चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद की गई। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल मथुरा भेजा दिया गया।

थाना क्षेत्र की चौकी गढीबरबारी क्षेत्र के गढी बरबारी से नई गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर शुक्रवार की देर शाम थाना पुलिस गस्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने पुलिस को गत 10 वर्षों से गौहत्या जैसी संगीत वारदातों के विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे 25000 के इनामियां बदमाश सिराज पुत्र जबर खाँ निवासी अलीमेव थाना बहीन जिला पलवल हरियाणा के बारे में जानकारी दी। इसी दौरान बदमाश पुलिस को देखकर फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग करते हुए बदमाश को मुठभेड़ के बाद हिरासत में ले लिया।मुठभेड़ के दौरान दोनों पैरों में घुटने के नीचे गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। आरोपी के कब्जे से अवैध 315 बोर का 1 तमंचा, 2 जिंदा कारतूस, 1 खोखा कारतूस व चोरी की 1 मोटर साइकिल बरामद की गई। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल मथुरा भेजा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने बताया कि पिछले 10 साल से फरार चल रहे आरोपी पर थाना कोस. ीकला में गौहत्या जैसे आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# राया पुलिस ने अवैधा शराब के साथ एक युवक को किया

**मथुरा।** थाना राया पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने बल्देव रोड प्लाई ओवर से सादाबाद रोड की तरफ सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान सलीम पुत्र जमील निवासी घड़ी मोहल्ला, राया (उम्र 35 वर्ष) को पकड़ा। उसके पास से 50 पव्वा अवैध देशी शराब मार्का "ग्रान्ड मस्ती" बरामद की गई। इस संबंध में थाना राया पर मुकदमा संख्या 416, 2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी 07 नवंबर 2025 को शाम 4 बजे की गई। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक रवि भूषण शर्मा, उपनिरीक्षक रविन्द्र आदि ने की।

# केएम फिर बना मरीज के लिए मसीहा

eFkjkA केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल के सर्जरी विभाग की चिकित्सकीय टीम ने क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस से पीड़ित मरीज के पैंक्रियाज से कई स्टोन निकाल कर उसे पेट के भयंकर दर्द व बीमारी से निजात दिलाई है। इस सफल ऑपरेशन में सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल, असिटेंट प्रोफेसर डा. सागर मित्तल, जूनियर रेजिडेंट्स डा. आशुतोष सिंह, डा. दुर्गेश, डा. विवेक मित्तल, निश्चेतना विभाग के डा. अंचल जैन सहित नर्सिंग रंजीत सिंह, सतीश, प्रीति और ओटी विभाग इंचार्ज राहुल ठाकुर, भूपेन्द्र का विशेष सहयोग रहा। केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी ने सर्जरी विभाग की टीम को सफल ऑपरेशन के लिए बधाई दी है। दरअसल छाता कस्बा में रहने वाले मोबिन के 28 वर्षीय पुत्र शोभी के अत्याधिक शराब सेवन से दो साल से उसके पेट में दर्द, था तथा लैट्रीन बार बार आती थी। परिजन शोभी को केएम हॉस्पिटल लेकर आए यहां पर ओपीडी में डा. अजय अग्रवाल और डा. सागर को दिखाया तो जांच करने पर मरीज को अग्नाशय में सूजनध्क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस की समस्या का पता चला जिसमें अग्नाशय में एक से अधिक स्टोन बन गये थे, जिसका कि ऑपरेशन द्वारा ही ईलाज संभव था। सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल ने बताया कि क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस, अग्न्याशय (पैंक्रियास) में होने वाली सूजन है जो ग्रंथि (ग्लैंड) के प्रगतिशील विनाश का कारण बनता है। परिणामस्वरूप अग्न्याशय में पथरी विकसित हो सकती हैं जो आंत में पाचन रस को प्रवाहित करने ली नली को बंद कर देते हैं इससे मरीज के शरीर का वजन कम होने के साथ अपच, पथरी के कारण दर्द की शिकायत हो सकती है। यह बीमारी एक लाख में से किन्हीं दो से पांच व्यक्तियों में होती है।

असिटेंट प्रोफेसर डा. सागर मित्तल ने बताया मरीज दो साल से पेट में दर्द की शिकायत थी मरीज की एमआरसीपी की रिपोर्ट में पैनक्रियाज में स्टोन होने का पता चला साथ ही पैनक्रियाज की नली फूली हुई थी। ऑपरेशन के द्वारा पैनक्रियाज की नली खोल. कर अंदर की पथरियां निकाली गई और आंत को काट कर रु–एन–वाए लूप बनाया गया। इसमें एक आंत का टुकड़ा पैनक्रियाज की नली में जोड़ा गया। अब मरीज स्वस्थ होकर अपने घर जा चुका है। सीनियर प्रोफेसर डा. यशपाल जिंदल ने बताया इस रोग में मरीजों में इंसु. लिन व खाना पचाने का एनजाइम बनाने वाली पैनक्रियाज ग्रन्थि की नली में रूकावट में ग्रन्थि स्वत: नष्ट होने लगती है, खाना न पचन के कारण वचन कम होने लगता है, साथ ही अत्याधिक दर्द की शिकायत बनी रहती है। लम्बे समय तक रूकावट रहने से पैनक्रियाज में पथरी बनने लगती है। इस क्रोनिक पैनक्रिएटाइसिस बीमारी कहते है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## बहसूमा थाने से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने मचाया आतंक

# एक रात में चार दुकानों से हजारों की चोरी

■ सोती रही पुलिस, दुकानों में कुंबल करते रहे चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला सड़कवाला में अज्ञात चोरों ने थाने से चंद कदम की दूरी पर चार दुकानों में चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। चोरों ने चार दुकानों में पहले कुंबल किया तथा उसके बाद उनके अंदर रखी नगदी अन्य सामान चोरी कर लिया। चोर घंटों तक चोरी करते रहे। लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

घटना का पता सुबह उस समय चला जब दुकानदारों ने अपनी दुकान खोलकर देखा तो उनकी दुकान में चोरों ने कुंबल कर रखा था तथा उसमें रखी नगदी व अन्य सामान चोर चुराकर अपने साथ ले गए थे। बताते चले कि शुक्रवार की रात को कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित चार दुकानों को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया। शातिर चोरों ने छत के जीने की दीवार तोड़कर दुकान में प्रवेश किया तथा हजारों की नगदी चोरी की। वारदात को अंजाम देकर अज्ञात चोर आराम से फरार हो गये। लेकिन पुलिस फोर्स को भनक तक नहीं लगी। घटना की जानकारी सुबह व्यापारियों को उस समय हुई जब वह दुकान पर पहुंचे। दुकान का सामान इधर-उधर फैला हुआ था तथा गल्ले के अंदर रखी नगदी व कुछ सामान गायब था। चोरों ने इसी तरह एक के बाद एक दुकान को अपना निशाना बनाया तथा थाने से चंद कदम की दूरी पर पूरी घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा व्यापारियों को चोरों को पकड़कर मामले का खुलासा करने का भरोसा दिलाया। हालांकि घटना से समस्त व्यापारियों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है। अज्ञात चोर गिरोह ने मुख्य मार्ग पर स्थित जैन फर्टिलाइजर की दुकान से हजारों की



नगदी व अन्य सामान चुराया है। दुकान के प्रोपराइटर सुभाष जैन ने बताया कि उनकी दुकान की छत के ऊपर जीने की दीवार तोड़कर चोर अंदर घुसे तथा दुकान का दरवाजा खोलकर गल्ले के अंदर रखें 15 हजार रुपए चोरी कर लिये, इसके बाद चोरों ने उसके पास की एक दुकान को छोड़कर मनोज पकोड़ी वाले की दुकान के जीने की दीवार तोड़कर दुकान के अंदर गल्ला में रखें से करीब 10 हजार रुपये व एक खाली सिलेंडर चोरी कर लिया। इसके बाद चोरों ने बिल्लू योगी की जनरल स्टोर की दुकान के जीने की दीवार तोड़कर दुकान में रखें करीब 5 हजार रुपए चोरी किये। इसके बाद कस्बे के मुख्य मार्ग व मुख्य बाजार स्थित हरीश गोयल की दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। लेकिन शायद किसी वाहन के आ जाने से वहा से फरार हो गये। हालांकि हरीश गोयल अभी तक यह नहीं बता पाये कि उनका कुछ सामान चोरी हुआ है या नहीं। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने सभी दुकानों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द चोरों को पकड़कर जेल भेजा जाएगा। हालांकि व्यापारी चोरी की घटना से काफी आहत है तथा उनमें पुलिस के प्रति काफी नाराजगी भी दिखाई पड़ रही है। उनका कहना है कि पुलिस रात्रि में गश्त करने के बजाये आराम से सो रही है। जिस कारण नगर में चोर घटना को अंजाम दे रहे हैं। सूचना मिलने पर सीओ मवाना मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का मुआयना करने के बाद पीड़ित व्यापारियों से मिलकर उन्हें आश्वासन दिया। वहीं थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि उन्होंने आसपास की दुकानों पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलवाई है। जिसमें चोर आते जाते दिखाई दे रहे हैं। जल्द ही उनकी शिनाख्त कराई जाएगी तथा उन्हें पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।

# मानसिंह गोस्वामी का जिला प्रभारी मेरठ बनने पर जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के पश्चिम क्षेत्र के उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी को जिला प्रभारी मेरठ बनाए जाने पर शनिवार को प्रथम बार मेरठ आगमन पर भाजपा नेता अनिल चौधरी दबथुवा के आवास वैष्णो धाम कालोनी में कार्यक्रम कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मानसिंह गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों में मन से जुट जाने का आह्वान किया और प्रदेश की डबल इंजन सरकार के बड़े कार्यों पर प्रकाश डाल आगामी 2027 विधान सभा चुनाव में जुटाने के लिए बोला।



इस दौरान मानसिंह गोस्वामी ने वन्दे मातरम के 150 वर्ष उत्सव अभियान के अन्तर्गत सभी ने सामूहिक राष्ट्रगीत वंदे मातरम् गान किया। इस दौरान अनिल चौधरी दबथुवा, आर.डी शर्मा, ओमकर्ण मैनेजर, लक्की सैनी, सुखपाल मास्टर, संदीप हिन्दुराज, महकार पहलवान, विनोद वर्मा, एन.के. शुक्ला, विजेंद्र तोमर, कंवरपाल प्रधान, सुरेश तोमर, नेपाल मास्टर, कैप्टन अरविंद, अमित शर्मा, ओमबीर प्रधान, राजकुमार गुप्ता, वीरपाल घनघस, सचिन पंघाल, ओमकार बाबा, प्रवीण चेयरमैन, धर्मेन्द्र दीवान, महिपाल कश्यप, सुन्दर कश्यप, अनमोल कौशिक, जतिन शर्मा, हर्ष लखवाया, विशु फोगाट, हर्ष दहिया, जगवीर चौधरी, हरबीर बाबा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से सरधना के युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मुंबई से सरधना लौट रहें एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मेरठ कैंट स्थित रेलवे ट्रैक पर दर्दनाक मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम कराया। शनिवार शाम शव को गमगीन माहौल में सुपर्द ए खाक कर दिया गया गया।

सरधना नगर के मोहल्ला बैरून सराय निवासी जमीर पुत्र यासीन 35 वर्ष मुंबई में रहकर फेरी करने का काम करता था, जमीर अपने परिवार में कमाने वाला इकलौता ही था। गुरूवार को जमीर मुंबई से वापस ट्रेन में सवार होकर अपने घर पर लौट रहा था। शुक्रवार शाम जब जमीर कैंट स्टेशन पर पहुंचा, तो पैदल ही रेलवे ट्रैक पर सवार होकर जा रहा था, तभी पीछे की तरफ से आ रही तेज रफ्तार की ट्रेन ने टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही जमीर गरीब 300 मीटर की दूरी पर झाड़ियों में जाकर गिरा। मामलें की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए परिजनों को मामले की जानकारी से अवगत कराया।



मृतक जमीर का फाइल फोटो।

जमीर की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों के सामने पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्ट मार्टम के लिए भिजवा दिया। शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को गमगीन माहौल में सुपर्द-ए खाक कर दिया गया। जमीर अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए मुंबई में रहकर काम करता था।

# चौड़ीकरण निर्माण कार्य रुकवाने का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी, लोगों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव मंदवाड़ी में कुछ लोगों द्वारा चौड़ीकरण निर्माण कार्य रुकवाने के चलते मुख्य मार्ग पर कई माह से जलभराव है। इस बाबत गत दिवस ग्रामीणों ने तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम से समस्या के समाधान की मांग की थी।

डीएम के आदेश पर गुरुवार को सीओ पंकज लवानिया फलावदा पुलिस के साथ मंदवाड़ी पहुंचे और निरीक्षण किया। उक्त गांव का मुख्य मार्ग जनपद मेरठ की सीमा को मुजफ्फरनगर और हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग से आपस में मिलाता है। पीडब्ल्यूडी द्वारा मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पांच माह पूर्व शुरू हुआ था, लेकिन गांव के कुछ लोगों ने मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का निर्माण कार्य रुकवा दिया था। जिससे पानी की निकासी न होने से जलभराव की समस्या बनी है। इस मामले में ग्रामीणों ने गत दिवस तहसील में समाधान दिवस दौरान डीएम को सामूहिक पत्र देकर मुख्य



मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पूरा कराने व जलभराव से निजात की मांग की थी। डीएम के आदेश पर गुरुवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के जई संदीप शर्मा एआई रजनीश कुमार मौके पर पहुंचे और सीओ पंकज लवानिया थाना प्रभारी ब्रहम कुमार त्रिपाठी मयफोर्स समेत मंदवाड़ी गांव में उक्त मुख्य मार्ग पर पहुंचे। सभी अधिकारियों ने निरीक्षण कर रहे थे कि इसी बीच गांव के दोनों पक्ष अपनी अपनी बात रखते हुए हंगामा करते रहे। अधिकारियों ने कहा कि अगर आप इसी तरह हंगामा करोगे तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ब्रह्मकुमार त्रिपाठी ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाते हुए कहा कि अगर दोनों पक्ष इसी तरह हंगामा करते रहे तो मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य इसी तरह पेंडिंग पड़ा रहेगा। अगर समस्या का समाधान करना है तो दोनों पक्ष के लोग आपस में बैठकर समाधान कर ले। फिलहाल समस्या का निस्तारण नहीं हो सका और अधिकारी लौट गए। इस दौरान ग्राम प्रधान फतेह शर्मा, भाजपा नेता यशपाल गुर्जर, महेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान पवन गुर्जर, गौरव राणा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## डीएस ग्रुप के कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने नए उत्पादों के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी बाजार उपस्थिति को किया मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** धर्मपाल सत्यपाल समूह (डीएस ग्रुप) के लोकप्रिय ब्रांड कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने उत्तर प्रदेश में मसालों और संबंधित श्रेणियों में नए उत्पादों की श्रृंखला लॉन्च कर राज्य में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की योजना की घोषणा की है। इस नई श्रृंखला में प्रीमियम सिंगल स्पाइस ऑरिजिंस रेंज, नए स्प्रिंकलर वेरिएंट्स और संपूर्ण मसालों का विस्तारित पोर्टफोलियो शामिल है।

होटल, रेस्तरां और केटरिंग सेक्टर में अपनी पहले से मजबूत स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए, कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए मेयोनेज और सॉसेज को बुल्क पैकेजिंग में भी शामिल किया है। पिछले दो वर्षों में 20 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर दर्ज करने के बाद, कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज अब इस मजबूत विकास रफ्तार को जारी रखते हुए आने वाले पांच वर्षों में लगभग 30 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर हासिल करने का लक्ष्य रखता है। उत्तर प्रदेश कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज के लिए एक

■ पिछले दो वर्षों में 20 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर की है दर्ज

महत्वपूर्ण बाजार है। राज्य के शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में व्यापक पहुंच के साथ, कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज इस क्षेत्र में सबसे सशक्त वितरण नेटवर्क में से एक का संचालन करता है। जहां एक ओर शहरी बिक्री क्षेत्र में विकास का प्रमुख कारक बनी हुई है। ब्रांड के विस्तार योजनाओं पर बात करते हुए डीएस ग्रुप के कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज के बिजनेस हेड, संदीप घोष ने कहा, उत्तर प्रदेश का मसाला बाजार अपने विस्तार और ब्रांडेड गुणवत्ता वाले उत्पादों की बढ़ती उपभोक्ता मांग के कारण एक महत्वपूर्ण और गतिशील विकास इंजन का प्रतिनिधित्व करता है। डीएस ग्रुप का अभिन्न हिस्सा होने के नाते, कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने इस अवसर का मजबूत और रणनीतिक वितरण नेटवर्क के माध्यम से सफलता पूर्वक लाभ उठाया है, जिससे उपभोक्ताओं के बीच गहरा विश्वास स्थापित हुआ है।

# धारदार हथियार से हमला करने वाला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** करीब दो महीने पहले जानी थाना क्षेत्र के गांव अफजलपुर पावटी में घर में घुसकर गांव के ही एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला किया था जिसमें पीड़ित के भाई ने जानी थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना उप निरीक्षक अरुण भाटी कर रहे थे वहीं मुखबिर की सूचना पर आरोपी को अफजलपुर पावटी संपर्क मार्ग से दबोच लिया आरोपी के पास से हमले में उपयोग हथियार व डंडा भी बरामद कर लिया आरोपी की पहचान रियाज पुत्र सलीम निवासी अफजलपुर पावटी के रूप

# ऑल इंडिया शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

■ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान ने फीता काटकर किया उद्घाटन

■ यूपी के अलावा पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र सहित 16 टीमों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को कस्बे में मसूरी मार्ग पर स्थित ऑल इंडिया शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने फीता काटने के बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।





टूर्नामेंट के आयोजक इकराम रिजवी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी शानदार ऑल इंडिया शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, अमरोहा, बिजरोल, हरियाणा, महल सहित 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान आस पास क्षेत्र के अलावा दूर दराज से हजारों दर्शकों ने शिरकत की। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक शॉट लगाकर दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं देर रात कांग्रेस नेता सैयद रिहानुद्दीन, आसपा नेता शाहजेब रिजवी, वार्ड नंबर 6 से जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार वाइज अब्बास रिजवी, मिन्हाज प्रधान भी पहुंचे, उन्होंने अलग-अलग मैच में फीता काटकर शुभारंभ किया और खिलाड़ियों की पीठ थपथपाते हुए उनकी हौसला अफजाई की। आयोजक इकराम रिजवी व जैद रिजवी ने बताया कि टूर्नामेंट रविवार की सुबह तक चलेगा और फाइनल मैच की विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान आरिफ प्रमुख, इकराम, जैद, अलीम अख्तर, सहल, मिन्हाज प्रधान, रियासत रिजवी, तल्हा रिजवी, अब्दुर्रहमान गांधी, नौमान रिजवी, उवैस, आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया बीएसई 500 एन्हांस्ड वैल्यू 50 इंडेक्स फंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान यूलिप के लिए एक नया फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई 500 एन्हांस्ड वैल्यू 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। इस फंड का उद्देश्य ग्राहकों को भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं ग्रोथ स्टोरी में भागीदारी के लिए मंच प्रदान करना है। यह फंड उन शेयरों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो सैद्धांतिक रूप से मजबूत हैं, लेकिन फिलहाल अपनी वास्तविक क्षमता से कम मूल्य प्रदान कर रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी, मनीष कुमार ने इस लॉन्च पर कहा कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई 500 एन्हांस्ड वैल्यू 50 इंडेक्स फंड निष्क्रिय रूप से प्रबंधित फंड है, जो हमारे यूलिप ग्राहकों को भ्सरल और पारदर्शी तरीका प्रदान करेगा।

## सरधना ऐतिहासिक चर्च मेला...

# विश्व शांति के लिए कराई गई प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** ऐतिहासिक चर्च मेलें में शनिवार शाम को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिममें श्रद्वालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रार्थना में विशेष रूप से विश्व शांति के लिए प्रार्थना कराई गई। मेले में पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी रही, मेले में हजारों की तादाद में श्रद्वालु पहुंच चुके है, रविवार को मेले का समापन किया जायेगा।

सरधना नगर में लगने वाले प्रत्येक वर्ष दूसरे शनिवार व रविवार को माता मरियम के मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर दराज से हजारों की तादाद में श्रद्वालु भाग लेने के लिए आते है। शुक्रवार शाम से ही हजारों की तादाद मे श्रद्वालु पहुंच चुके थे, जिनके रूकने के लिए संत चार्ल्स इंटर कालेज व चर्च परिसर में रूकने के लिए टैंट की व्यवस्था की गई। प्रशासन भी दिन रात चौकसी में लगा हुआ है। शनिवार शाम को 5 बजे चर्च मेला परिसर में एक विशेष प्रार्थना सभा



का आयोजन किया गया। जिसमें मिस्सा बलिदान में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जहां उन्होंने विश्व शांति और बीमारों के स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की गई। देर शाम चर्च परिसर में सजाई गई लाइटें जलाई गई, जो आर्कषण का केन्द्र बनी रही।



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह: 89 जोड़े लाभान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जिला प्रशासन मेरठ के पर्यवेक्षण में शनिवार को विरासत रिसोर्ट, हसनपुर कद्दीम, गढ़ रोड मेरठ में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन कर 61 हिन्दु एवं 28 मुस्लिम कुल 89 जोड़ों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में विकास खण्ड रजपुरा के 28, विकास खण्ड खरखौदा के 12 व विकास खण्ड माछरा के 31, विकास खण्ड मवाना के दो, नगर पंचायत किठौर के 9, खरखौदा नगर पंचायत के 1, नगर पंचायत शहाजहांपुर के 6 जोड़ो का विवाह सम्पन्न कराया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ संजीव गोयल सिक्का सभापति उत्तर प्रदेश सहकारी संघ, कौशल चौहान, प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख रजपुरा, अतुल त्यागी, प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख खरखौदा द्वारा किया गया है। अमित अग्रवाल, विधायक कैंट एवं डॉ. वी.के. सिंह जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होकर वर वधु को आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में सुनील कुमार सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, शैलेश राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सुरेश गुप्ता जिला कार्यक्रम अधिकारी, अनुपम यादव जिला प्रोबेशन अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा, खरखौदा, माछरा, सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी व समाज कल्याण विभाग के समस्त कार्यालय व




क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे। अमित अग्रवाल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को गरीब व्यक्तियों के लिए उपयोगी बताते हुए वर-वधु को शुभ आशीर्वाद के साथ उनके गृहस्थ जीवन के सुखमय हेतु आशीर्वाद दिया गया। विधायक व जिलाधिकारी द्वारा कन्याओं को वैवाहिक उपहार सामग्री का वितरण किया गया। डॉ. वी.के. सिंह डीएम द्वारा वैवाहिक उपहार सामग्री को गृहस्थ जीवन हेतु उपयोगी बताते हुए सामग्री की सही गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं कार्यक्रम को भव्यता के साथ आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये। सुनील कुमार सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा उक्त योजना में धनराशि को रूपये 51000/- से बढ़ाकर रूपये एक लाख किया गया है। जिसके अन्तर्गत कन्या के बैंक खाते में 60000/- रूपये एवं 25000/- की वैवाहिक उपहार सामग्री, तथा 15000/- रूपये विवाह कार्यक्रम आयोजन पर व्यय होंगे। 12 नवम्बर 2024 को एम.बी. फार्म हाउस दौराला में, 16 नवम्बर 2025 को भावना फार्म हाउस परीक्षितगढ़ तथा 18 नवम्बर 2025 को अवतार फार्म हाउस कुराली जानी में सामूहिक विवाह कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व पात्र व्यक्ति योजना की वैबसाईट https://cmsvy-upsdc-gov-in/ पर आवेदन ऑनलाईन कर सकते है।

## संजय सोनकर के परिजनों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अधिवक्ता उमा शंकर खटीक के नेतृत्व में खटीक संघ के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए गोंडा निवासी मृतक संजय सोनकर के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा दिलाने की मांग की हैं। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार पुलिस अभिरक्षा में मारे गये संजय के मामले को दबाने में लगी है। जबकि इस मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिये। समाज के लोगों का कहना है कि मामले की सीबीआई जांच कराई जाए। आरोपी दरोगा व दोनों कांस्टेबलों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए तथा संजय के परिजनों को कम से कम 50 लाख का मुआवजा दिया जाये तथा केस का ट्रायल फास्ट ट्रैक के आधार पर एससीएसटी की धारा के तहत मामले को गंभीरता से लिया जाये। उनका कहना था कि भाजपा सरकार केवल दलित समर्थक होने का ढोंग करती है बड़े समाज के लोगों के खिलाफ हत्या जैसे संगीन मामले में भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद पिस्तौल दिखाने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को चिंदौड़ी मार्ग पर एक बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक का आरोप है कि कार सवार युवकों में से एक ने पिस्तौल दिखाकर उसे धमकी दी। मिली जानकारी के अनुसार लावड़ कस्बा निवासी नदीम पुत्र नसीम लगभग दो बजे अपने बच्चों को चौधरी बारु सिंह स्कूल में छुट्टी के समय लेने जा रहा था तभी एक सेंट्रो कार नंबर डी.एल 10सी 5764 ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गिर गया और बाइक का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। नदीम ने आरोप लगाया कि कार सवार युवकों में से एक ने उसको लात भी मारी और विरोध करने पर पिस्तौल दिखाकर धमकी भी दी आरोप है कि युवक धमकी देते हुए चिंदौड़ी गांव की ओर फरार हो गए। पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालकर जांच में जुटी हुई है।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप

**पति समेत आठ पर केस दर्ज, सभी आरोपी फरार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र के इटौआ गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के भाई ने पति समेत आठ लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

पीलीभीत जिले के अमरिया थाना क्षेत्र के कैचूटांडा निवासी सलीम ने बताया कि उनकी बहन फिजा की शादी 16 मई 2020 को देवरनियां के इटौआ निवासी महबूब शाह से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में बाइक और दो लाख रुपये की मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर फिजा को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

परिजनों का यह भी आरोप है कि ससुराल वाले फिजा को अक्सर मायके आने से रोकते थे। हाल ही में फिजा के ससुराल से उसके बीमार होने की सूचना मिली। जब मायके वाले पहुंचे, तो उन्होंने फिजा का शव एक चारपाई पर पड़ा देखा। शिकायतकर्ता का कहना है कि फिजा की मौत स्वाभाविक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या है।

सूचना मिलने पर देवरनियां थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के अनुसार, मृतका के भाई सलीम की तहरीर पर पति महबूब शाह, उसकी मां रुकसाना, पिता महबूब शाह, भाई वसीम, बहन फरीम, भाभी शबाना, सोनम और जीजा आरिफ सहित आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सभी आरोपी घटना के बाद से फरार हैं। दहेज हत्या का मामला होने के कारण इसकी जांच सीओ बहेड़ी को सौंपी गई है। बहेड़ी के सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## जहरीला पदार्थ पीकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव उनासी में शनिवार तड़के एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था। मिली जानकारी के अनुसार गांव उनासी निवासी पप्पू पुत्र मोतीराम (50 वर्ष) लंबे समय से शराब पीने का आदी था। शनिवार सुबह तड़के उसने घर में रखी कीटनाशक दवा पी ली जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाने का प्रयास किया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर फतेहगंज पश्चिमी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

## एक नजर

### थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती हुई लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री बीते मंगलवार शाम से लापता है। आशंका जताई है कि युवती को कोई बहला-फुसलाकर ले गया है।

थाना क्षेत्र एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की मंगलवार शाम करीब पांच बजे मेरी पुत्री घर से दवा लेने वल्लिया जाने को कह कर गई थी।देर रात तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान पता चला कि गाँव के ही धर्मेन्द्र जो अपनी ननिहाल में ही रहता है,उसके पास रूद्रपुर निवासी एक युवक अतुल का आना-जाना रहता है। बताया जा रहा है कि वह युवक मेरी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। जब पीड़ित ने धर्मेन्द्र से पूछताछ की तो उसने जानकारी देने से इंकार कर दिया। पुलिस ने दोनों लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सेंथल के लाल ने जीता भारत के लिए गोल्ड मैडल, एशियन चैम्पियनशिप में हुआ सलेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** नेपाल में होने वाली इंडो नेपाल इंटरनेशनल ऐथलेटिक्स चौम्पियनशिप 2025 में एसजीएडीएफ फेडरेशन की तरफ से खेल कर भारत की ओर से

1500 मीटर की रेस में बरेली जिले की सेंथल नगर पंचायत के देव मौर्य ने भारत के लिए गोल्ड मैडल जीतकर नगर तहसील व जिले का नाम रोशन किया, व एशियन चौम्पियनशिप 2026 में सलेक्शन हुआ। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कम्बर एजाज शानू, डॉ. लेखराज मौर्य, डॉ. आर.बी.लाल मौर्य, झम्मन लाल मौर्य, गेंदनलाल मौर्य, ललित मौर्य, अनिल मौर्य, देवेन्द्र मौर्य, होतेलाल मौर्य, हरिशंकर मौर्य, मुनीश मौर्य, मंगलीराम मौर्य, सेवाराम मौर्य, मदनलाल मौर्य, अविनाश मिश्रा, घनश्याम दास शर्मा, उमाकांत जोशी, आशीष देवल, अनुभव शर्मा, अनुपम पंडित आदि ने बधाई दी।

### एसआईआर के प्रचार प्रसार में जुटा प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** एसआईआर (स्पेशल इन्टेसिव रिवीजन) को लेकर तहसील प्रशासन ने अभियान छेड़ रखा है। शनिवार को तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने क्षेत्र के ग्रामों मिलक अलीनगर व गौशलपुर के साथ ही नगर के मुख्य बाजार में घर-घर व दुकानों मतदाताओं से सम्पर्क कर लोगों को एसआईआर की महत्ता व उपयोगिता समझाते हुए मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि 18 साल की उम्र वाले किसी भी नागरिक का नाम मतदाता सूची पर जुड़ने से न रह जाएं, इसके लिए सभी को जागरूक होना चाहिए।

### पत्नी को बुलाने गए युवक पर सास साला और पत्नी ने किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पत्नी को लेने ससुराल पहुंचे एक युवक पर परिजनों और पत्नी ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। लाठी-डंडे और चाकू से किए गए हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के मेथी नवदिया निवासी गुड्डू की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज के गांव रिछौला किफायतुल्ला निवासी गिरधारी लाल की पुत्री से हुई थी। कुछ दिन पूर्व पत्नी अपने मायके मेहमानी में गई थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी वह ससुराल नहीं लौटी। बताया गया कि बीते दिन गुड्डू अपनी पत्नी और बच्चों से मिलने तथा उसे घर बुलाने के लिए दोपहर करीब एक बजे ससुराल पहुंचा। आरोप है कि इस दौरान उसकी सास सुनीता, चचिया सास, साला प्रदीप जिसके हाथ में चाकू था और पत्नी ने एक राय होकर उस पर हमला कर दिया। पीड़ित को लाठी-डंडे व चाकू से बुरी तरह पीटा गया जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल गुड्डू को अस्पताल भिजवाया और उसका मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सास सुनीता, साला प्रदीप, पत्नी और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तलाकशुदा युवती के घर में घुसकर किया दुष्कर्म



**रिपोर्ट दर्ज, आरोपी गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** तलाक शुदा युवती के घर में घुसकर एक युवक ने जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल को भेजकर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कस्बा निवासी एक युवती ने पुलिस को वताया कि वह तलाक शुदा है।और अपने मायके में रह रही है।आरोप है कि शुक्रवार दोपहर को परि. जनों की गैर मौजूदगी में कस्बे के मोहल्ला ईद गाह निवासी बसीम उसके घर में घुस आया और जबरन उसके साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को आरोपित को कस्बे के बिलासपुर बस अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूंछताछ में आरोपित ने पुलिस को वताया कि वह पिछले पाँच वर्ष से उक्त युवती से प्यार करता था। इसी बीच आरोपित का छः माह पूर्व कस्वे की ही दूसरी युवती के साथ शादी हुई थी।कुछ समय पूर्व प्रेमिका का उसका पति से तलाक हो गया है। इसीलिए वह अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# रेलवे फाटक के बीच में ट्रैक्टर की हफ का मुसरा टूटने से यातायात हुआ बाधित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** भिटौरा फाटक पर दोनों लाइन के बीच में ट्रैक्टर ट्राली को जोड़ने वाला हफ का मुसरा अचानक टूटने से गन्ना लदा ट्रैक्टर ट्राली फसने से रेलवे ट्रैक और यात्री वाहन यातायात बाधित हो गया। जेसीबी के द्वारा मुश्किल तमाम से ट्राली को हटाया गया। तब करीब पौन घंटे तक रेलवे ट्रैक बाधित रहने के बाद सुचारू हुआ।बिहार से दिल्ली आनंद विहार जाने वाली जन साधारण एक्सप्रेस भिटौरा स्टेशन पर करीब पौन घंटा तक खड़ी रही।स्टेशन मास्टर की सूचना पर ट्रैक्टर ट्राली के खिलाफ आरपीएफ के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार रहपुरा करीम बक्श सेंटर से ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना लादकर चालक नूर बक्श मीरगंज शुगर मिल जा रहा था। भिटौरा रेलवे फाटक पर करीब डेढ़ बजे रास्ता ऊबड़ खाबड़ होने के कारण दोनों लाइन के बीच में ट्रैक्टर ट्राली को जोड़ने वाला हफ का मुसरा टूटने से ट्राली फंस कर रह गया।करीब दो सौ से अधिक गन्ना लदा होने के कारण ट्रैक्टर की पटिया से ट्राली नहीं उठा। तब चालक किसी तरह से किसी की जेसीबी लेकर आया।जेसीबी से ट्राली उठाकर और धक्का लगा कर मुश्किल तमाम से ट्राली रेलवे ट्रैक से करीब पौन घंटे में बाहर किया गया। इस दौरान भिटौरा स्टेशन पर बिहार से आनंद विहार दिल्ली जाने वाली जन साधारण एक्सप्रेस ट्रेन 51 मिनट तक खड़ी रही।रेलवे ट्रैक खाली होने के बाद करीब सबा दो बजे उसको रवाना किया गया। गेटमैन चमन प्रकाश की सूचना पर स्टेशन मास्टर रमेश चंद्र ने मुरादाबाद डिवीजन को जानकारी दी।जिस पर ट्रैक्टर ट्राली के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

उधर रेलवे ट्रैक खाली होने के बाद भी फाटक के दोनो तरफ का यात्री वाहन यातायात शाम तक बाधित रहा। वाहन चालकों को करीब 10 किमी अतिरिक्त यात्रा करके फतेहगंज पश्चिमी कस्बा पहुं. चना पड़ा।

,यात्री वाहन दोनों तरफ फंसकर रह जाने के कारण यात्रियों ने पदयात्रा की।दूसरे ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना लादकर देर शाम फतेहगंज पश्चिमी शाही रोड सुचारू हुआ। इस दौरान तो कुछ दोपहिया वाहन चालकों ने ट्रैफिक नियम तोड़कर फाटक से हटकर दोनों लाइन पार की। हालांकि तैनात रेलवे पुलिस कार्यवाही करने की धमकी देकर उनको रोकने का प्रयास करती रही।लेकिन फिर दो पहिया वाहन ने उनकी एक नहीं सुनी।स्टेशन मास्टर रमेश चंद्रा ने बताया भिटौरा फाटक के बीच ट्रैक पर गन्ना लदा ट्रैक्टर ट्राली फंस जाने से रेलवे ट्रैक करीब 51 मिनिट बाधित रहा है।जिसके चलते ट्रैक्टर ट्राली के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

# चीनी मिल पेराई सत्र 10 नवम्बर से होगा शुरू

**इस वर्ष एक नया गन्ना क्रय केंद्र बढ़ा, डीएम करेंगे शुभारंभ**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** बरेली जिले की एकमात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा का पेराई सत्र 10 नवंबर सोमवार से शुरू हो रहा है। इस वर्ष मिल से एक नया गन्ना क्रय केंद्र जोड़ा गया है। मिल प्रबंधन ने पेराई सत्र की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मिल के वर्ष 2025-26 के गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ 10 नवंबर को सुबह 11 बजे मिल अध्यक्ष और जिलाधिकारी अविनाश सिंह करेंगे। मिल ने शुरुआती तीन दिनों के लिए गन्ने का इंडेंट भी जारी कर दिया है। मिल प्रबंधन के अनुसार, 11 नवंबर के लिए 20 हजार क्विंटल और 12 व 13 नवंबर के लिए 25-25 हजार क्विंटल गन्ने का इंडेंट जारी किया गया है। इस वर्ष 35 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्ष 38 लाख क्विंटल का लक्ष्य था, लेकिन केवल 23 लाख 20 हजार क्विंटल गन्ने की ही पेराई हो पाई थी। इस वर्ष सेमीखेड़ा चीनी मिल को बहेड़ी चीनी मिल का एक गन्ना क्रय केंद्र हंसा मिला है। अब सेमीखेड़ा मिल के तहत भोजीपुरा प्रथम, अहमदाबाद, परशुनगला, रत्नानंदपुर, भोलामानपुर, घाटमपुरा, दमखोदा बी, ब्यौधा, भोजीपुरा द्वितीय और हंसा सहित कुल 10 गन्ना क्रय केंद्र संचालित होंगे। शनिवार को पेराई सत्र के शुभारंभ की अंतिम तैयारियां चल रही थीं।

# सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के समर्थन में गौरक्षा हिंदू दल ने निकाली पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधिश्वर महाराज पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आवाहन पर दिल्ली से 16 नवंबर तक वृंदावन धाम के लिए सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाली जा रही है, वहीं पदयात्रा में देश के साधु संत व सभी सनातनी शामिल होंगे, तो वहीं पदयात्रा के समर्थन में गौरक्षा हिंदू दल बहेड़ी तहसील अध्यक्ष मनोज गंगवार के नेतृत्व में नगर में पदयात्रा निकाली गई, पदयात्रा बहेड़ी के रामलीला मैदान से निकलकर राम दरबार, नैनीताल रोड, तिकोनी दुकान, मीना बाजार, थाना कोतवाली व सम्राट पैलेस के सामने होते हुए सिंह गोटिया रेलवे फाटक के पास ब्रह्मदेव मंदिर पर श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ समाप्त हुई। इस दौरान गौरक्षा हिंदू दल के जिला अध्यक्ष देवेंद्र भास्कर, जिला महामंत्री रजत पंडित, जिला प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह, तहसील मंत्री करन, तहसील सहयोजक भूपराम, राहुल, सर्राफा व्यापारी हरवंश गुप्ता, दिल्लीधर गंगवार, योगेन्द्र, सानू गंगवार, भूपेंद्र गंगवार ऊर्फ अंशु, सत्यपाल, विष्णु मौर्य, अनिल शर्मा, राहुल गुप्ता, हेमंत गुजर आदि सनातनी लोग शामिल रहे।

# कार्यकर्ता एक जुट होकर करें काम: चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**नवाबगंज।** भाजपा कार्यकर्ताओं की शनिवार को क्षेत्र के आदर्श महाविद्यालय में हुई कार्यशाला में पार्टी के बड़े नेताओं ने मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के चल रहे अभियान में जुटने का आवाहन किया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और जिले के प्रभारी देवेन्द्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं से इस महाअभियान में जी जान से जुटने का आवाहन करते हुए कहा कि जैसे विहार में 60 लाख फर्जी मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं, उसी तरह प्रदेश से भी फर्जी वोट कटवाए जाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं से अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्भयन करने की अपील की है। उन्होंने लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 13 नवंबर को क्षेत्र के ग्राम बीजामऊ से शुरू होने वाली पदयात्रा में भारी संख्या में शामिल होने की अपील भी की।

पार्टी के जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा और विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर रवीन्द्र सिंह राठौर ने भी जहां 2014 की पूर्व सरकारों पर तीखे हमले किए, वहीं उन्होंने कहा कि अगर कार्यकर्ताओं ने इस अभियान में मेहनत कर ली तो उसे फिर 2027 और 2029 में मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि सही ढंग से फर्जी वोट कट गए, और आपके अपने वोट बन गए तो भाजपा को 15-20 सालों तक कोई हिला नहीं पाएगा। कार्यशाला में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, पूर्व जिला अध्यक्ष पूरन लाल लोधी, मेघनाथ कठेरिया, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नत्थू लाल आर्य, केशव गुप्ता, भुवनेश गंगवार एड, शशि कपूर, देवपाल, शिवनन्दन, पुष्पेंद्र यादव, अंगन लाल, जमुना प्रसाद फौजी, पूजा गंगवार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में पार्टी के जिला महासचिव वीरपाल गंगवार ने सभी मंडल अध्यक्षों की कार्यकारिणी के साथ ही बूथ अध्यक्षों की समीक्षा की। कार्यशाला में क्षेत्र से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# पापा मैं आपका अच्छा बेटा नहीं बन सका

**आखिरी वीडियो में बोले मुनेंद्र, अब लापता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पापा मैं आपका अच्छा बेटा नहीं बन सका अब मैं सुसाइड कर रहा हूं. किसी ने मेरा साथ नहीं दिया मां की मौत के बाद मैं बिल्कुल टूट गया हूं।यह वो दर्दभरे शब्द हैं जो 23 वर्षीय मुनेंद्र मिश्रा ने अपने आखिरी वीडियो में कहे। कांपती आवाज, नम आंखें और चेहरे पर गहरी मायूसी इन लफ्जों ने हर सुनने वाले का दिल दहला दिया। वीडियो सामने आने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने पुलिस से मुनेंद्र को किसी भी हाल में जिंदा ढूंढ निकालने की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के अनुसार मुनेंद्र मिश्रा पुत्र रामसेवक मिश्रा निवासी फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र रबर फैक्ट्री के पास, एक्सिस बैंक में क्रेडिट कार्ड एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था। परिवार के मुताबिक, 27 अक्टूबर को वह बिना बताए घर से निकला और उसके बाद वापस नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ मिला। परिजनों ने कई जगह तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिवार ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।मां की मृत्यु के बाद से ही मुनेंद्र मान. सिक रूप से परेशान बताया जा रहा है। उसके दोस्तों का कहना है कि वह पिछले कुछ दिनों से बहुत चुप और उदास रहने लगा था।पुलिस ने वीडियो की जांच शुरू कर दी है और उसकी लोकेशन ट्रेस करने के प्रयास किए जा रहे हैं। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एनएचएआई सदस्य ने की बरेली मंडल में परियोजनाओं की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सदस्य (प्रशासन) विशाल चौहान और कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने बरेली मंडल में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। एनएचएआई सदस्य ने बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडल के अंतर्गत लंबित सड़क निर्माण कार्यों को वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले हर हाल में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं होगा, ताकि आवागमन में कोई समस्या न हो। उन्होंने विशेष रूप से जिलाधिकारी पीलीभीत को बरेली-पीलीभीत मार्ग पर बड़ी संख्या में पेड़ों के अवशेष होने का मुद्दा उठाया। इन पेड़ों को हटाए बिना निर्माण कार्य बाधित है। उन्होंने शीघ्र वृक्षों की कटान कर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।

एनएचएआई सदस्य ने सभी जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जहां सड़क निर्माण पूरा हो चुका है, वहां संबंधित भूमि का म्यूटेशन कार्य तुरंत कराया जाए, ताकि सड़क विधिवत हस्तांतरित होकर उपयोग में लाई जा सके। उन्होंने स्ट्रीट लाइटों के न लगने या खराब होने की शिकायतों पर तत्काल लाइटें लगवाने और खराब लाइटों को ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को सप्ताह में एक बार प्रगति समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए, ताकि लंबित कार्यों की स्थिति स्पष्ट रहे और समय पर सुधार किया जा सके। निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों को पूरा करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह, जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी बदायूं अवनीश राय, जिलाधिकारी शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने धर्मस्थलों पर मानक से अधिक लगे लाउडस्पीकर उतारे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर शनिवार को थाना क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अभियान चलाया गया, इस दौरान कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई धर्मस्थलों से मानक से अधिक लगाए गए लाउडस्पीकर उतरवाए और कई स्थानों पर आवाज कम कराई गई।

अभियान के तहत नगर की जंगले वाली मस्जिद, छोटी मस्जिद, सड़क वाली मस्जिद, इस्लाम नगर की मस्जिद, जरेली गांव की मस्जिद, बरखना हरचंद्रपुर की मस्जिद, कुंडरा की मस्जिद के साथ ही ग्राम समुहा की मस्जिद सहित कई गांवों के मंदिरों से भी तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर हटवाए गए।

कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्रवाई ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत की गई है। सभी धर्मस्थलों को मानक ध्वनि सीमा में ही लाउडस्पीकर उपयोग करने की हिदायत दी गई है। नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शिकायत के बाद भी नहीं हटे लाउडस्पीकर

जहां पुलिस प्रशासन धार्मिक स्थलों में मानक से अधिक लगे लाउडस्पीकरों को उतरनवाने में लगा है, वहीं कस्बे के एक नागरिक द्वारा की गई शिकायत पर भी तेज आवाज से बज रहे लाउडस्पीकरों को उतरनवाने से नाकामयाब साबित हुआ है। कस्बे की गोल्डन सिटी के रहने वाले यशपाल द्वारा पड़ोस के एक सभासद द्वारा अपनी छत में तेज आवाज से लाउडस्पीकर बजाए जाने का आरोप लगाते हुए तहसील दिवस में शिकायत करते हुए उन्हें तत्काल हटाए गए की मांग की थी, लेकिन उसकी इस शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# मारपीट के मामले में फरार चल रहे चार अभियुक्त गिरफ्तार

## गोवर्धन पर्व पर पटाखें जलाने को लेकर हुआ था विवाद, थाना छपरौली पर था अभियुक्तों के खिलाफ मुकदता दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली थाना पुलिस ने गोवर्धन पर्व पर बदरखा गांव में पटाखों को लेकर हुए विवाद में हमला करने के आरोप में चार और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी जनपद में अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है।

वादी प्रवेन्द्र पुत्र करण सिंह निवासी बदरखा ने थाना छपरौली में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि बच्चों द्वारा पटाखे जलाने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ अभियुक्तों ने लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से लैस होकर उनके घर पर हमला कर दिया। हमले में प्रवेन्द्र, उनके भाई अरविन्द, पिता करण सिंह, माता, पत्नी और भाभी को गंभीर चोटें आईं। अभियुक्तों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से मारपीट की। घटना में प्रवेन्द्र के पिता के दाहिने



पैर और प्रवेन्द्र के बाएं हाथ की हड्डी टूट गई। इस मामले में थाना छपरौली पर मुकदमा अपराध संख्या 261/25 भारतीय न्याय सं.हता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए छपरौली पुलिस टीम ने इस मामले में वांछित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में वसीम पुत्र मेहरदीन, इस्लाम पुत्र मेहरदीन, सलीम पुत्र मेहरदीन और आशू उर्फ आस मोहम्मद पुत्र सादा उर्फ शमशाद, सभी निवासी ग्राम बदरखा शामिल हैं। इससे पहले, इस मामले में दो महिला अभियुक्त सहित आठ अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। वे सभी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में जिला कारागार बागपत में बंद हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक गवेन्द्र पाल सिंह, उपनिरीक्षक अमित गोला, कॉन्स्टेबल सरफराज और कॉन्स्टेबल प्रेमपाल शामिल रहे।

## हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष दोघट में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी बागपत पहुंचे। वे दोघट में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। खेकड़ा पाठशाला चौक पर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। चौधरी ने बताया कि वे हनुमान चालीसा पाठ के बाद टीम के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने बताया कि दोघट में हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया गया है। खेकड़ा में उनके स्वागत के दौरान उन्होंने कहा कि संगठन विस्तार का कार्य तेजी से चल रहा है। चौधरी ने जोर देकर कहा कि उनके कार्यकर्ता धर्म की रक्षा के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से संगठित रहने की अपील करते हुए कहा कि धर्म को बढ़ावा देने के लिए एकता आवश्यक है। कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद वे दोघट के लिए रवाना हो गए। लव जिहाद के मुद्दे पर पिंकी चौधरी ने कहा कि यह अज्ञानता का परिणाम है और वे युवाओं को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने अपनी बहन-बेटियों की रक्षा के लिए कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा तत्पर रहने की बात कही। चौधरी ने यह भी बताया कि बागपत में लव जिहाद का एक मामला सामने आया है, जिसकी वे जांच कर रहे हैं और पीड़ितों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

## विधि विधान के साथ किया बैद स्वाध्याय का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** मलकपुर रोड छपरौली चुंगी के निकट श्रीशिव गुरुकुल स्वाधालय केंद्र संस्कृत विद्यालय में ब्राह्मण विद्यार्थियों द्वारा विधि विधान के साथ सुबह का बैद स्वाध्याय का पाठ किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने धनुष बाण चलाने का भी प्रशिक्षण लिया। विद्यालय के संस्थापक पंडित संदीप दत्त शास्त्री द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अविगनय प्रिंस भारद्वाज कृष्णा आर्यन शास्त्री हर्ष भारद्वाज तुषार वशिष्ठ अनंत शर्मा रामबाबू शुक्ला के अलावा भारी संख्या में गुरुकुल के छात्राओं ने धनुष बाण का प्रशिक्षण देते हुए अपनी-अपनी कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया आंख मिचकर धनुष से तीर चला कर निशाना लगाकर गेंद को फोड़ना जैसे अनेक प्रदर्शन विद्यार्थीयों द्वारा किए गए। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक आचार्य पंडित संदीप दत्त शास्त्री द्वारा यज्ञ हवन रोजाना की तरह मंत्रो द्वारा किया गया।



## महिला ने लगाया पति पर दहेज उत्पीड़न व मानसिक प्रताड़ना का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक महिला ने अपने पति पर दहेज उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। सरूरपुर गांव निवासी पीड़िता एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया। उसने बताया कि उसकी शादी करीब 22 वर्ष पहले खेकड़ा क्षेत्र के पट्टी ओरंगाबाद निवासी एक युवक से हुई थी।

शादी के शुरुआती वर्षों में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बाद में पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, जब उसने दहेज की अनुचित मांगों का विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने कई बार घर की शांति बनाए रखने के लिए समझौते का प्रयास किया, लेकिन ससुराल पक्ष अपनी मांगों पर अड़ा रहा।

अब पति ने उसे घर से निकाल दिया है और बच्चों की जिम्मेदारी उठाने से भी इनकार कर दिया है, जिससे वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। पीड़िता ने बताया कि उसने पहले महिला थाने और स्थानीय पुलिस से भी मदद मांगी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। न्याय की उम्मीद में उसने एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसपी कार्यालय के अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### महिला ने लगाया अपने पड़ोसियों पर उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कस्बे के छोटा जैन मंदिर क्षेत्र की एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है और कार्रवाई की मांग की है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह विधवा है और उसके पति की कुछ समय पहले मृत्यु हो चुकी है। उसका आरोप है कि पड़ोसी उसे घर से निकालने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, आरोपी रात के समय उसके घर पर पत्थर फेंकते हैं। साथ ही, वे उसे और उसकी बेटी को गलत इरादे से देखते हैं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस कारण वह और उसकी बेटी काफी भयभीत हैं। उसने पुलिस से अपनी और अपनी बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इस मामले में खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर जांच की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सीएनजी पंप टटीरी के निकट हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के अहेडा गांव निवासी इंद्रपाल ने शनिवार को करीब साढे आठ बजे जानकारी देते हुए बताया कि मंगल और महावीर शुक्रवार की रात करीब साढे नौ बजे बाइक पर सवार होकर बागपत से अपने अहेडा गांव जा रहे थे। उसी दौरान सीएनजी पंप टटीरी के निकट हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को प्राइवेट एंबुलेंस की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। उधर टटीरी पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार यादव का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### थाना समाधन दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** डीएम अस्मिता लाल व एसपी सूरज कुमार राय ने कोतवाली बागपत में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन सामान्य की समस्याएं सुनी। शनिवार को करीब एक बजे डीएम अस्मिता लाल व एसपी सूरज कुमार राय ने कोतवाली बागपत में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन सामान्य की समस्याएं सुनी तथा समाधान के लिए संबधित को दिशा निर्देश दिए।

### छतों के ऊपर से गुजर रही बिजली के तार, लोगों को बना जान का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गायत्रीपुरम मोहल्ला में घरों की छतों के ऊपर से बिजली की तारें गुजर रही है, जिससे लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। शनिवार को करीब साढे 11 बजे गायत्रीपुरम मोहल्ला बागपत निवासी साबूद्दीन के मुताबिक घर के ऊपर से बिजली की तारें गुजर रही है। घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों से लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में ऊर्जा निगम के अधिकारियो को कई बार लिखित व मौखिक शिकायत की जा चुके है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने डीएम से छतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों को हटवाने की मांग की है।

## दूसरे दिन खेलकूद स्पर्धाओं में बालिकाओं ने दिखाया दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** फाजलपुर के शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज में चल रही तीन दिवसीय नौवी चौधरी हरबंश लाल स्मृति बालिका खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने दम दिखाया। जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में अदिति अव्वल रही।



प्रतियोगिता के सीनियर 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में मनीषा जिवाना प्रथम, परी लुहारा द्वितीय तथा चेतना तृतीय रही। सीनियर रिले दौड़ स्पर्धा में शांति देवी कन्या कालेज फ़ज़लपुर प्रथम, धर्म सिंह बालिका विद्यालय बडका द्वितीय तथा आर्य कन्या इंटर कालेज जिवाना की टीम तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ स्पर्धा में आरजू फजलपुर प्रथम, हसराना द्वितीय तथा हिमानी जिवाना तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ में हसराना प्रथम, प्रीति जिवाना द्वितीय व मेघा तृतीय रही। जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में अदिति बडका प्रथम, खुशी कैडवा द्वितीय तथा वर्णिका जिवाना तृतीय रही। 200 मीटर में वंशिका जिवाना प्रथम, अलीशा लुहारा द्वितीय तथा सीतू बडका तृतीय रही। आयोजन में संयोजक नरेश वर्मा, प्रेरणा वर्मा, राकेश वर्मा, प्रधानाचार्य सपना शर्मा, सतीश चंद, श्रीनिवास, वर्मा, प्रेरणा वर्मा, प्रधानाचार्य सपना शर्मा, राकेश वर्मा, वेदप्रकाश, जयभगवान, मास्टर रामकिशन, गिरवर सिंह, गायत्री पंवार, सर्वेंद्र भारद्वाज, सतीश चंद, आस्था सोलंकी आदि का सहयोग रहा।

## विशु तोमर पिछले पांच दिनों से लापता, परिजनों ने गुमशुदगी की पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बामनौली गांव से रालोद कार्यकर्ता विशु तोमर पिछले पांच दिनों से लापता हैं। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। परिवार को किसी अनहोनी की आशंका है।

विशु तोमर 2 नवंबर को घर से निकले थे। उनके चाचा नरेश डायरेक्टर ने बताया कि उस दिन किसी लड़के का फोन आने के बाद विशु अपनी बाइक लेकर चला गया था। रात में उसने अपने बड़े भाई विनय को फोन कर बताया था कि वह अगली सुबह घर आ जाएगा, लेकिन उसके बाद से उसका फोन नंबर बंद आ रहा है। पांच दिन बीत जाने के बाद भी विशु का कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिवार को आशंका है कि विशु के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। लापता युवक के चाचा ने पुलिस से विशु की जल्द तलाश करने की अपील की है। दोघट थानाध्यक्ष सूर्यदीप सिंह ने बताया कि उन्हें लापता युवक की गुमशुदगी की तहरीर मिली है। पुलिस टीम युवक की तलाश में सक्रिय रूप से जुटी हुई है।

## नगर में मनाया जाएगा ऋषभंदेव मानस्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में ऋषभदेव मानस्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव, 14 नवंबर से 16 नवंबर तक आचार्य नयन सागर महाराज के सानिध्य में तीर्थंकर ऋषभदेव सभागार, मान स्तंभ सभागार में धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रतिष्ठाचार्य अशोक जैन शास्त्री दिल्ली के दिशा निर्देशन में सभी मांगलिक क्रियाएं संपन्न होंगी।

दिगंबर जैन कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉक्टर डी के जैन ने बताया कि 1999 में मान स्तंभ की स्थापना परम पूज्य आचार्य विद्यानंद महाराज के सानिध्य में हुई थी। जनवरी 25 में मानस्तंभ के क्षतिग्रस्त होने और प्रतिमाजी के खंडित होने पर,प्रबंध समिति ने मानस्तंभ का निर्माण अनुभवी आर्किटेक्ट की देखरेख में करवाया। अब आचार्य नयन सागर के सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य अशोक जैन शास्त्री दिल्ली के दिशा निर्देशन में 14 नवंबर से 16 नवंबर तक त्रिदिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन मान स्तंभ परिसर में किया जाएगा। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि मानस्तंभ की टोंक पर आचार्य श्री और प्रतिष्ठाचार्य सहित 10 व्यक्ति ही मांगलिक क्रियाएं संपन्न कराएंगे। मानस्तंभ पर ऊपर चढ़ने के लिए दिल्ली के आर्किटेक्ट अमित जैन द्वारा लोहे ही मजबूत पेड़ का निर्माण किया गया है। अन्य सभी जैन श्रद्धालु नीचे से ही दर्शन और भक्ति करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त प्रबंध समिति और सकल जैन समाज के साथ जैन तीर्थ यात्रा संघ व समिति,दिगंबर जैन युवा मंच, पंच परमेष्ठि प्रचार समिति, अतिथि भवन पुजारी संघ,जैन मिलन परिवार सहित नगर की अनेकों संस्थाएं जोर शोर से जुटी हुई है।



## क्रय केंद्र पर कम तोल को लेकर किसानों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जिवाना गुलियान में खतौली चीनी मिल के गन्ना क्रय सोनपाल सिंह किसान ने गन्ने से भरी बग्गी ट्रॉली 42 कुंतल 5 किलो की क्रय केंद्र पर तुलवाई जबकि किसान ने अपनी गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली एक निजी धर्म कांटे पर 43 कुंतल 10 किलो की थी। क्रय केंद्र पर कम तोल को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा करते हुए खतौली चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और गाना सचिव व गाना जिलाधिकारी को शिकायत करने का निर्णय लिया। यह मामला कई दिन से लगातार इस केंद्र पर चल रहा है। किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए वहां पर जमकर हंगामा प्रदर्शन भी किया है। इस मौके पर प्रदर्शन करने वालों में सुनील कुमार सोनू कुमार बाबू सोलंकी प्रवीण कुमार सोनपाल सिंह आदि किसान मौजूद रहे। किसानों का आरोप है कि अगर खतौली चीनी मिल में इसमें सुधार नहीं किया तो जिलाधिकारी कार्यालय पर किसान धरना देने पर मजबूर रहेंगे।



## आशीष पुंडीर बने छपरौली के नये थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र के लिए एक नई जिम्मेदारी के साथ प्रशासनिक बदलाव किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा आशीष पुंडीर को छपरौली थाने का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।

आशीष पुंडीर एक अनुभवी एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। अपने शांत स्वभाव, सख्त कार्यशैली और निष्पक्ष कार्रवाई के लिए वे पुलिस विभाग में विशेष पहचान रखते हैं। उनके कार्यभार संभालने से क्षेत्रवासियों में कानून-व्यवस्था को लेकर एक नई उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें विश्वास है कि आशीष पुंडीर के नेतृत्व में छपरौली क्षेत्र में अपराध पर और अधिक



नियंत्रण होगा तथा जनता को त्वरित न्याय एवं सुरक्षा का बेहतर वातावरण मिलेगा। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने पदभार ग्रहण करते ही कहा कि जनता की सेवा, शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराधों पर सख्त नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## राकेश टिकैत ने लगाया सरकार पर बिहार विधानसभा चुनाव में वोट चोरी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में वोट चोरी का आरोप लगाया और गन्ने के मूल्य में 50 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की मांग की। टिकैत बागपत में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। टिकैत ने बिहार चुनाव में बड़ी बेईमानी होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में पोलिंग बूथ नदी के दूसरी तरफ बनाए गए थे। आरोप है कि सरकारी नावों का इस्तेमाल अपने लोगों के लिए किया गया, जबकि मतदाताओं को निजी नावों का उपयोग करने की भी अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने सीधे तौर पर वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा, कोई सोना चोरी करता है,



कोई कुछ और चोरी करता है, लेकिन ये लोग वोट चोरी कर रहे हैं। गन्ने के मूल्य वृद्धि पर टिकैत ने कहा कि सरकार को 2027 तक गन्ने का मूल्य 50 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि सरकार ने किसानों से 450 रुपये प्रति क्विंटल का वादा किया था, जिसमें अभी 50 रुपये कम हैं। यदि सरकार यह वृद्धि करती है, तो वे सरकार को अच्छा मानेंगे। इस दौरान राकेश टिकैत ने संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ भी चर्चा की। वैवाहिक कार्यक्रम के बाद वे मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो गए। उनके इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 को लेकर बागपत लोकसभा क्षेत्र में तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सांसद खेल महोत्सव 2025 को लेकर बागपत लोकसभा क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में सांसद डा.राजकुमार सांगवान की अध्यक्षता में सांसद खेल महोत्सव कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, प्रतिभागियों के पंजीकरण, प्रचार-प्रसार और व्यवस्थाओं से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद ने कहा कि यह खेल महोत्सव जनपद की युवा शक्ति, खेल प्रतिभा और सामुदायिक सौहार्द का महाउत्सव होगा जिसका उद्देश्य है कि गांव-गांव से खिलाड़ी आगे आएं, खेल की भावना को अपनाएं और मंडल तथा राज्य स्तर तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करें। सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने कहा कि जनपद बागपत की पहचान यहां की युवा आबादी है जिसमें अपार खेल प्रतिभा है। इसी प्रतिभा को संगठित मंच देकर आगे लाना आवश्यक है ताकि पूरा प्रदेश और देश देखे कि बागपत खिलाड़ियों का जनपद है। सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन 19 से 21 नवंबर तक बड़ौत स्थित जनता वैदिक डिग्री कॉलेज के खेल मैदान में किया जाएगा। सांसद ने कहा कि यह महोत्सव जनपद में खेल संस्ख्रति को नई दिशा देगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया।

# कम वेतन आने पर भड़के बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी

■ वेतन कटौती के विरोध में किया प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** शनिवार को सब डिवीजन स्वार के समस्त संविदा कर्मचारी एकत्र होकर के स्वार डिवीजन के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुचे उनका आरोप है कि स्वार डिवीजन में जितनी भी संविदा कर्मचारियों के रूप में कार्यरत हैं उनका वेतन बिना बताए काटकर उनके खाते में भेजा है।

जबकि सभी संविदा कर्मचारी उपभोक्ताओं और विभाग हित में दिन रात मेहनत करके अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं। और पूरा महीना कार्य करके अपनी सैलरी का इंतजार करते हैं। सैलरी मिलने पर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं जबकि इस माह हर बिजली घर पर संविदा कर्मचारियों की सैलरी बहुत कम भेजी गई है।

बिना कारण बताएं। जिससे क्षुब्ध होकर आज संविदा कर्मचारी विद्युत संविदा मजदूर संगठन के पदाधिकारी ने अपने अधिशासी अभियंता कार्यालय पर जाकर बात करनी चाही तो आज सेकंड सैटरडे होने के कारण मौके पर कोई भी अधिकारी नहीं मिला पाया यह संविदा कर्मचारियों ने अपना विरोध प्रदर्शन कर जता कर वापस आ गए संविदा कर्मियों का कहना है कि किसी साथी की सैलरी 5512 रु और किसी की 7400 रु आई है आज कार्यालय में कोई नहीं होने के कारण वार्तालाप नहीं हुई अब सभी साथी सोमवार के दिन आकर के कटी हुई सैलरी की बात करेंगे सैलरी काटने से अपने परिवार का खर्च करने में असमर्थ हैं इस बात से संविदा कर्मचारियों में रोष है अगर कटी हुई सैलरी वापस नहीं आती है तो सभी संविदा कर्मचारी धरना देने को मजबूर होंगे विरोध करने वालों में राज.ेश कुमार, फरहान शाहनवाज खान, गिरीश कुमार, रामपाल दीनदयाल, अमान अली, इसरार, इदरीस, शादाब खान, अनीस अहमद, अशोक कुमार, मुशाहिद अली, दीपू, इंद्र कुमार, रफी, दयाराम आदि संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्षेत्र के गांव बड़पुरा में तेंदुए ने फार्म हाउस पर पालतू कुत्ते को बनाया निवाला, तेंदुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव बड़ापुरा शेखपुरा में शुक्रवार की शाम फार्म हाउस पर कुत्ते का शिकार कर लिया जिससे गांव मे दहशत का माहौल पैदा हो गया जब तेंदुआ अचानक गाँव में घुस आया। शुक्रवार की शाम करीब सात बजे के करीब ग्रामीण कमल प्रीत सिंह के घर के आँगन में तेंदुआ घुस आया और पालतू कुत्ते को अपना निवाला बनाया कुछ ही सेकंड में वह कुत्ते को उठा ले गया और अंधेरे में ओझल हो गया।

घटना इतनी तेजी से हुई कि कुत्ते को संभलने का मौका तक नही मिला। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में तेंदुए की चाल, झपट्टा और शिकार करने का पूरा दृश्य साफ दिखाई दिया है, जिसे देखकर गाँव वालों के दिलों में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले कई दिनों से इलाके के जंगलों में तेंदुए की दस्तक की चर्चा चल रही थी, लेकिन किसी ने सोचा भी नहीं था कि वह घर के आँगन तक पहुँच जाएगा। अब लोगों ने अपने बच्चों और मवेशियों को घरों के अंदर रखना शुरू कर दिया है।



शाम ढलते ही गाँव के रास्ते सुनसान हो जाते हैं और लोग लाठी-डंडे लेकर ही बाहर निकलने की हिम्मत नही जुटा पा रहे है। घटना की सूचना वन विभाग दे दी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गाँव में जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जनता दरबार लगाकर लोगों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अपने कैंप कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याएं सुनी। काफी बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायते लेकर आए सांसद नदवी जी ने शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

सांसद नदवी ग्राम जुठिया पहुंचे जहां दो दिन पहले इजहार की मां का इंतेकाल हो गया था उनकी मां के लिए मगफिरत की दुआ की।

ग्राम सेमल वाले मुजरे में अभी कुछ दिन पहले सिराजुल नबी प्रधान के पिता का इंतेकाल होने पर सांसद ने उनके घर जाकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की।

सांसद नदवी ग्राम तुमडिया में मौलाना अब्दुल कादिर अंसारी की बेटी की शादी में शामिल हुए।

सांसद नदवी स्वार क्षेत्र के ग्राम जहांगीर पर में सुभान एडवोकेट के भाई की शादी में शामिल हुए।

सांसद नदवी ने आज ग्राम नौगवां दबका ग्राम चमरव्वा ग्राम तराना ग्राम पीपल गांव खंडिया कोयली कोयला ग्राम मेहंदी नगर आदि क्षेत्रों का दौरा कर जनता की समस्याएं सुनी।

इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, ओवैस खान, आसिफ अली, हाफिज नूरी, अरशद अली एडवोकेट, अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर, बदन सिंह यादव, नरेश यादव, नासिर शेख, जुबेर अहमद, जमील सैफी, सलीम मामू, कलवे अली आदि लोग शामिल रहे।

# युवक की हत्या कर शव जंगल में फेंक हत्यारे फरार



■ सिर पर भारी वस्तु से किया गया था बार, हाथ पर गुदे सूरज नाम से हुई शिनाख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/ रामपुर।** सिर पर भारी वस्तु से बार कर एक तीस वर्षीय युवक की अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर शव जंगल में फेक कर फरार हो गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर मे ग्राम बेगमाबाद को जाने वाले कच्चे रास्ते के किनारे मनोज पुत्र छदंमी के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 30 वर्ष का शव पड़ा था शव देख खेत पर जा रहे ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह मय पुलिस फोर्स के तुरंत मौके पर पहुंच गए शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया था। इसके बाएं हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में सूरज गुदा हुआ है। पुलिस ने शव की पहचान कराने की बहुत कोशिश की लेकिन शव की घटनास्थल पर शिनाख्त नहीं हुई पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। पुलिस द्वारा घटना की सूचना और मृतक के फोटो को सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान कराने की कोशिश की तब मृतक की पहचान सूरज पुत्र कड़े राम निवासी रामनगर की गोटिया थाना मिलक रामपुर के रूप में हुई। सूचना पाकर मृतक के घर में कोहराम मच गया और उसके परिजन तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे उधर पुलिस ने अपराधियों की तलाश में कई टीमें लगा रखी है।

### नये कोतवाल की पहले दिन की पोस्टिंग पर ही मिली चुनौती

**मिलक/रामपुर।** नए कोतवाल को चार्ज संभालते ही हत्या के रूप में मिली एक चुनौती ज्ञातव्य हो कि पुलिस अधीक्षक रामपुर ने मिलक कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह को हटाकर शुक्रवार को ही पुष्कर सिंह गंगवार मिलक कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया है। इससे पहले वह पटवाई थाना के थाना अध्यक्ष थे रात्रि में चार्ज लेने के बाद आज सुबह-सुबह ही रामनगर गांव में एक तीस वर्षीय युवक सूरज पुत्र कड़े राम की हत्या कर हत्यारों ने शव एक खेत में फेंक दिया और फरार हो गए। कोतवाली का चार्ज लेने के पहले दिन हई हत्या नए कोतवाल को एक चुनौती के रूप में मिली है नए कोतवाल के सामने मृतक की शिनाख्त और जल्द से जल्द हत्यारों को को पकड़ इस हत्याकांड का खुलासा करना होगा।

## डीएम और एसपी की मौजूदगी में कोतवाली टांडा में हुआ समाधान दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** कोतवाली टांडा में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की संयुक्त मौजूदगी में किया गया।

इस दौरान जनसुनवाई में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

समाधान दिवस के दौरान राजस्व संबंधी दो शिकायतें प्राप्त हुईं, हालांकि मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की गहन जांच कर समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है, जिसके लिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। समाधान दिवस में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में लापरवाही पर डीएम सख्त

■ चमरौआ, सैदनगर बीडीओ और बीईओ नगर क्षेत्र का वेतन बाधित करने के साथ ही दी प्रतिकूल प्रविष्टि

■ मा. निर्वाचन आयोग के स्तर से तीनों अधिकारियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई, डीएम ने भेजी संस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत निर्धारित तिथिवार कार्यक्रम में रुचि न लेने और निर्वाचन कार्यों में लगातार लापरवाही बरतने वाले 03 अधिकारियों के विरुद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने वेतन बाधित करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत करने के साथ ही इन अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए मा. निर्वाचन आयोग को संस्तुति पत्र भेज दिया है। विधानसभा क्षेत्र- 37 रामपुर के अंतर्गत खण्ड विकास अधिकारी, चमरौआ प्रमोद कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सैदनगर प्रदीप कुमार चौधरी व खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र स्वदीप कन्नौजिया को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) के रूप में नियुक्त किया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य की बूथवार समीक्षा बैठक में ये तीनों एईआरओ उपस्थित नहीं हुए, इससे पूर्व में भी इनके द्वारा निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों में लापरवाही बरती जा चुकी है। निर्वाचन कार्य में लापरवाही और संवेदनहीनता के दृष्टिगत प्रशासनिक स्तर से इन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

वर्तमान में मा. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है जिसकी प्रगति को लेकर लगातार मॉनिटरिंग भी मा. आयोग द्वारा की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।



# सही वोट और सही मतदाता सूची से मजबूत होगी लोकतंत्र की नींव: हरीश

■ शहर विधानसभा क्षेत्र के सम्मेलन में बोले भाजपा जिलाध्यक्ष, एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं को किया सजग

बोले प्रत्येक परिवार में 18 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति का अवश्य बने वोट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि सही मतदाता सूची हो और उस सूची में सही वोट बने हों। एसआईआर से यह कार्य आसान हो जाएगा। सिर्फ बीएलए-2 को इस बात का ध्यान रखना है कि प्रत्येक परिवार में 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति का वोट बन जाए और मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा न हो।

शनिवार को राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने बूथ स्तर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को एसआईआर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि व्यापक घर-घर जनसंपर्क एवं सक्रिय हस्तक्षेप आवश्यक है। विशेष रूप से बूथ-स्तर व ब्लॉक-स्तर के एजेंटों द्वारा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सामूहिक रूप से काम करें, अर्थात् सिर्फ शीर्ष नेतृत्व नहीं बल्कि ब्लॉक-स्तर व बूथ-स्तर तक सक्रियता बनी हो। उन्होंने एसआईआर को बहुत अहम प्रक्रिया बताया। कहा कि यह पार्टी की चुनावी तैयारी की दृष्टि से अति आवश्यक कार्य है। जिला प्रभारी राजा वर्मा ने एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं को सुझाव दिए। इस अवसर पर राजेश सिंघल, अर्जुन रस्तोगी, हरिवाला यादव, जगपाल यादव, दीक्षा गंगवार, विवेक रूहेला, अवधेश शर्मा, अन्नू सक्सेना, प्रमोद आहूजा, कमल लोधी, भव्य उप्पल, पारूल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



## भारत स्काउट और गाइड की जनपदीय रैली के समापन कार्यक्रम में पहुंचे राज्यमंत्री एवं डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में भारत स्काउट और गाइड की जनपदीय रैली के समापन दिवस पर महात्मा गांधी स्टेडियम में प्रार्थना ध्वजारोहण और झंडागान का कार्यक्रम किया गया।

तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों को टेंट बनाने की गतिविधियों के कार्य किये गये, जिसमे सभी स्कूलों के प्रतिभागियों के द्वारा सुंदर और आकर्षक टेंट का निर्माण किया गया।

इस दौरान राज्यमंत्री एवं जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सभी रचनात्मक तरीके से बनाये हुए टेंट का अवलोकन किया गया एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मा. राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि विभिन्न परिस्थितियों में प्रकृति को संरक्षित करते हुए भी आत्मनिर्भर बनें, यह स्काउट और गाइड में सिखाया जाता है।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में कलर पार्टी, वर्दी, संकेत वार्ता, मीनार, गांठे बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, साहसिक कार्य, कैम्प फायर, कैम्प क्राफ्ट, टेंट पुल गैजेट, टावर गेट और बिना बर्तन के भोजन की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जनपदीय रैली में विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्काउट वर्ग में 14 विद्यालय से लगभग 200 स्काउट, गाइड वर्ग में 14 विद्यालय के लगभग 210 गाइड, इस प्रकार कुल 28 टीमों के 410 स्काउट और गाइड ने प्रतिभाग किया।

नगर माध्यमिक सीनियर स्काउट में विजेता
जैन इंटर कॉलेज, प्रथम स्थान
सुंदर लाल इंटर कॉलेज, द्वितीय स्थान

नगर माध्यमिक जूनियर स्काउट में विजेता
राजकिय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, प्रथम
सन वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वितीय

तहसील माध्यमिक सीनियर स्काउट वर्ग में
आदर्श कृषक इंटर कॉलेज किरा, प्रथम
चौ. जमना दास इंटर कॉलेज माट खेड़ा विलासपुर, द्वितीय
राजकीय इंटर कॉलेज पटवाई, तृतीय

ब्लॉक बेसिक स्काउट वर्ग में
पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर कला, प्रथम
कम्पोजिट विद्यालय नरखेड़ा, द्वितीय

तहसील माध्यमिक जूनियर स्काउट में
प्रथम स्थान, दर्शन एकेडमी

नगर माध्यमिक सीनियर गाइड वर्ग में
राजकीय जुल्फीकार कन्या इंटर कॉलेज, प्रथम
विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज, द्वितीय
नेहरू नगर पालिका इंटर कॉलेज, तृतीय

नगर माध्यमिक जूनियर गाइड वर्ग में
रामप्रसाद कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्रथम
राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज, द्वितीय
कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआ, तृतीय

तहसील माध्यमिक सीनियर गाइड वर्ग में
राजकीय इंटर कॉलेज मानकपुर बंजरिया, प्रथम
आदर्श कृषक इंटर कॉलेज रामपुर, द्वितीय
डी ए वी कन्या इंटर कॉलेज बिलासपुर, तृतीय

ब्लॉक बेसिक गाइड वर्ग में
पूर्व माध्यमिक विद्यालय इमरता, प्रथम
पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर कला, द्वितीय

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, बीएसए कल्पना देवी जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, सचिव ओम प्रकाश सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

# 11 नफर वारंटी गिरफ्तार किए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 11 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शुक्रवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी अली पुत्र अली हुसैन 2 नाजिम पुत्र सूखा 3 मुख्तयार अली पुत्र अली हुसैन 4 सुभान, 5 अब्दुल हमीद पुत्र गण सरदार अली 6 बब्लू पुत्र शरीफ निवासी गण पट्टी कला घोसीपुरा 7 जसीम पुत्र मकबूल 8 मकसूद हसन निवासी गण गगन नंगली स्वार 9 शिफातुल पुत्र बफाती निवासी जालफ नगला 10 मो. अजीम पुत्र सगीर निवासी मो.अगलगा 11 खूब चन्द पुत्र मोतीराम निवासी लच्छी वाला स्वार को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि.अजय कुमार शुक्ला, मनोज कुमार, आदर्श कुमार, सुग्रीव सिंह मय टीमों के साथ आदि मौजूद रहे।

# मदारपुर मणि में गंगा उत्सव का भव्य आयोजन

■ महागंगा आरती के साथ ही 2100 दीप प्रज्वलित कर मनाया गया दीपोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला गंगा समिति, रामपुर के तत्वावधान में बनारस की तर्ज पर मदारपुर मणि तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। रामगंगा नदी के किनारे श्रद्धालुओं द्वारा 2100 दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया, जिससे पूरा घाट दिव्य आभा से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम में विधि-विधान से वाराणसी गंगा आरती के तर्ज पर मदारपुर मणि घाट पर भी भव्य गंगा आरती की गई। आरती के दौरान आकर्षक आतिशबाजी ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। गंगा आरती में बड़ी संख्या में गंगा श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा, जहाँ सभी ने माँ गंगा की स्वच्छता व संरक्षण का संकल्प लिया। दीपों की रौशनी, मंत्रों की गूंज और संस्कृति की झंकार के साथ मदारपुर मणि का पावन तट आस्था और भक्ति से आलोकित हुआ। भव्य आरती और दीपदान के माध्यम से स्वच्छता, नदी संरक्षण और जनभागीदारी का सशक्त संदेश दिया गया।

इस दौरान वन विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश राम, ग्राम प्रधान पूरन सिंह, अखिल भारतीय सर्वेश समाज प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल एवं प्रतिभा अग्रवाल एवं मदद एक आप फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा एवं नैपाल सिंह पाल संस्थापक/महासचिव प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट उपस्थित रहे। घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें जी ई सी रामपुर, डालचंद इंटर कॉलेज, धुरई मनोरमा इंग्लिश मीडियम स्कूल, शाहबाद, जनहिद कमला इडेन गार्डन इंटर कॉलेज, शाहाबाद के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के उपरांत जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार द्वारा बच्चों को शील्ड, मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।



## सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मे मनाया जनजातीय गौरव पखवाड़ा, छात्रा-छात्राओं ने नृत्य का किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मे शनिवार को जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया गया। जिसमे छात्राओं ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहित कर दिया। छात्रा माही, अनू करना, कनक, नेहा आदि ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहित कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय प्रकाश दीक्षित ने सभी विधार्थियो को निरन्तर आगे बड़ने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर करूणा चौहान, सीमा कश्यप, निर्मल कौर, गुरपिन्दर कौर, दीपा चौहान, पुष्पा देवल, योगेश चन्द्र परगाई, दिनेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

## महिला से मिलने पहुंचे युवक को परिजनों ने पकड़ा, मचा हंगामा, जिम्मेदार लोगों ने कराया समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** नगर के एक मोहल्ले में शुक्रवार की रात उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक चोरी-छिपे एक महिला से मिलने उसके घर पहुंच गया। युवक के घर में घुसते ही परिजनों को भनक लग गई। उन्होंने शोर मचाकर युवक को पकड़ लिया, जिससे पूरे मोहल्ले में अफरातफरी फैल गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए।

दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी, जिससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। बताया जा रहा है कि मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण लोग तेजी से इकट्ठा हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही सभासद और क्षेत्र के जिम्मेदार लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने समझदारी दिखाते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया।

बातचीत के बाद दोनों परिवारों में आपसी सहमति से समझौता हो गया और किसी के खिलाफ कार्रवाई न करने पर सहमति जताई गई।

रात करीब देर तक इलाके में लोगों की भीड़ बनी रही।

# दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रजा लाइब्रेरी का किया भ्रमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शनिवार को दिल्ली विश्व. विद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज के बहुविषयक सोसायटी के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों के शैक्षणिक दल द्वारा रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय का भ्रमण किया गया। शैक्षणिक समूह में लगभग 40-50 छात्र और 04 संकाय सदस्य सम्मिलित रहे।



इस अवसर पर पुस्तकालय में भ्रमण हेतु आये शैक्षिक दल हेतु पुस्तकालय द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिस आस्था भारती झा द्वारा किया और उन्होंने अन्त में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने अपने वक्तव्य में छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों के समक्ष पुस्तकालय के इतिहास, संग्रह एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कहा कि रामपुर रियासत की स्थापना 1774 को नवाब फैजुल्लाह खान ने की थी। वे केवल एक कुशल शासक ही नहीं, बल्कि ज्ञान और साहित्य के महान संरक्षक भी थे। उन्होंने पुस्तकों और पांडुलिपियों का एक बहुमूल्य संग्रह बनाया। आने वाली पीढ़ियों के नवाबों ने इस संग्रह को निरंतर बढ़ाया और समृद्ध किया। इस अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए वर्ष 1905 में भव्य हामिद मंजिल का निर्माण कराया गया, जिसे आज हम रामपुर रजा पुस्तकालय भवन के रूप में जानते हैं। इसका निर्माण फ्रांसीसी वास्तुकार डब्ल्यू, सी. राइट द्वारा किया गया था। यह भवन अपनी अद्भुत वास्तुकला के कारण शकिताबों का ताजमहलष कहलाता है। उन्होंने इस शैक्षणिक समूह को इस भवन की विशिष्ट विशेषता के विषय में बताया। कहा कि इसकी चार मीनारें, जिनकी प्रत्येक मीनार में चार भाग हैं। ये चारों भाग विश्व की चार प्रमुख आस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा और मंदिर। यह नवाबों की बहुसांस्कृतिक दृष्टि का प्रतीक है, जो यह संदेश देती है कि सभी धर्म और संस्कृतियाँ शांति और सद्भाव के साथ सहअस्तित्व में रह सकती हैं। 1949 में रामपुर रियासत के भारत संघ में विलय के बाद, 1951 में यह पुस्तकालय रजा ट्रस्ट और इसके बाद 1975 में भारत सरकार द्वारा संसद में पारित अधिनियम के अन्तर्गत यह पुस्तकालय एक राष्ट्रीय महत्व की संस्था बना। कहा कि आज रामपुर रजा पुस्तकालय अपनी गौरवशाली विरासत को संजोते हुए, ज्ञान, शोध और सांस्कृतिक संवाद का केंद्र बन चुका है। यहाँ 21 भाषाओं की दुर्लभ पांडुलिपियाँ और ग्रंथ सुरक्षित हैं, जो भारत की बौद्धिक और कलात्मक संपदा का प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में पुस्तकालय ने एक विश्व-स्तरीय अकादमिक अध्ययन एवं अनुवाद संस्थान स्थापित करने का निर्णय लिया है, ताकि ज्ञान और उत्कृष्टता के प्रसार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बहुसांस्कृतिक एवं बहुभाषायी अनुसंधान एवं अनुवाद केंद्र में प्रमुख भाषाओं का अध्ययन हो सके। कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहाँ अनेक संस्कृतियाँ, भाषाएँ और आस्थाएँ एक साथ विकसित हुई हैं। रामपुर एक ऐसा नगर है जहाँ सभी धर्मों के अनुयायी शताब्दियों से शांति, सद्भाव और परस्पर सम्मान के साथ रहते आए हैं। रामपुर के नवाबों ने पीढ़ी दर पीढ़ी इस सामंजस्यपूर्ण संस्कृति को पोषित किया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि भिन्न आस्थाएँ और विचार भी एक साथ रह सकते हैं यही एकता और सह-अस्तित्व का सच्चा उदाहरण है। जब दुनिया युद्धों और संघर्षों में उलझी हुई थी, तब रामपुर में संवाद, सहअस्तित्व और ज्ञान की परंपरा आगे बढ़ रही थी। निदेशक ने आगे कहा कि जैसे नई दिल्ली में गांधी समाधि सत्य और अहिंसा के विचार का प्रतीक है, वैसे ही रामपुर भी सत्य, सघ्द्भाव और समरसता के विचारों का जीवंत प्रतीक है।

भारतीय दर्शन में कहा गया है- ष्आ नो भद्रा क्रतवो यन्तु विश्वत:। अर्थात् सभी दिशाओं से हमारे पास कल्याणकारी विचार आएँ। रामपुर रजा पुस्तकालय इसी व्यापक दृष्टिकोण का प्रतीक है। यहाँ की संस्कृति कहती है- सच्ची संस्कृति वही है जो दूसरों की संस्कृति का आदर करे, एक-दूसरे के सत्य को स्वीकार करे और साथ मिलकर आगे बढ़े। रामपुर रजा पुस्तकालय का दृष्टिकोण विशिष्ट है यह बहुभाषायी, बहुसांस्कृतिक और बहु-विषयी संस्था है। यहाँ न केवल दुर्लभ ग्रंथ और पांडुलिपियाँ सुरक्षित हैं, बल्कि चित्रकला, संगीत, आयुर्वेद, यूनानी चिकित्सा, वास्तुकला और इतिहास जैसे विविध विषयों का ज्ञान भी संरक्षित है। यह समग्र दृष्टि ही रामपुर रजा पुस्तकालय को ष्ज्ञान का तीर्थष बनाती है। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सम्बोधन के आयोजन के उपरान्त छात्र-छात्राओं द्वारा पुस्तकालय के विभिन्न अनुभागों, संग्रहालय एवं संरक्षण प्रयोगशाला का अवलोकन किया गया। पुस्तकालय की ओर से श्रीमती सनम अली खान, मिस आस्था झा एवं इस्बाह खाँ द्वारा छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों को पुस्तकालय की दुर्लभ कलाकृतियों एवं पुस्तकों का संरक्षण, कैटलॉगिग, वर्गीकरण इत्यादि एवं दरबार हॉल में प्रदर्शित कलाकृतियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। सभी छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहित होते हुए गहनता के साथ सांस्कृतिक विरासत और संग्रहित संग्रह की विषय में जाना और सीखा। भ्रमण का उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, अभिलेखागार एवं संग्रहालय विज्ञान की परंपराओं का प्रत्यक्ष अध्ययन करना रहा।

# कौशिक विजडम प्रीस्कूल में रोड सेफ्टी एक्टिविटी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** कहते हैं बच्चों के अच्छे एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की मजबूत नींव रखने में उसके स्कूल का बहुत बड़ा रोल होता है। ऐसा ही कुछ करने के लिए लगातार प्रयासरत पीलीभीत के कौशिक विजडम स्कूल ने इस सप्ताह रोड सेफ्टी एक्टिविटी का आयोजन किया। जिसमें बच्चों को रोड सिग्नल, जेबरा क्रॉसिंग, रोड पर पैदल चलने के नियम आदि के बारे में अलग-अलग लघु नाटिका के द्वारा दिखाया एवं सिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक एवं प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने किया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ एक अच्छे एवं जिम्मेदार नागरिक एवं एक अच्छा इंसान बनाने के लिए इस उम्र से सही दिशा एवं ज्ञान देना चाहिये। यही बच्चे आगे चलकर समाज में और सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे। इसलिए



विद्यालय लगातार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। इसी श्रृंखला में पिछले सप्ताह विद्यालय में ष्क्लीनलीनेस एक्टिविटीष का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों को पर्सनल हाइजीन एवं गंदगी से होने वाले बीमारीयों के बारे में विभिन्न गति. विधियों से दिखाया गया और इस सप्ताह रोड सेफ्टी एक्टिविटी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने कहा कि जब हम इन नन्हे-मुन्ने बच्चों को सिखाते हैं तो यह सीख कर रोड पर अपने बड़ों के साथ चलने -चलते अगर अनजाने में भी कुछ गलत हो रहा हो तो उनसे भी कहते हैं कि नहीं हमें स्कूल में सिखाया गया कि बाई तरफ चलना है और बड़े भी सॉरी बेटा कहकर तुरंत उनकी बात मान लेते हैं। इस तरह के कार्यक्रम से धीरे-धीरे ही सही लेकिन समाज में परिवर्तन आएगा और हम इस तरह की गतिविधियां लगातार स्कूल में करते रहेंगे। इस अवसर पर चारु सिंह, फाबेहा, तान्या राणा, असलेहना परवीन, रजनी रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

## वन्देमातरम गीत के बारे में बच्चों को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**उघैती।** सरवस्ती शिशु मंदिर शरह बरौलिया में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरमष गीत के 150 साल पूरे होने पर एक साल तक चलने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत आज छात्र-छात्राओं ने वन्देमातरम गीत का विद्यालय परिसर में सामूहिक गायन किया गया। विद्यालय के सरंक्षक पण्डित श्याम पाल पाठक ने बच्चों को बताया यह गीत बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा लिखा गया था और इसे 24 जनवरी 1950 को भारत का राष्ट्रीय गीत घोषित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य संजय उपाध्याय ने कहा कि हमें अपने राष्ट्रीय ध्वज,राष्ट्रीय गीत,राष्ट्रगान आदि राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर व्यवस्थापक सर्वेश पाठक फौजी,वृजेश शंखधार जी,सेठ मनोहर लाल गुप्ता जी,अनिल आचार्य जी, मनीष शर्मा, ओमकुमार शर्मा, अवनीश सिंह,विनोद वाजपेयी रश्मि खुशी आदि उपस्थित रहे।

## एसआईआर के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की डीएम ने की जांच



शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने शनिवार को जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के अन्तर्गत बीएलओ द्वारा घर घर जाकर गणना प्रपत्र का कार्यों की जांच की गई। इस दौरान उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा की गणना प्रपत्रों वितरण का कार्य ससमय पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही गणना प्रपत्र भरने हेतु मतदाताओ को बीएलओ द्वारा सहयोग प्रदान किया जाए। जिलाधिकारी ने उक्त दोनों ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में पहुंचकर सचिवालय की व्यवस्थाओं को देखा एवं साफ सफाई कराने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## चौकी पुलिस ने 6 वारंटियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** पुलिस ने घोसीपुरा से 6 वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष किया पेश।

मसवासी चौकी पुलिस ने पट्टीकला के गांव घोसीपुरा में छापेमार कार्रवाई करते हुए छ: वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहां से जेल भेज दिया गया है। मसवासी पुलिस ने पट्टी कला के गांव घोसीपुरा में छापे मार करवाई कर विभिन्न अपराधों में वांछित चल रहे छह वारंटी को गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार की देर रात पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहां से जेल भेज दिया गया है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की वारंटी को गिरफ्तार करने का सिलसिला जारी है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत अनवा में मधुमक्खी यूनिट का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने अधीक्षक राजकीय उद्यान अजय कुमार विकास खण्ड शाहबाद की ग्राम पंचायत अनवा में मधुमक्खी यूनिट, ग्राम पंचायत ढ़किया में मनरेगा योजनान्तर्गत कराये गये कार्यों व विकास खण्ड कार्यालय शाहबाद का निरीक्षण किया।

मधुमक्खी यूनिट के निरीक्षण के दौरान अधीक्षक, राजकीय उद्यान ने बताया कि पालक नितिन कुमार द्वारा 300 मौनवंश व ग्राम ओशी के धर्मवीर सिंह द्वारा 250 मौनवंश के साथ मधुमक्खी पालन किया जा रहा है। मधुमक्खी पालकों को भारत सरकार द्वारा विक. सित मधु क्रांति पोर्टल पर उद्यान विभाग द्वारा पंजीकरण करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण करने से मधुमक्खी पालकों की संख्या व



उत्पाद के आकंड़े का पता लगाया जा सकता है, साथ ही भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जाता है और मधुमक्खी पालकों का बीमा भी किया जाता है, जिसके लिए इन मधुमक्खी पालकों के मौन वंश का सत्यापन अधीक्षक राजकीय उद्यान द्वारा किया गया।

उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन से विभिन्न प्रकार के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ है। मधुमक्खी पालन शहद, बी पॉलिन, बी वैक्स आदि से विभिन्न औषधीय एवं सौंदर्य उत्पादों में किया जाता है। साथ ही मधुमक्खियों द्वारा परागण में अहम भूमिका निभाई जाती है।

मधुमक्खी पालक द्वारा बताया गया कि प्रत्येक मौन वंश से प्रतिवर्ष लगभग 20 से 25 केजी शहद का उत्पादन होता है। इस प्रकार वर्ष में लगभग 5 मीट्रिक टन शहद जो कि लगभग 7 से 8 लाख रुपए की बाजार कीमत पर विक्रय किया जाता है।

इसके उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड कार्यालय शाहबाद का निरीक्षण किया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने फैमिली आई.डी. एवं अन्य योजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा की तथा संचा. लित योजना में प्रगति लाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी शाहबाद को निर्देशित किया।

निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत व सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) मौजूद रहे।

## भारतीय हॉकी खेल के खिलाड़ियों को पुरस्कार से किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बदायूं।**भारतीय हॉकी खेल शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

बदायूं में सहारनपुर से हॉकी एकाडमी सहारनपुर तथा प्रांजल एजूकेशन वेलफेयर सोसाईटी के मध्य सीरीज आयोजित की गई। जिसमें बदायूं टीम ने 3-1 से सीरीज जीत कर विजयी बनी। मुख्य अतिथि नीरज कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष हॉकी बदायूं एसोशिएशन रहे। मुख्य अतिथि नीरज कुमार शर्मा ने विजयी खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह मेडल पुरस्कार से सम्मानित किया। सहारनपुर से हॉकी कोच मेनका टाक,बदायूं से हॉकी कोच आबिद अली सहित प्रमोद कुमार शर्मा,जिला हॉकी सचिव मधुकर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पत्नी को बांका मारने के बाद पति ने जहर खाकर जान दी, पत्नी जिला अस्पताल में भर्ती

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** न्यूरिया थाना क्षेत्र की राजा कॉलोनी में बुधवार शाम हुए झगड़े के दौरान पति विश्वजीत बैरागी ने पत्नी मनीषा बैरागी पर बंके से हमला कर उसे घायल कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी विश्वजीत को शांति भंग की आशंका के चलते चालान किया था। इसके बाद विश्वजीत ने शुक्रवार को जहर खा लिया।

परिजनों रेजनों ने ने उसे उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार शाम उसकी मौत हो गई, जबकि पत्नी मृतक का फाइल फोटो। जिला अस्पताल में भर्ती है. उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है. परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते हैं कि पति पत्नी में आयदिन विवाद होता था, घरेलू क्लेश के चलते ही विवाद गहराया है. चिकित्सकों के अनुसार पत्नी की हालत खतरे से बाहर है।

न्यूरिया थाना क्षेत्र की बंगाली राजा कालोनी निवासी विश्वजीत बैरागी ने अपनी पत्नी मनीषा बैरागी को कल शाम मामूली विवाद के बाद बंके से प्रहार कर बुरी तरह घायल कर दिया था, उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका शांति भंग की आशंका में चालान किया था जमानत कराने के बाद आरोपी पति ने जहर खा लिया देर रात उसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है उसकी मौत से घर में घर में कोहराम मचा है।

### कौशिक विजडम प्रीस्कूल में रोड सेफ्टी एक्टिविटी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** कहते हैं बच्चों के अच्छे एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की मजबूत नींव रखने में उसके स्कूल का बहुत बड़ा रोल होता है। ऐसा ही कुछ करने के लिए लगातार प्रयासरत पीलीभीत के कौशिक विजडम स्कूल ने इस सप्ताह रोड सेफ्टी एक्टिविटी का आयोजन किया। जिसमें बच्चों को रोड सिग्नल, जेबरा क्रॉसिंग, रोड पर पैदल चलने के नियम आदि के बारे में अलग-अलग लघु नाटिका के द्वारा दिखाया एवं सिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक एवं प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने किया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ एक अच्छे एवं जिम्मेदार नागरिक एवं एक अच्छा इंसान बनाने के लिए इस उम्र से सही दिशा एवं ज्ञान देना चाहिये। यही बच्चे आगे चलकर समाज में और सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे। इसलिए विद्यालय लगातार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। इसी श्रृंखला में पिछले सप्ताह विद्यालय में ष्क्लीनलीनेस एक्टिविटीष का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों को पर्सनल हाइजीन एवं गंदगी से होने वाले बीमारीयों के बारे में विभिन्न गतिविधियों से दिखाया गया और इस सप्ताह रोड सेफ्टी एक्टिविटी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने कहा कि जब हम इन नन्हे-मुन्ने बच्चों को सिखाते हैं तो यह सीख कर रोड पर अपने बड़ों के साथ चलने -चलते अगर अनजाने में भी कुछ गलत हो रहा हो तो उनसे भी कहते हैं कि नहीं हमें स्कूल में सिखाया गया कि बाई तरफ चलना है और बड़े भी सॉरी बेटा कहकर तुरंत उनकी बात मान लेते हैं। इस तरह के कार्यक्रम से धीरे-धीरे ही सही लेकिन समाज में परिवर्तन आएगा और हम इस तरह की गतिविधियां लगातार स्कूल में करते रहेंगे। इस अवसर पर चारु सिंह, फाबेहा, तान्या राणा, असलेहना परवीन, रजनी रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### एसआईआर के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की डीएम ने की जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने शनिवार को जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के अन्तर्गत बीएलओ द्वारा घर घर जाकर गणना प्रपत्र का कार्यों की जांच की गई। इस दौरान उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा की गणना प्रपत्रों वितरण का कार्य ससमय पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही गणना प्रपत्र भरने हेतु मतदाताओ को बीएलओ द्वारा सहयोग प्रदान किया जाए। जिलाधिकारी ने उक्त दोनों ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में पहुंचकर सचिवालय की व्यवस्थाओं को देखा एवं साफ सफाई कराने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## चोरी के जेवरात सहित दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** ज्वैलर्स की दुकान से अलमारी उठाकर उसमें रखे जेवरात आदि चोरी करने वाले 2 अन्तर्जनपदीय चोरों को मय चोरी के माल सहित थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

जहानाबाद पुलिस व एसओजी टीम/सर्विलान्स टीम की संयुक्त कार्यवाही से प्रकाश में आये अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र नेतराम कश्यप निवासी मो० सिह गोटिया थाना बहेडी जिला बरेली व राहुल कुमार पुत्र स्व० राधेलाल बाल्मीकि मूल निवासी मो० नानक सागर थाना नानकमत्ता जिला उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड हाल निवासी ग्राम सिधौरा थाना देवरनिया जिला बरेली को थाना क्षेत्र के हैदरगंज तिराहे से घटना से सम्बन्धित चोरी के जेवरात (5 जोडी सफेद धातु की पायल, 2 जोडी सफेद धातु खडुआ, वादी मुकदमा के आधार कार्ड, बैंक पासबुक, दुकान के खाली पर्स के साथ गिरफ्तार किया गया। दिनांक 29 अक्टूबर को अज्ञात चोरों द्वारा वादी मुकदमा की रागनी ज्वैलर्स की दुकान से अलमारी उठा ले जाकर उसमे से जैवरात, नगदी, अन्य दस्तावेज चोरी कर लिये गये जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार अभियोग पंजीकृत किया गया था।



## सीओ स्वार ने लोगो को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर यातायात माह नवम्बर के दृष्टिगत यातायात नियमों के प्रति जनमानस को जगरूक करते हुए क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे ने स्वार बिलासपुर जाने वाली बस में यातायात नियमों के प्रति बस ड्राइवर कंडक्टर एव आमजन को जानकारी दी की हेलमेट पहनने, सीट बैल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नही करे।गति सीमा का पालन करने एवं यातयात संकेतो के प्रति सजग रहने का संदेश दिया और लोगो से आग्रह किया कि इन नियमों से दुर्घटनाओं में कमी आएगी आप लोगो यातायात नियमों का पालन करे और सुरक्षित रहे।

## विद्यार्थी गीत गाकर मनाया जश्न



**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई-बसई में शनिवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में एक सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखे गए इस गीत ने भारत की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह गीत आज भी एकता स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। इस अवसर पर सुधाकर शर्मा, मनोज कुमार, राकेश कुमार शर्मा, आनन्द सिंह, कामेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, हरदीप सिंह, रेनू कुमारी, शिवानी, अंशिका, अमित पाराशरी, आशीष, मुनेन्द्र, वरुण, नितिन, रंजीत, सुनील आदि उपस्थित रहे।

# एक महिला दुसरी महिला के साथ फरार

**बदायूं।** आपको बताते चलें जिला बदायूं के थाना उसहैत क्षेत्र के एक गांव में एक महिला से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी और वह महिला बरेली जिला के किसी गांव में एक व्यक्ति के साथ फरार हो गई है और उसे महिला की शादी 4 साल पहले जिला अलीगढ़ के चंदनिया गांव से हुई थी वह अब एक बरेली जिला के एक गांव के लड़के के साथ रह रही है बीच में कई बार अपने पति के पास आई और उसे मारने की धमकी भी दी है उसके परिवार वालों को महिला का पति किसी कारण कुछ दिन जेल में रहा इतने में ही वह फरार जब वह व्यक्ति निकाल कर आया बाहर उसने महिला को बहुत ढूंढने की कोशिश की लेकिन किसी कारण वह महिला उसके घर पर आ गई।

## बिजली विभाग ने 61 बकायेदारों के काटे कनेक्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** विद्युत वितरण खंड तृतीय कार्यालय पर बिजली विभाग द्वारा आयोजित मेगा कैंप में चार लाख बीस हजार रुपए के राजस्व की वसूली की गई। शनिवार को दूसरे दिन अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में लगे कैंप में आए उपभोक्ताओं के 41 बिलों का निस्तारण किया गया। सात उपभोक्ताओं के यहां खराब मीटर बदले गए तथा टीम द्वारा बार बार नोटिस देने के बाद भी बिजली बिल जमा न करने वाले 55 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। इस दौरान उपखंड अधिकारी बिसौली अमित कुमार, उपखंड अधिकारी आसफपुर सौरभ सैनी, जेई मो. मियां कुरैशी, दिलीप सिंह, गौरव सक्सेना, उमेश, नवीन, मोहसिन, जितेंद्र, अयाजउद्दीन आदि उपस्थित रहे।

# भारत ने 2-1 से जीती सीरीज



## अभिषेक शर्मा बने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'

**ब्रिसबेन, वार्ता।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां और अंतिम टी-20 मुकाबला शनिवार को भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया, जिससे भारत ने सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। सीरीज में 163 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के खिताब से नवाजा गया। मैच रद्द किए जाने क समय तक भारत ने 4.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 52 रन बनाए थे। अभिषेक शर्मा (23) और शुभमन गिल (29) रन पर नाबाद थे। बारिश और बिजली के खलल के कारण मैच को अंततः रद्द करना पड़ा। खराब मौसम के कारण मैच शुरू होने के 21 मिनट बाद ही खेल रोक दिया गया था। भारत ने इस तरह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में अपना अपराजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया 2022 से लगातार चौथी टी-20 सीरीज हारा है। जिनमें से तीन भारत और एक इंग्लैंड के खिलाफ है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। भारत ने तेजतर्रार शुरुआत की और 4.5 ओवर में 52 ठोक डाले। अभिषेक ने 13 गेंदों पर नाबाद 23 रन एक चौका और एक छक्का लगाया जबकि गिल ने 16 गेंदों पर नाबाद 29 रन में छह चौके लगाये। गिल ने बेन ड्वारशिवस के पारी के तीसरे ओवर में चार चौके मारे। अभिषेक ने हमेशा की तरह आक्रामक शुरुआत की, इस दौरान किस्मत भी उनके साथ थी, पहले ओवर में ग्लेन मैक्सवेल ने मिड-ऑफ पर उनका एक आसान कैच छोड़ दिया और चौथे ओवर में ड्वारशुइस ने एक टॉप एज छोड़ दिया। बेहतरीन फॉर्म में न होने के बावजूद, उन्होंने नेथन की गेंद पर एक छक्का मारा और अपनी पारी के दौरान पूर्णकालिक सदस्य देशों में वह अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में सबसे तेज एक हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए।



## जीत का श्रेय सभी खिलाड़ियों को: सूर्या

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज 2-1 से जीतने का श्रेय अपने खिलाड़ियों को दिया है। सूर्यकुमार ने शनिवार को पांचवां टी-20 बारिश के कारण रद्द होने के बाद कहा कि जिस तरह से सभी ने योगदान दिया और जिस तरह से हमने 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी की, उसका श्रेय सभी खिलाड़ियों को जाता है। बल्ले, गेंद और मैदान में भी यह एक अच्छी सीरीज थी।

तेज गेंदबाज और स्पिनर, दोनों ही अपना काम बखूबी जानते हैं। उन्होंने कहा कि 'बुमराह-अर्शदीप एक घातक जोड़ी है। और फिर अक्षर, वरुण आ रहे हैं और वो कर रहे हैं जो वो सबसे अच्छा करते हैं। और वाशी पिछले मैच में काम आए। उन्होंने अब काफी टी-20 क्रिकेट खेल लिया है, वो काफी कुछ लेकर आ रहे हैं और खुद का समर्थन कर रहे हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि कई खिलाड़ी वाकई अच्छा कर रहे हैं। तीन मजबूत टीमों -ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड - के साथ खेलना विश्व कप से पहले एक बेहतरीन तैयारी होगी। मैंने हाल ही में देखा कि महिला टीम ने भारत में विश्व कप जीता, दर्शकों का अविश्वसनीय समर्थन मिला। यह एक अच्छी चुनौती होगी, रोमांचक टूर्नामेंट होगा, लेकिन अभी बहुत दूर है। दो और सीरीज बाकी हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## ईसीबी ने काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंद का प्रयोग समाप्त किया

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने काउंटी निदेशकों और पेशेवर खेल समिति से मिली प्रतिक्रिया के बाद, 2026 सीजन से काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंदों के इस्तेमाल को समाप्त करने का फैसला किया है। काउंटी क्रिकेटरों को अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए तीन साल पहले शुरू किया गया यह परीक्षण, अधिकांश मैचों में बिना किसी घटना के होने के कारण असफल माना गया है। इस सीजन में सरे और डरहम के बीच ओवल में खेला गया मैच, जहां मेजबान टीम ने 9 विकेट पर 820 रन बनाकर पारी घोषित की, इसका एक उदाहरण है।

## ट्राइडेंट ओपन में भाग लेंगे शीर्ष गोल्फर

**चंडीगढ़, वार्ता।** ट्राइडेंट ग्रुप और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई), जो भारत में पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक स्वीकृति संस्था है, ने आज संयुक्त रूप से ट्राइडेंट ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की, जो 11 से 14 नवम्बर, 2025 तक प्रतिष्ठित चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपए है। इस टूर्नामेंट से पहले 8 नवम्बर को एम-एम इवेंट और 9 नवम्बर को प्रो-एम इवेंट होगा। इस टूर्नामेंट को टाइटल प्रायोजक ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा समर्थित किया जा रहा है।

## महिला वनडे विश्व कप 2029 को 10 टीमों तक विस्तृत करने पर आईसीसी सहमत

**दुबई, वार्ता।** हाल ही में समाप्त हुए महिला विश्व कप की सफलता को देखते हुए आईसीसी बोर्ड ने महिला विश्व कप के अगले संस्करण (2029) को 10 टीमों तक विस्तृत करने पर सहमति जताई है।

आईसीसी ने 2021 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला खेल के विस्तार की घोषणा की थी और हाल ही में जारी विज्ञप्ति में 2025 के संस्करण की सफलता के बाद आईसीसी की महिला क्रिकेट के विकास के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई है। 2000 से ही महिला वनडे विश्व कप के मुख्य टूर्नामेंट में आठ टीमों ने ही हिस्सा लिया है। हालिया विश्व कप में जहां 31 मैच खेले गए थे तो वहीं 2029 के संस्करण में 10 टीमों वाले टूर्नामेंट में कुल 48 मैच खेले जाएंगे। महिला टी-20 विश्व कप में भी अब 12 टीमें हिस्सा लेंगी जबकि पिछले साल यूएई में खेले गए विश्व कप में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया था। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि लगभग 3 लाख प्रशंसकों ने मैदान में इस आयोजन को देखा जिसने महिला क्रिकेट में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस टूर्नामेंट में ऑनलाइन दर्शकों में भी बढ़ोतरी हुई और दुनिया भर में ऑन स्क्रीन दर्शकों के रिकॉर्ड बने, भारत में लगभग 50 करोड़ दर्शक थे। आईसीसी बोर्ड ने आईसीसी महिला क्रिकेट समिति के सदस्यों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी, जिनमें ऐश्ली डी सिल्वा, मिताली राज, अमोल मजूमदार, चार्लोट एड्वर्ड्स और सला स्टेला सियाले-वेया शामिल हैं। एलए 2028 और ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक में क्रिकेट बोर्ड ने यह भी बताया कि लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कुल 28 मैच खेले जाएंगे। प्रत्एक वर्ग में छह टीमें होंगी,इनमें अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप और ओशिनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें शामिल होंगी, साथ ही मेजबान अमेरिका भी खेलेगा। छठी टीम क्वालिफायर के जरिए तय होगी, जिसके बारे में अभी विवरण जारी नहीं किया गया है।

## भारत को जल्द मिलेगी एशिया कप टॉफी



- **बीसीसीआई और एसीसी अध्यक्ष व पीसीबी के चेयरमैन के बीच विवाद सुलझा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 की विजेता भारतीय टीम को जल्द ही उसकी ट्रॉफी मिलने की संभावना है, क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मो. हसिन नकवी के बीच विवाद सुलझ गया है। इसकी जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दी।

उन्होंने कहा, बीसीसीआई और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का संकल्प लिया है। सैकिया ने आगे कहा कि आईसीसी बैठक से इतर नकवी के साथ अच्छी बातचीत हुई, दोनों पक्ष जल्द से जल्द इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कोई न कोई रास्ता निकालेंगे।श उन्होंने बताया, श्बातचीत खत्म हो गई है, अब विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जाएगा। सैकिया ने कहा कि मैं आईसीसी की अनौपचारिक और औपचारिक दोनों बैठकों का हिस्सा था। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी भी मौजूद थे। औपचारिक बैठक के दौरान यह एजेंडा में नहीं था, लेकिन आईसीसी ने एक वरिष्ठ आईसीसी पदाधिकारी और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी में मेरी और पीसीबी प्रमुख के बीच अलग से बैठक कराई। बातचीत की प्रक्रिया शुरू करना वाकई अच्छा रहा। दोनों पक्षों ने आईसीसी बोर्ड बैठक के दौरान हुई बैठक में सौहार्दपूर्ण ढंग से भाग लिया। सैकिया ने बताया कि जल्द ही समाधान निकाल लिया जाएगा। विवाद की शुरुआत एशिया कप 2025 के फाइनल के बाद हुई, जब पीसीबी के प्रमुख मोहसिन नकवी ने विजेता भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को ट्रॉफी देने की कोशिश की। लेकिन सूर्यकुमार ने ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया। टेलीकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुता. बिक, सूर्यकुमार ने नकवी से ट्रॉफी स्वीकार नहीं की क्योंकि नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और भारत में आतंकवाद को समर्थन देने में उनकी भूमिका को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इस पर नकवी ने कहा कि एसीसी के अध्यक्ष होने के नाते ट्रॉफी देने का अधिकार केवल उन्हीं को है। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने ट्रॉफी लिए बिना ही मजाकिया अंदाज में काल्पनिक ट्रॉफी उठाकर अपने साथियों के साथ जश्न मनाया। टेलीकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, सूर्यकुमार ने असली ट्रॉफी लेने से मना कर दिया।

## द. अफ्रीका 'ए' के खिलाफ चोट लगने के बाद पंत हुए रिटायर हर्ट

- **बेंगलुरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच में पंत को शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी**

**बेंगलुरू, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दक्षिण अफ्रीका ए दूसरे अनाधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को चोट लगने के बाद रिटायर हर्ट होकर वापस लौटना पड़ा। यहां बेंगलुरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन के पहले सत्र में पंत को तेज गेंदबाज शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी। यह चोट उनके शरीर और हेलमेट पर लगी, जिसके बाद उन्हें 34वें ओवर में रिटायर हर्ट होना पड़ा। पंत तीसरे ओवर में नंबर पांच पर बल्लेबाजी के लिए आए थे, जब ओवरनाइट बल्लेबाज केएल राहुल को ओकुन्ले सेले ने 27 रन पर बोल्ड कर दिया। पंत ने शुरुआत में तेजी से रन बनाए।

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार खेली पिता-पुत्र की जोड़ी

- **सुहैल सत्तार 20 वर्ष और यहया सुहैल 17 वर्ष ने बाली में इंडोनेशिया के खिलाफ एक साथ बल्लेबाजी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टिमॉर-लेस्ट के सुहैल सत्तार (50 वर्ष) और यहया सुहैल (17 वर्ष) अंतर्राष्ट्रीय मैच में एक साथ खेलने वाले पहले पिता-पुत्र की जोड़ी बन गए हैं। उन्होंने यह अनोखी उपलब्धि




टिमॉर-लेस्टे के पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में हासिल की, जब उन्होंने 6 नवम्बर को बाली में मेजबान इंडोनेशिया के खिलाफ एक साथ बल्लेबाजी की।

## असम राइफल्स हाफ मैराथन पांचवां संस्करण 14 दिसम्बर को शिलांग में होगा

- **यह मैराथन पहली बार 2021 में आयोजित की गई थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** असम राइफल्स हाफ मैराथन का बहुप्रतीक्षित पांचवां संस्करण इस वर्ष 14 दिसंबर को मेघालय के शिलांग में आयोजित किया जाएगा। इसकी घोषणा आयोजकों ने शनिवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की।

भारत के सबसे पुराने अर्द्धसैनिक बलों में से एक, असम राइफल्स, जिसकी स्थापना 1835 में हुई थी और जो गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत है, द्वारा यह मैराथन पहली बार 2021 आयोजित की गई थी। यह मैराथन फिटनेस, सौहार्द और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी। पांचवें संस्करण में 12 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु के 3000 से अधिक धावक तीन अलग-अलग दूरियों - 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी - में भाग लेंगे।


पंजाब नैशनल बैंक ......भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

सैम शाखा दिल्ली, चौथी मंजिल, 7वां भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली-110066
Email: zs8343@pnb.co.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस,

आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित ऋणदाता को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत ऋणदाता द्वारा लिया गया है, जिसे "जैसा है जहां है" के आधार पर, "जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे तालिका में उल्लिखित तिथि पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में बताया गया है। इसका बकाया संबंधित उधारकर्ता (ओं) और आधार गारंटर (ओं) से बैंक/सुरक्षित लेनदार को देय है।आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित होगी।

सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

| क्र. सं. | शाखा का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/गांटर्स खाते का नाम एवं पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/ मालिकों के नाम (संपत्ति(यों) के गिरवीकर्ता) | (ए) सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस की तारीख (बी) बकाया राशि........ (सी) सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि (डी) कब्जे की प्रकृति (प्रतीकात्मक/भौतिक/रचनात्मक) | (ए) आरक्षित मूल्य (बी) ईएमडी (सी) बोली वृद्धि राशि | तारीख/ का समय ई-नीलामी | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण | प्राधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब नेशनल बैंक, तनावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन शाखा, दिल्ली<br>अटारसन ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड<br>1. मेसर्स अटारसन ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स श्री बालाजी रोहिलखंड राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) सी-67, वैभव, सनसिटी विस्तार, बरेली 243001 **इसके अलावा:** सी-1, औद्योगिक क्षेत्र, ग्रोथ केंद्र, ग्राम जमौर, तहसील एवं जिला शाहजहांपुर- 242226<br>2. श्री रचिन गुप्ता पुत्र नरेश चंद्र गुप्ता **(निदेशक एवं गारंटर)** डी-35, रॉयल सनसिटी विस्तार, बरेली- 243001, **इसके अलावा:** सी-67, वैभव, सनसिटी विस्तार, बरेली -243001<br>3. श्रीमती सीमा गुप्ता पत्नी श्री सुनील कुमार गुप्ता **(निदेशक एवं गारंटर)** सी-67, वैभव, सनसिटी विस्तार, बरेली-243001<br>4. श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम निवास गुप्ता **(गारंटर)** डी-35, रॉयल सनसिटी विस्तार, बरेली -243001<br>5. मेसर्स बालाजी फूडग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड **(गारंटर)** डी-35, रॉयल सनसिटी विस्तार, बरेली -243001 | प्लॉट नंबर-एच-3, एच-4, ई-14, ई-15 और ई-16 औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेंटर, ग्राम जमौर, तहसील एवं जिला शाहजहाँपुर में स्थित लीज होल्ड संपत्ति का समतुल्य बंधक मेसर्स श्री बालाजी रोहिलखंड राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम निदेशकों श्री रचिन गुप्ता पुत्र श्री नरेश चंद्र गुप्ता के माध्यम से, क्षेत्रफल 6600 वर्ग मीटर। सीमा उत्तर - प्लॉट नंबर एच-2, दक्षिण - प्लॉट नंबर एच-5, पूर्व - सड़क 24.00 मीटर चौड़ी, पश्चिम - सड़क 18.00 मीटर | ए) पीएनबी (ई-ओबीसी) - 04.02.2019<br>पीएनबी - 10.06.2019<br>बी) ई-ओबीसी - रु. 45,09,48,004.60 + ब्याज एवं अन्य शुल्क 01.02.2019 से प्रभावी<br>पीएनबी - रु. 25,59,80,814.49 + ब्याज एवं अन्य शुल्क 01.02.2019 से प्रभावी<br>सी) 25.04.2019<br>डी) भौतिक कब्जा | ए)रू. 3.52 करोड़<br>बी)रू.0.352 करोड़<br>सी)रू.1,00,000/- | 26.11.2025 प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मो0. 9717133327 |
| 2. | लॉट नं. 1 के समान | प्लॉट नंबर एच-86, एच-87, एच-88 और एच-100, एच-101, एच-102 और एच-103 औद्योगिक क्षेत्र, ग्रोथ सेंटर शाहजहांपुर, जिला शाहजहांपुर में स्थित लीज होल्ड संपत्ति का समतुल्य बंधक, मेसर्स श्री बालाजी रोहिलखंड राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर, क्षेत्रफल 8600 वर्ग मीटर, सीमा पूर्व-12 मीटर चौड़ी रोड नंबर 21, पश्चिम - 24 मीटर चौड़ी रोड नंबर 01, उत्तर - 24 मीटर चौड़ी रोड नंबर 16, दक्षिण - प्लॉट नंबर एफ-89 और एफ-104। | लॉट नं. 1 के समान | ए)रू. 3.60 करोड़<br>बी)रू.0.36 करोड़<br>सी)रू.1,00,000/- | 26.11.2025 प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मो0. 9717133327 |
| 3. | लॉट नं. 1 के समान | गाटा नंबर 288 और 289 रसकूपा बहादुरपुर परगना-कांठ, फरुखाबाद रोड, तहसील और जिला शाहजहांपुर के भाग में स्थित संपत्ति का समतुल्य बंधक, मैसर्स बाला जी फूड ग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड, क्षेत्रफल 3225.77 वर्ग मीटर, उत्तर में सीमा- साहिद का प्लॉट, दक्षिण में - अनिल गुप्ता और पवन का प्लॉट गुप्ता, पूर्व में - रामबेटी का प्लॉट, पश्चिम में - फरुखाबाद रोड। | लॉट नं. 1 के समान | ए)रू. 1.82 करोड़<br>बी)रू.0.182 करोड़<br>सी)रू.50,000/- | 26.11.2025 प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मो0. 9717133327 |
| 4. | लॉट नं. 1 के समान | खसरा नंबर 36 और 37 के 1/3 भाग, ग्राम-फतेहपुर, परगना-तहसील-बरेली में स्थित संपत्ति का समतुल्य बंधक, श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम निवास गुप्ता के नाम पर, क्षेत्रफल 10360.00 वर्ग मीटर खसरा नंबर 36 की सीमाएँ: पूर्व में सीमा- भूपेंद्र सिंह व अन्य का खेत, पश्चिम में - चंद्र पाल सिंह का खेत, उत्तर में - दीप देवेंद्र सिंह का खेत, दक्षिण में - श्रीमती कमला गुप्ता का खेत। खसरा संख्या 37 की सीमाएँ: पूर्व में सीमा - माखन लाल व अन्य का खेत, पश्चिम में - श्रीमती का खेत कमला गुप्ता, उत्तर - विक्रेता का खेत, दक्षिण - लिंक रोड। | ए) पीएनबी (ई-ओबीसी) - 04.02.2019<br>पीएनबी - 10.06.2019<br>बी) ई-ओबीसी - रु. 45,09,48,004.60 + ब्याज एवं अन्य शुल्क 01.02.2019 से प्रभावी<br>पीएनबी - रु. 25,59,80,814.49 + ब्याज एवं अन्य शुल्क 01.06.2019 से प्रभावी<br>सी) 25.04.2019<br>डी) सांकेतिक कब्जा | ए)रू. 0.76 करोड़<br>बी)रू.0.076 करोड़<br>सी)रू.50,000/- | 26.11.2025 प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मो0. 9717133327 |

नोट: क्रम संख्या 1 से 3 संपत्ति की भ्रमण की तिथि और समय: 21.11.2025, शाम 4:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक और संपत्ति क्रम संख्या 4 संपत्ति की भ्रमण की तिथि और समय: 20.11.2025, शाम 4:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक

**ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें:** बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।
(1) संपत्तियों को "जैसा है जहां है के आधार पर", "जैसा है जो है के आधार पर" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। (2) ऊपर दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। (3) सुरक्षित संपत्ति आरक्षित मूल्य से नीचे नहीं बेची जाएगी। पहली बोली आरक्षित मूल्य से अधिक किसी भी राशि पर शुरू होनी चाहिए। (4) बिक्री उपरोक्त निर्दिष्ट नीलामी की तारीख और समय पर वेबसाइट https://Baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। (5) अधिक जानकारी और बिक्री के पूर्ण नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://Baanknet.com और www.pnbindia.in देखें।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

दिनांक: 06.11.2025, स्थान: दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने रूस से तेल-गैस खरीदने पर हंगरी को दी प्रतिबंधों से छूट

**वाशिंगटन।** अमेरिका रूस से तेल और गैस खरीदने को लेकर हंगरी पर एक साल तक कोई प्रतिबंध नहीं लगाएगा। बीबीसी ने व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हंगरी को रूसी तेल और गैस की खरीद को लेकर एक साल के लिए प्रतिबंधों से छूट दे दी है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने कहा था कि वह हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन को छूट देने के मुद्दे पर विचार करेंगे। ओर्बन को ट्रम्प का करीबी माना जाता है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान हंगरी ने रूस के साथ भी अच्छे संबंध विकसित किए हैं।

### अफगान में हर पांच में से एक बच्चा कठिन श्रम को मजबूर है: यूनिसेफ

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने कहा है कि अफगान में हर पांच में से एक बच्चा बाल श्रम में लगा हुआ है। अफगान में यूनिसेफ के प्रवक्ता ओमिदुर्रहमान फजल ने बच्चों की सुरक्षा के लिए यूनिसेफ की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि चाहे जो भी कारण हो यूनिसेफ बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, यूनिसेफ इस समस्या के लिए परिवार-आधारित समाधानों पर ज़ोर देता है। अफगानिस्तान के टोलो न्यूज के अनुसार कुछ कामकाजी बच्चों ने अफगान के इस्लामी अमीरात सरकार से से शिक्षा के अवसर और बेहतर जीवन-यापन की स्थिति प्रदान करने की मांग की है।

### तुर्की की कॉस्मैटिक्स फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी कोकेली प्रांत में शनिवार को एक कॉस्मैटिक्स फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। गवर्नर इल्हामी अक्तास के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार दिलोवासी जिले में स्थित इस कारखाने में आग लगी और आपातकालीन कॉल के बाद आग बुझाने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों और उपकरणों के समूहों को भेजा गया। अक्तास ने बताया कि आग पर अंततः काबू पा लिया गया।

### म्यांमार में मलेरिया के 126000 से अधिक मामले मिले

**यांगून।** म्यांमार में जनवरी से अगस्त 2025 के बीच मलेरिया के कुल 126562 मामलों की पहचान हुई और उनका इलाज किया गया। सरकारी रेडियो और टेलीविजन ने शनिवार को बताया कि देश 2030 तक मलेरिया के संक्रमण को खत्म करने का प्रयास कर रहा है और पिछले एक दशक में इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मलेरिया के मामलों में यह कमी उपचार और शिक्षा कार्यक्रमों को निरंतर चलाने के कारण संभव हुई है।

# अफगान-पाक शांति वार्ता फिर विफल

## दोनों देशों के बीच सीमा पर आतंकवाद पर कार्रवाई को लेकर मतभेद कायम रहे

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी तीसरे दौर की शांति वार्ता बिना किसी ठोस समझौते के समाप्त हो गई। दोनों देशों के बीच सीमा पार आतंकवाद पर कार्रवाई को लेकर मतभेद कायम रहे। पाकिस्तान की ओर से रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बताया कि वार्ता में कोई लिखित समझौता नहीं हो सका और अब चौथे दौर की कोई योजना भी नहीं है।


दो दिन तक चली ये वार्ता बृहस्पतिवार को शुरू हुई थी। पाकिस्तान ने अफगान तालि. बान से यह मांग की थी कि वे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के उन आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करें जो अफगान धरती से पाकिस्तान पर हमले कर रहे हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक निजी टीवी चैनल से बातचीत में कहा वार्ता पूरी तरह गतिरोध में है। अफगान पक्ष सिर्फ मौखिक भरोसा देना चाहता था, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में मौखिक आश्वासन स्वीकार नहीं किए जा सकते। उन्होंने तुर्की और कतर के ईमानदार प्रयासों के



■ अगर अफगान धरती से कोई हमला होता है, तो पाक जवाब देगा

लिए धन्यवाद दिया, जो दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता कर रहे थे। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान का रुख स्पष्ट है हमारी केवल एक मांग है कि अफगानिस्तान यह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में न हो। आसिफ ने यह भी कहा कि अगर अफगान धरती से कोई हमला होता है, तो पाकिस्तान जवाब देगा।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तारार ने शनिवार सुबह एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा अब जिम्मेदारी अफगान तालिबान की है कि वे आतंकवाद पर नियंत्रण को लेकर अपने अंतर्राष्ट्रीय और द्विपक्षीय वादों को पूरा करें, जिनमें वे अब तक असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अफगान जनता से कोई वैर नहीं है, लेकिन वह किसी भी ऐसी नीति का समर्थन नहीं करेगा जो अफगान लोगों या पड़ोसी देशों के हितों के खिलाफ हो। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पहली वार्ता 29 अक्टूबर को दोहा (कतर) में हुई थी, जबकि दूसरी बैठक 25 अक्टूबर को इस्तांबुल (तुर्की) में आयोजित हुई। दोनों ही वार्ताएं किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचीं। अब तीसरा दौर भी बेनतीजा रहा है। इससे पहले 11 से 15 अक्तूबर के बीच दोनों देशों की सीमा पर सशस्त्र झड़पें हुई थीं, जिनमें दोनों ओर जनहानि हुई थी। दोनों देशों ने 19 अक्टूबर को कतर की राजधानी दोहा में सीजफायर पर सहमति जताई थी, लेकिन शर्तों को अंतिम रूप देने में मतभेद बने रहे।



नई दिल्ली। आनंद विहार में धुंध भरी सुबह के बीच यात्री।

### 'फादर ऑफ डीएनए' प्रसिद्ध नोबेल विजेता जेम्स वाटसन का निधन

**वाशिंगटन।** नोबेल विजेता और दुनियाभर के प्रसि) वैज्ञानिक जेम्स डी वाटसन का 97 साल की उम्र में निधन हो गया। वे 1953 में डीएनए की ट्विस्टेड-लैडर संरचना (डबल हेलिक्स) की खोज के लिए जाने जाते हैं, जिससे चिकित्सा, अपराध जांच, जीनोलाजी और नैतिकता के क्षेत्र में क्रांति आई। वाटसन ने फ्रांसिस क्रिक और मारिस विल्किन्स के साथ 1962 में नोबेल पुरस्कार साझा किया। उनकी खोज से यह पता चला कि डीएनए कैसे वंशानुगत जानकारी रखता है और कोशिकाएं विभाजन के दौरान इसे कैसे कापी करती हैं। डबल हेलिक्स ने विज्ञान और समाज में गहरा प्रभाव डाला और अब यह संरचना विज्ञान का प्रतीक बन गई है। हालांकि, जीवन के अंतिम वर्षों में वाटसन विवादित बयान देने के लिए आलोचना और पेशेवर निंदा का सामना कर चुके। उन्होंने अश्वेत लोगों की बुद्धिमत्ता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

# तुर्की की अदालत से नेतन्याहू का गिरफ्तारी वारंट जारी

## गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर इजरायली पीएम के अलावा 37 अन्य लोगों के नाम भी आरोपियों में शामिल

**तेल अवीव/गाजा पट्टी।** तुर्की के इस्तांबुल मुख्य अभियोजक कार्यालय ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 37 लोगों के खिलाफ जनसंहार के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इन आरोपों का संबंध गाजा में चल रहे युद्ध से है, जिसे इजरायल ने अक्टूबर 2023 में हमास के हमलों के बाद शुरू किया था।

इस्तांबुल अभियोजन कार्यालय के बयान के मुताबिक, जिन लोगों पर गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है, उनमें इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज, आईडीएफ के चीफ आफ स्टॉफ एयाल जमीर, राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-गवीर के शामिल हैं। तुर्की के अभियोजकों ने दावा किया है कि इजरायल गाजा में नागरिकों को जानबूझकर निशाना बना रहा है, और यह कार्रवाई जनसंहार की श्रेणी में आती है। उन्होंने 17 अक्टूबर 2023 की अल-अहली बैपटिस्ट हास्पिटल की घटना को भी अपने आरोपों का हिस्सा बनाया है। हालांकि, इजरायल और अमे. रिका की खुफिया एजेंसियों ने बाद में यह निष्कर्ष निकाला था कि यह विस्फोट हमास के राकेट की विफल लान्चिंग से हुआ था, न कि इजरायल के हमले से। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन लंबे



■ इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत, 170685 लोग घायल
■ इजरायल गाजा में नागरिकों को जानबूझकर निशाना बना रहा है और यह कार्रवाई जनसंहार की श्रेणी में आती है

समय से हमास के समर्थक माने जाते हैं। इसी के साथ, तुर्की की न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता पर भी सवाल उठते रहे हैं।

अतीत में तुर्की के कई पत्रकारों और विपक्षी नेताओं, जैसे कि एकरेम इमामओग्लू (जो इस्तांबुल के मेयर और एर्दोआन के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं) के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा चुके हैं। बता दें कि 1915 से 1923 के बीच तुर्की पर अपने ही देश में 15 लाख आर्मेनियाई लोगों के जनसंहार का आरोप है। इस अवधि में लाखों आर्मेनियाई मारे गए या भुखमरी से मर गए, जबकि लगभग पांच लाख लोग रूस की ओर पलायन कर गए। अमेरिका, कनाडा, रूस और यूरोपीय संघ के अधिकांश देश इस आर्मेनियाई जनसंहार को आधिकारिक रूप से मान्यता देते हैं। हालांकि, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और इजरायल जैसे देश अब तक इसे औपचारिक रूप से मान्यता नहीं देते, क्योंकि तुर्की के साथ उनके राजनयिक संबंध प्रभावित हो सकते हैं। लेकिन अगस्त 2025 में नेतन्याहू ने व्यक्तिगत रूप से इस जनसंहार को स्वीकार किया था, हालांकि इसे इजरायल की आधिकारिक मान्यता नहीं माना गय वहीं इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। गाजा के स्वासथ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मौत का आंकड़ा बढ़कर 69169 हो गया है और 170685 लोग घायल हुए हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमलों को बाद युद्ध शुरू हुआ था। मरने वालों के आंकड़ों में हाल ही में इस वृद्धि हुई है, क्योंकि तबाही वाले इलाकों में राहत और बचाव कार्य के दौरान मलबे के नीचे से शव मिले और उनमें से कुछ शवों की पहचान की गई। यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब इजरायल ने शनिवार को गाजा को 15 फलस्तीनियों के शव लौटाए। इससे पहले हमास के लड़ाकों ने अस्थाई युद्ध विराम समझौते के तहत एक बंधक का शव इजरायल को लौटाया था। अमेरिका की मध्यस्थता में हुए इस अस्थिर संघर्ष विराम की दिशा में शवों की अदला-बदली को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस समझौते के मुताबिक, इजरायल ने हर एक इजरायली बंधक के बदले 15 फलस्तीनी शव लौटाए। खान यूनिस के नासेर अस्पताल ने बताया कि वहां 15 शवों को लाया गया है। शव वापसी उस समय हुई, जब इजरायल ने शुक्रवार रात लौटाए गए शव की पुष्टि की, जो हमास के सात अक्टूबर 2023 के हमले में लड़ते हुए मारे गए एक इजरायली पुरुष का था। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, बंधक की पहचान लियोर रुडाफ के रूप में हुई।

### तुर्की के राष्ट्रपति बाकू में अजरबैजानी और पाकिस्तानी नेताओं से बातचीत करेंगे

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति आर.टी. एर्दोगन बाकू में सैन्य परेड में शामिल होंगे और अजरबैजान के राष्ट्रपति तथा पाकिस्तान के प्रानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। तुर्की के राष्ट्रपति के कार्यालय ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। एर्दोगन के संचार प्रमुख बी. दुरान ने कहा कि राष्ट्रपति 8 नवम्बर को बाकू में विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए अजरबैजान का दौरा करेंगे। एर्दोगन इस यात्रा के दौरा अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाक. ात करेंगे, जो समारोह में शामिल होने के लिए बाकू पहुंचेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे।



### अमेरिका में 'शटडाउन' के कारण 1000 से अधिक उड़ानें रद्द

**वाशिंगटन।** अमेरिकी इतिहास में संघीय सरकार के सबसे लंबे 'शटडाउन' के दौरान हवाई यातायात नियंत्रक कर्मियों और हवाई यातायात में कमी के कारण शुक्रवार को 1000 से अधिक अमेरिकी उड़ानों को रद्द किया गया। अमेरिकी उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर ने कहा कि शुक्रवार शाम पांच बजे तक 4309 उड़ानें लेट थीं और 1002 को रद्द किया गया। यह घटनाक्रम अमेरिकी परिवहन विभाग और संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) द्वारा बुधवार को एक घोषणा के बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि संघीय सरकार शुक्रवार से 40 स्थानों पर हवाई यातायात में कमी लाएगी। एफएए द्वारा निर्धारित उड़ान निरस्त योजना के अनुसार, शुक्रवार को उड़ानों में चार प्रतिशत की कमी करने की तैयारी थी। अगले मंगलवार तक यह छह प्रतिशत, गुरुवार तक आठ प्रतिशत और शुक्रवार तक 10 प्रतिशत तक बढ़ाया जाना है। एफएए प्रशासक ब्रायन बेडफोर्ड ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि निर्धारित क्षमता में 10 प्रतिशत की कटौती हमारे वायु यातायात नियंत्रकों पर दबाव में कमी लाने के लिए उपयुक्त होगी।

# भारत ने ब्राजील के वन कोष का किया समर्थन

**नई दिल्ली।** ब्राजील में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में वैश्विक जलवायु महत्वाकांक्षा को पूरा करने पर जोर दिया गया है। सम्मेलन में शामिल देशों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों को बचाने पर जोर दिया।

भारत ने शुक्रवार को विक. सित देशों से उत्सर्जन कटौती में तेज़ी लाने और वादा के अनुरूप जलवायु वित्त पोषण को पूरा करने का आग्रह किया। भारत उष्णकटिबंधीय वनों के संरक्षण के लिए ब्राज़ील के नए वैश्विक कोष में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुआ। ब्राज़ील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने बहुपक्षवाद और पेरिस समझौते के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की

■ धनी देशों से पेरिस समझौते का पालन करने का आग्रह

पुष्टि की और ब्राज़ील के बेलेम में सीओपी-30 के नेताओं के शिखर सम्मेलन में भारत के रुख को रेखांकित किया। भारतीय प्रतिनिधि ने ब्राज़ील के नेतृत्व वाले उष्णकटिबंधीय वन कोष में पर्यवेक्षक के रूप में भारत के शामिल होने की घोषणा करते हुए कहा कि भारत उष्णकटिबंधीय वनों के संरक्षण के लिए सामूहिक और निरंतर वैश्विक कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करने वाली उष्णकटिबंधीय वन फॉरएवर फैसिलिटी (टीएफएफएफ) की स्थापना में ब्राज़ील की पहल का स्वागत और समर्थन करता है।

### भारतीय NGO को मिला मैग्सेसे पुरस्कार

**मनीला।** भारत की एनजीओ एजुकेट गर्ल्स को प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे सम्मान मिला है। संस्थाय ने यह सम्मान उन हजारों क्षेत्रीय समन्वयकों, स्वयंसेवकों और युवा मार्गदर्शकों को समर्पित किया है, जिन्होंने देश की लाखों लड़कियों को स्कूल वापस लाने में मदद की है। इस पुरस्कार की घोषणा 31 अगस्त को की गई थी। फिलीपींस के राजधानी शहर में एक औपचारिक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। एजुकेट गर्ल्स की स्थापना साल 2007 में हुई। यह संस्था उप्र, राजस्थान, मप्र व बिहार के तीस हजार से अधिक गांवों में काम कर रही है। संस्था का मकसद गरीबी और निरक्षरता के चक्र को तोड़ना है। 55 हजार से अधिक स्वयंसेवकों की मदद से इस संस्था ने अब तक 20 लाख से अधिक लड़कियों को स्कूल वापस लाने और 24 लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा कार्यक्रमों से जोड़ने में मदद की है।

# चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' नेवी में शामिल

## हिंद महासागर से ताइवान तक बढ़ेगा चीन का दबदबा, भारत के लिए 5 चुनौतियां पैदा होंगी

**बीजिंग।** चीन ने अपना नया और अब तक का सबसे आधुनिक एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल कर लिया है। यह घोषणा चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने की। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हाइनान प्रांत में आयोजित एक समारोह में फुजियान को नौसेना को सौंपा। उन्होंने जहाज पर जाकर उसका निरीक्षण भी किया। फुजियान चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह जहाज पूरी तरह चीन में ही डिजाइन और बनाया गया है।

इससे पहले दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शानडोंग रूस की डिजाइन पर बने थे। फुजियान एक सुपरमॉडर्न कैरियर है, जिसमें इलेक्ट्रिक सिस्टम बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया गया है। इस पर जे-35 स्टेल्थ फाइटर भी तैनात किए जाएंगे, जिससे ताइवान से लेकर हिंद महासागर तक चीन का दबदबा बढ़ेगा। फुजियान पहला एयरक्राफ्ट कैरियर है जिसे चीन ने पूरी तरह खुद डिजाइन किया और बनाया है। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (ईएमएएलएस) लगा है।



■ इससे पहले दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शानडोंग रूस की डिजाइन पर बने थे

यह वही तकनीक है जिसे अमेरिका अपने नए एयरक्राफ्ट कैरियर्स में इस्तेमाल करता है। इस जहाज से चीन ने अपने नए जे-35 स्टेल्थ फाइटर की टेस्ट फ्लाइट करवाई है। यह चीन का पहला ऐसा कैरियर है जो स्टेल्थ विमान उड़ा सकता है। भारत से लिए 5 चुनौतियां ला सकता है फुजियान-चीन के फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर से भारत के लिए सीधी सैन्य और रणनीतिक चुनौती दोनों बढ़ सकती हैं। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (ईएमएएलएस) है, जो पहले सिर्फ अमेरिका के पास था। यह सिस्टम चीन को ज्यादा विमान, तेज और भारी विमान लॉन्च करने की क्षमता देता है। इससे उसकी नौसेना की लॉन्ग-रेंज स्ट्राइक क्षमता बढ़ेगी। चीन पहले ही ग्वादर (पाकिस्तान) और जिबूती (अफ्रीका) जैसे बंदरगाहों पर अपनी मौजूदगी बढ़ा चुका है। अब फुजियान जैसे बड़े जहाज के आने से चीन हिंद महासागर में लंबे समय तक ऑपरेशन कर सकेगा। यह क्षेत्र भारत के लिए बहुत अहम है, क्योंकि भारत की तेल सप्लाई और व्यापार मार्ग यहीं से गुजरते हैं। फुजियान में जे-35 स्टेल्थ फाइटर, जेके-600 चेतावनी विमान और जे-15 जैसे आधुनिक विमान तैनात हो सकते हैं। इससे चीन एक साथ एयर डिफेंस, स्ट्राइक और सर्विलांस मिशन चला सकता है। भारत के पास फिलहाल दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत। ये दोनों ही स्की-जंप रैंप (स्टूबर) तकनीक वाले हैं, जबकि फुजियान कैटापल्टतकनीक का इस्तेमाल करता है, जो ज्यादा आधुनिक है।

# डायबिटीज से जूझ रहे लोगों को अमेरिकी वीजा मिलना मुश्किल

**वाशिंगटन।** डायबिटीज, मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए अब अमेरिका में प्रवेश पाना मुश्किल हो सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने दुनियाभर के अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को निर्देश दिया है कि वे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों को अमेरिका आने या रहने की अनुमति न दें।

यह नियम 'पब्लिक चार्ज' (सार्वजनिक बोझ) नीति पर आधारित है, जिसका मकसद ऐसे अप्रवासियों को रोकना है जो अमेरिकी सरकारी संसाधनों पर निर्भर हो सकते हैं। इसमें वीजा अधिकारियों को सलाह दी गई है कि वे आवेदकों के हेल्थ, उम्र और फाइनेंशियल स्टेटस की जांच करें। अगर कोई व्यक्ति भविष्य में महंगी चिकित्सा

■ सरकार पर बोझ कम करना मकसद, हेल्थ, उम्र, फाइनेंशियल स्टेटस जांचेंगे अधिकारी

देखभाल या सरकारी सहायता पर निर्भर होने की संभावना रखता है, तो उसका वीजा रिजेक्ट कर दिया जाएगा। वीजा अधिकारी लोगों के हेल्थ स्टेटस की जांच करेंगे। उनके पूरी तरह स्वस्थ होने पर ही वीजा स्वीकृति मिलेगी। अधिका. रियों को दिए गए निर्देश में कहा गया है कि आवेदक के स्वास्थ्य को ध्यान में रखना जरूरी है। चिकित्सा स्थितियां जैसे हृदय रोग, सांस की दिक्कत, कैंसर, डायबिटीज, मेटाबालिक डिजीज, न्यूरोलाजिकल डिजीज और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं लाखों डालर की देखभाल की जरूरत पैदा कर सकती हैं।

# भारत को 113 तेजस मार्क-1ए इंजन देगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अमे. रिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की। इसके तहत जीई भारत को 113 जेट इंजन और सपोर्ट पैकेज देगी। एचएएल ने समझौते के बारे में एक्स में पोस्ट कर जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि ये इंजन 97 मार्क-1ए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) में लगाए जाएंगे।

इंजन की डिलीवरी 2027 से 2032 के बीच होगी। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने 25 सितम्बर को एचएएल के साथ 62,370 करोड़ की डील की थी। इसके तहत एचएएल भारतीय वायुसेना के लिए 97 एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान बनाएगा। हिंदुस्तान



एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अधिकारियों ने जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के अधिकारियों के साथ एक अरब डॉलर की डील की। इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है।उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए एचएएल को जीई की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं। एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीक. ानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात

■ एचएएल और अमेरिकी कंपनी में 8870 करोड़ की डील 2027 से 2032 के बीच होगी डिलीवरी

करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1ए के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1ए, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने डेवलप किया है।

# इथियोपियाई सरकार पर सशस्त्र हमले का आरोप

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया में टाइग्रे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (टीपीएलएफ) ने सरकार पर अफ़ार क्षेत्र में सशस्त्र हमला करने का आरोप लगाया है, जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं। अदीस स्टैंडर्ड अखबार में टीपीएलएफ का यह बयान प्रकाशित हुआ है। शुक्रवार को जारी टीपीएलएफ के बयान में कहा गया है कि ड्रोन हमला 6 नवम्बर की रात को हुआ, जिसमें टीपीएलएफ बलों और स्थानीय निवासियों के बीच संघर्ष में कई लोग हताहत हुए। टीपीएलएफ ने आगे दावा किया कि संघीय बलों और सहयोगी मिलिशिया ने भारी तोपखाने की गोलाबारी शुरू करने से पहले एक सड़क को अवरुद्ध करने का प्रयास किया और उन पर शांति समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। इसके अलावा, गुरुवार को जारी टीपीएलएफ के बयान में आरोप लगाया गया कि इथियोपियाई सरकार ने अफ़ार क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने के लिए भाड़े के सैनिकों को संगठित किया था और उन्हें हथियार मुहैया कराए थे। उत्तरी इथियोपिया में संघर्ष नवम्बर 2020 में तब शुरू हुआ जब टाइग्रे के अधिकारियों ने टीपीएलएफ पर एक सैन्य अड्डे पर हमला करने का आरोप लगाया।

# प्रियंका चोपड़ा राजामौली की अगली फिल्म में करेंगी काम

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कहा है कि वह एसएस राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का हिस्सा होंगी जिसका नाम संभवत: ग्लोबट्रॉटर होगा। इस फिल्म में महेश बाबू भी मुख्य भूमिका में होंगे। अभिनेत्री प्रियंका ने सोशल मीडिया पर एक लेख का स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें इस परियोजना में उनकी कास्टिंग की घोषणा की गई है। यद्यपि फिल्म में उनके काम करने का अभी खुलासा नहीं किया गया है लेकिन इस खबर ने उनके प्रशंसकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी है। फिल्म के अमेरिका में वितरण को लेकर भी चर्चा चल रही है।

प्रियंका और महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर फिर से फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। उल्लेखनीय है कि प्रियंका चोपड़ा अभी हाल ही में ग्लोबट्रॉटर के निर्माण के बाबत भारत आई थीं और महेश के साथ उन्होंने ऑनलाइन हल्की-फुल्की बातचीत की, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कयास लगाए जाने लगे। गौरतलब है कि निर्माता जल्द ही महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा का पहला लुक जारी करने वाले हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने एक हैशटैग के साथ ग्लोबट्रॉटर के पोस्टर को जारी करके अपने प्रशंसकों को उत्साहित किया था, लेकिन इससे यह पुष्टि नहीं होती थी कि यह आधिकारिक शीर्षक है या नहीं।

महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद। मैं भी आप सभी की तरह नवंबर 2025 का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं ताकि हम साथ मिलकर ग्लोबट्रॉटर का आनंद ले सकें।ष

हालांकि फिल्म की कहानी के विवरण को अभी बताए जाने से इनकार किया जा रहा है। लेकिन राजामौली की इसे अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बताया जा रहा है।

# अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक



अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक-

मुंबई। एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को लीड एक्ट्रेस के तौर पर आखिरी बार साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म जीरो में देखा गया था। इसके बाद उन्होंने फिल्म चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग पूरी की थी, लेकिन यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई। हालांकि, अनुष्का जल्द ही लीड एक्ट्रेस के तौर पर सात साल बाद कमबैक कर सकती हैं। दरअसल, चकदा एक्सप्रेस क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है, जिसमें अनुष्का शर्मा लीड रोल में हैं। हालांकि यह बायोपिक करीब तीन साल से नेटफ्लिक्स के पास पड़ी है। फिल्म को प्लेटफॉर्म और प्रोडक्शन हाउस क्लीन स्लेट फिल्म्स के बीच अनबन के चलते रिलीज नहीं किया जा रहा है। अब मिड-डे की रिपोर्ट में सामने आया है कि हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद फिल्म चकदा एक्सप्रेस के प्रोडड्यूसर्स अब इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। प्रोडड्यूसर्स ने नेटफ्लिक्स इंडिया के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की अपील की है। कप्तान रह चुकी हैं। एक सूत्र ने बताया, हमने नेटफ्लिक्स इंडिया के टॉप अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से लिखा है कि वे इस विवाद से ऊपर उठकर फिल्म रिलीज करें। झूलन दी जैसी दिग्गज पर बनी बायोपिक दर्शकों तक जरूर पहुंचनी चाहिए। सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म कई सालों से अटकी हुई है क्योंकि नेटफ्लिक्स के अधिकारियों को इसका रिजल्ट पसंद नहीं आया। प्रोडक्शन हाउस का बजट खत्म हो गया था और प्लेटफॉर्म हैड्स को प्रोजेक्ट का साइज ठीक नहीं लगा। फिर भी फिल्म मजबूत है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि टीम ने फिल्म पर फिर से चर्चा शुरू की है और इस महीने के भीतर रिलीज को लेकर फैसला लिया जा सकता है। बता दें कि अनुष्का शर्मा ने आखिरी बार साल 2018 में फिल्म श्जीरोश में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया था।



# जलवायु परिवर्तन विश्व के समक्ष एक बड़ी चुनौती: जीनत अमान

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जीनत अमान ने मौसमी बदलावों और जलवायु परिवर्तन को विश्व के समक्ष एक बड़ी चुनौती करार देते हुए कहा है कि यह कोई दूर की समस्या नहीं है बल्कि इस समय हमारे आसपास घटित हो रही है लेकिन हम इसे अनदेखा करते जा रहे है।

अमान ने भारत मंडपम, प्रगति मैदान में मोबियस फ़ाउंडेशन की वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सहयोग से बनी बहुप्रतीक्षित 10-एपिसोड की वृत्तचित्र श्रृंखला एम्ब्रेस ऑफ होप: द फाइट फॉर अवर फ्यूचर के प्रीमियर के अवसर पर यह बात कही। अमान ने कहा जलवायु परिवर्तन और उसके खतरों के बारे में हमें यह संदेश हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। हममें से बहुत से लोग इस विषय को लेकर उतने सक्रिय नहीं है। व्यक्तिगत रूप से और समाज के एक हिस्से के रूप में हम जलवायु परिवर्तन को केवल घटित होते हुए देखते रहे हैं लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसे लेकर गंभीर हों और इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई करें।

# हॉलीवुड फिल्म से जुड़ी श्रद्धा कपूर



**मुंबई।** डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म जूटोपिया 2 हिंदी में भी रिलीज होगी। इस हॉलीवुड फिल्म के हिंदी वर्जन में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर फिल्म के किरदार जूडी हाप्स को अपनी आवाज देंगी। यह फिल्म भारत में 28 नवम्बर को हिंदी, तमिल, तेलुगु और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी। वहीं अमेरिका में 2 दिन पहले 26 नवंबर को मूवी रिलीज होगी। फिल्म के हिंदी वर्जन की घोषणा के दौरान इवेंट में श्रद्धा ने बताया कि उन्हें जूडी हाप्स का रोल उनकी पर्सनैलिटी के काफी करीब लगा। श्रद्धा ने कहा, जूडी हाप्स का रोल मुझसे काफी मिलता-जुलता है। वो समझदार है, हमेशा पाजिटिव रहती है और उसका जो हमेशा जोश में रहने वाला स्वभाव है, उससे मैं पूरी तरह जुड़ सकती हूं। जब जरूरत होती है, तो वो सख्त होती है और वक्त आने पर नरम भी। जूडी बनकर काम करना मेरे लिए बहुत मजेदार था। जूडी हाप्स फिल्म जूटोपिया और जूटोपिया 2 की मुख्य किरदार है। श्रद्धा ने आगे बताया कि किसी एनिमेटेड किरदार को आवाज देना एक अलग तरह का अनुभव था। उन्होंने कहा, षकिसी एनिमेटेड कैरेक्टर को आवाज देना बिल्कुल अलग और मजेदार एहसास है। बचपन में हम सब कई लोगों की नकल किया करते थे और अब एक मजाकिया और कूल बनी को अपनी आवाज देना बहुत ही मजेदार रहा। मुझे अपनी आवाज को जूडी के मूड के हिसाब से बदलना पड़ता था, जब वह गुस्से में होती है या जब मस्ती कर रही होती है। यह सब एक्सप्लोर करना बहुत अच्छा लगा। इसके लिए आपको सच में उस कैरेक्टर की आवाज बनना पड़ता है। इवेंट के दौरान मीडिया को फिल्म की एक झलक भी दिखाई गई, जिसमें श्रद्धा की आवाज में जूडी हाप्स के एक्सप्रेशन और एनर्जी को दिखाया गया।

# ऐश्वर्या के भाई वाला रोल करने को तैयार थे सलमान



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और आमिर खान ने कभी एक ही फिल्म में साथ काम नहीं किया है। अब प्रोडड्यूसर रतन जैन ने बताया कि दोनों को फिल्म जोश में एक साथ कास्ट करने की प्लानिंग थी। हालांकि बाद में शाहरुख और चंद्रचूड़ सिंह ने वो रोल किए जो पहले शाहरुख और आमिर के लिए तय थे। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय भी थीं और ऐश्वर्या के भाई वाला रोल सलमान खान को भी आफर हुआ था। जिसको वो करने के लिए तैयार भी हो गए थे। हाल ही में रतन जैन ने ज्ट9 भारतवर्ष से बातचीत में बताया कि वो चाहते थे शाहरुख फिल्म में मैक्स का रोल करें, लेकिन फिल्म के डायरेक्टर मंसूर खान आमिर को मैक्स के रोल लेना चाहते थे। बता दें कि मंसूर आमिर खान के कजिन हैं। आमिर ने अपने करियर की शुरुआत मंसूर की फिल्म कयामत से कयामत तक से की थी। रतन जैन ने खिलाड़ी, बाजीगर और धड़कन जैसी हिट हिंदी फिल्मों का निर्माण किया है। रतन ने कहा, ष्हमने तय किया था कि आमिर वो रोल करेंगे जो चंद्रचूड़ ने निभाया और शाहरुख मैक्स बनेंगे। मंसूर ने कहा कि आमिर मैक्स करना चाहते हैं। मैंने कहा, 'बिल्कुल नहीं, ये रोल सिर्फ शाहरुख करेंगे, वर्ना मैं फिल्म नहीं बनाऊंगा। रतन ने बताया कि जब शाहरुख को पता चला कि आमिर भी वही रोल करना चाहते हैं, तो उन्होंने डायरेक्टर और टीम से जाइंट नरेशन रखने को कहा। रतन ने बताया, ष्नरेशन शुरू होने से पहले मंसूर ने कहा कि आमिर मैक्स करना चाहते हैं। जिसके चलते शाहरुख ने जूते पहने और चले गए। उन्होंने कहा, 'तो फिर मैं ये फिल्म नहीं करूंगा। शाहरुख के प्रोजेक्ट छोड़ने के बाद मंसूर ने मैक्स के रोल के लिए आमिर को लेने की बात कही, लेकिन रतन इस पर राजी नहीं हुए। बाद में दोनों स्टार्स ने फिल्म छोड़ दी।

## सलमान के हिट गाने ओ ओ जाने जाना का बच्चों पर हुआ था जबरदस्त असर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार और अभिनेता सोहैल खान ने बताया है कि उनके भाई सलमान खान के सुपरहिट गाना ओ ओ जाने जाना का बच्चों पर जबरदस्त असर हुआ था। सलमान खान बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं, जिन्होंने सच में लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने कई शानदार काम किए हैं और अपनी फिल्मी छवि से भी गहरा असर डाला है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है उनका गाना ओ ओ जाने जानाष में बिना शर्ट दिखना, जिसने पूरी पीढ़ी में बॉडी बनाने का शौक बढ़ाया। इससे सिर्फ बड़े लोग अपनी बॉडी बनाने और फिट रहने के लिए प्रेरित नहीं हुए, बल्कि बच्चों के मन पर भी इसका असर पड़ा। सोहैल खान ने बताया है कि कैसे बच्चे दूध पीना शुरू कर देते थे क्योंकि वे सलमान जैसी बॉडी पाना चाहते थे।




# 28 नवम्बर को रिलीज होगी मनीष मल्होत्रा की फिल्म गुस्ताख इश्क

**मुंबई।** जानेमाने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा निर्मित पहली फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवम्बर को रिलीज होगी।

मनीष मल्होत्रा की फिल्म गुस्ताख इश्क कुछ पहले जैसा ने पुराने जमाने के प्यार और उसकी खूबसूरती को फिर से जदिा करने के लिए खूब चर्चा बटोरी है।अब दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि यह फिल्म 28 नवम्बर को रिलीज होगी।

गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के लिए बहुत खास है यह उनके प्रोडक्शन हाउस स्टेज 5 प्रोडक्शन के तहत उनकी पहली फिल्म है। यह फिल्म उनके लिए फैशन और कहानी से आगे बढ़कर एक जुनूनी प्रेमकहानी है, जो क्लासिक रोमांस के दौर को फिर से लौटाने जा रही है।फिल्म के मेकर्स ने एक मोशन पोस्टर के जरिए नई रिलीज डेट का ऐलान किया है।

अब तक गुस्ताख इश्क अपने दिल छू लेने वाले म्यूजकि एल्बम से दर्शकों का दिल जीत चुकी है इसके तीन गाने उल जलूल इश्क', आप इस धूप और शहर तेरे लोगों की प्लेलिस्ट में लगातार छाए हुए हैं। ए तीनों गाने भले ही अलग हों, लेकिन इनका एहसास एक ही धागे से जुड़ा है प्यार और जुनून का। गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के करियर का एक नया और रोमांचक अध्याय है एक ऐसी फिल्म जो पुराने जमाने की कहानियों की आत्मा को संजोए हुए है, लेकिन नजरें भविष्य की ओर रखती है।दीनिश मल्होत्रा के साथ मिलकर बनाई गई यह फिल्म विभु पुरी के निर्देशन में बनी है। यह फिल्म 28 नवम्बर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अन्विता का किरदार निभाना ताजगीभरा: सुम्बुल

**मुंबई।** सोनी सब के शो इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना ताजगीभरा अनुभव रहा है। सोनी सब का चर्चित शो इत्ती सी खुशी अपनी नायिका अन्विता द्धसुम्बुल तौकीर खानऋ के माध्यम से एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत कर रहा है।एक ऐसी महिला की कहानी जो परंपराओं को चुनौती देने का साहस रखती है। जहां आमतौर पर टीवी की नायिकाएं अपने प्रियजनों के लिए हर कष्ट सहने और त्याग करने में ही महानता समझती हैं, वहीं अन्विता दर्दनाक परिस्थिति में खड़े होकर खुद के लिए खड़े होने का साहस दिखाती है।पारंपरिक नायिकाओं से अलग, जो अपनों को बचाने के लिए किसी भी हद तक चली जाती हैं, अन्विता तब भी अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देती है जब मामला उसके खुद के परिवार का हो। उसका निर्णय स्वार्थ से नहीं, बल्कि अपने छोटे भाई-बहनों की भलाई के लिए अपनी सेहत और स्थिरता को बनाए रखने की सोच से प्रेरित है।जब उसके पिता सुहास द्धवरुण बडोलाऋ को लिवर सिरोसिस का पता चलता है और उन्हें तुरंत ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, तब अन्विता को पता चलता है कि उसका लिवर मैच करता है। लेकिन तुरंत फैसला लेने के बजाय, वह ठहरकर अपने परिवार के भविष्य के बारे में सोचती है, खासकर अपने छोटे भाई-बहनों के बारे में, जो पूरी तरह उस पर निर्भर हैं। अपना लिवर दान न करने का उसका फैसला स्वार्थी नहीं, बल्कि गहरी समझ और दूरदृष्टि का प्रतीक है। अन्विता पल भर की भावना में नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लंबे भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय लेती है। वह समझती है कि उसकी सेहत और मौजूदगी उसके परिवार की स्थिरता के लिए कितनी जरूरी है। परिणाम को सोच-समझकर तौलने का उसका तरीका आज की आधुनिक और यथार्थवादी प्रेम और जिम्मेदारी की समझ को दर्शाता है। अपने भाई-बहनों की सुरक्षा चुनकर, और एक जीवन की बजाय कई जीवनों को संतुलन में रखकर अन्विता एक नई तरह की सशक्त नायिका बनकर उभरती है। उसकी कहानी दर्शकों के लिए न सिर्फ भावनात्मक बल्कि विचारोत्त.
`जक भी है , जो यह सवाल उठाती है कि क्या प्रेम का अर्थ हमेशा त्याग ही होता है? आने वाले ट्रैक के बारे में बात करते हुए सुम्बुल ने कहा, ऐसा किरदार निभाना बहुत ताजगीभरा अनुभव है, जो अपनी नायकता को आत्मसमर्पण में नहीं बल्कि अपने विश्वास पर अडिग रहने में परिभाषित करती है। अन्विता की यात्रा साहस और करुणा की है। वह अपने पिता और भाई-बहनों से बेहद प्यार करती है, और उसका निर्णय गहरे भावनात्मक संघर्ष से उपजा है। कभी-कभी अपने प्रियजनों की देखभाल का मतलब सबसे कठिन फैसले लेना होता है।



